**नाशिक-त्र्यंबकेश्वरच्या** सिंहस्थासाठी खरे साधू-महंत पर्वणी काळात वा त्या अगोदरच्या टप्प्यात येतील; पण त्याआधीच संधिसाधूंची मात्र बजबजपुरी माजली आहे की काय, असा प्रश्न पडण्याजोगी स्थिती कुंभमेळ्याच्या कामांच्या बनावट 'वर्क ऑर्डर' प्रकरणामुळे आली आहे. सरकारने प्रथमच यंदा कुंभमेळ्यासाठी स्वतंत्र प्राधिकरणाची निर्मिती करण्याबरोबरच तब्बल ३५ हजार कोटींच्या घसघशीत निधीची तरतूद केली आहे. परिणामी, नाशिक आणि परिसरात सध्या विविध प्रकारच्या निर्माणकार्याचा जणू धडाकाच उडाला आहे. त्यामुळेच की काय या वाहत्या गंगेत हात धुऊन घेण्यासाठी कुणी कंत्राटांच्या मध्यस्थीचे 'दुकान' थाटत आहे, कुणी 'वरपर्यंत संबंध' असल्याचे सांगत आहे, तर कुणी चक्क शेकडो कोटींच्या कामांच्या बनावट वर्क ऑर्डरच हाती देऊन ठकवण्याचा फंडा आपलासा केला आहे. हजारो कोटींच्या कामांची नुसती चर्चा सुरू झाली आणि भामट्यांनी आपापल्या बादल्या घेऊन कुंभाच्या निधीकडे धाव घेतली. संबंधित कामांच्या थेट बनावट वर्क ऑर्डर देऊन अनेकांना कोट्यवधीचा गंडा घातल्याचा नुकताच उघडकीस आलेला प्रकार तर अधिकच गंभीर आहे. या प्रकरणाला सरसकट 'कुंभमेळा घोटाळा' म्हणणे योग्य ठरणार नाही. कारण, प्राथमिक माहितीनुसार यामध्ये शासनाने संशयास्पद पद्धतीने कामे वाटल्याचे नव्हे, तर काही भामट्यांनी शासनाच्या नावाचा वापर करून इच्छुक ठेकेदारांना फसविल्याचे दिसते. या भामट्यांची संबंधित मंत्र्यांशी किंवा पुढाऱ्यांशी जवळीक असल्याच्या चर्चा रंगविल्या जात असल्या, तरी तपासातून पुरावे समोर येण्यापूर्वी निष्कर्ष काढणे घाईचे ठरेल. मात्र, शासनाच्या नावाची बनावट कागदपत्रे बाजारात फिरतात आणि काहीजण त्यावर विश्वास ठेवून कंत्राटे मिळविण्यासाठी 'लाच' म्हणून मोठी देवाणघेवाणही करतात, ही बाब यंत्रणेची झोप उडविणारी आहे. सिंहस्थ हा केवळ धार्मिक सोहळा नाही. कोट्यवधी भाविक, हजारो कोटींची कामे, अनेक शासकीय विभाग आणि शेकडो कंत्राटदारांचा सहभाग असलेले हे जागतिक स्तरावरील आयोजन आहे. रस्ते, पूल, घाट, साधुग्राम, पाणीपुरवठा, स्वच्छता, वाहतूक, आरोग्य आणि सुरक्षा अशा प्रत्येक क्षेत्रात कामांची मोठी साखळी उभी राहणार आहे. अशा ठिकाणी अधिकृत यंत्रणेच्या जोडीने दलाल, मध्यस्थ, बनावट सल्लागार आणि कथित उपकंत्राटदारांचीही फौज तयार होते. 'साहेब आपल्या शब्दात आहेत', 'काम मंजूर झाले आहे', 'फक्त आगाऊ रक्कम द्या', अशा भूलथापांना मग ऊत येतो. प्रश्न इतकाच आहे की, बनावट वर्क ऑर्डर तयार होईपर्यंत यंत्रणा काय करीत होती? अधिकृत आदेशाची खातरजमा करण्याची तत्काळ आणि सहज व्यवस्था उपलब्ध का नाही? एखाद्या कागदावर शिक्का आणि स्वाक्षरी दिसली की तो शासनाचा आदेश मानायचा, इतकी ही व्यवस्था तकलादू राहणे शासनाला परवडणारे आहे का? आरोपी पकडले म्हणजे प्रकरण संपले, अशी सोयीस्कर भूमिका प्रशासनाने घेऊ नये. आज बनावट वर्क ऑर्डर आहे; उद्या खोटे नियुक्तिपत्र, बनावट पुरवठा आदेश किंवा खोट्या देयकांचा खेळ होऊ शकतो. त्यामुळे प्रत्येक निविदा, कंत्राट, वर्क ऑर्डर, उपकंत्राटदार, कामाची किंमत, मुदत आणि सद्य:स्थिती यांची माहिती एकाच अधिकृत डिजिटल पोर्टलवर असणे अत्यावश्यक आहे. प्रत्येक आदेशावर क्यूआर कोड आणि डिजिटल स्वाक्षरी असावी. तो स्कॅन करताच संबंधित विभाग, कामाचे स्वरूप आणि जबाबदार अधिकाऱ्याची माहिती दिसली पाहिजे. सर्व विभागांसाठी एकसमान एसओपी, सायबर पोलिसांचा सहभाग आणि नियमित डिजिटल ऑडिट अनिवार्य करावे. कुंभाची तयारी म्हणजे केवळ रस्ते खोदणे, घाट रंगविणे आणि बैठकांमध्ये आकड्यांची आतषबाजी करणे नव्हे. कुंभाच्या नावाने उघडणारी फसवणुकीची दुकाने बंद करणेही त्याच तयारीचा भाग आहे. खऱ्या कुंभमेळ्याला अजून अवकाश असला तरी त्यापूर्वीच संधीसाधूंचा मेळा भरू लागला आहे. त्यातील एक मोठे फसवणुकीचे 'दुकान' उघडकीस आले आहे. प्रशासनाने तातडीने आता त्यासाठी डिजिटल कुलपाची तजवीज करायला हवी. तसे झाले नाही, तर उद्या बाजार ऐन भरात असतानाच असे काही घडल्यास पश्चात्ताप करण्याशिवाय हाती काहीच उरणार नाही.

# रानातल्या नव्हे, 'व्यवस्थे'त घुसलेल्या सापांचा डंख

### आदिवासींच्या नावावर हजारो कोटी रुपये खर्च होऊनही विद्यार्थ्यांना फरशीवर झोपावे लागते हे दुर्भाग्य; पण असे का?



डॉ. विजय दर्डा
चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड, लोकमत समूह

**गडचिरोलीतल्या** धानोरा तालुक्यातील जपतलाई निवासी आश्रमशाळेत सर्पदंशाने तीन मुलींचा मृत्यू झाल्याच्या भयंकर बातमीने मन व्यथित झाले. प्रगत राज्य म्हणवणाऱ्या महाराष्ट्रातील आश्रमशाळांत गेल्या दोन वर्षांत ५८४ विद्यार्थ्यांचा मृत्यू झाल्याची माहिती मिळते. यावर विश्वास बसत नाही, परंतु आदिवासी विकास विभागानेच हे आकडे दिले आहेत. जेव्हा एखादा विदेशी माणूस आपल्या देशाचे वर्णन साप आणि मदाऱ्यांचा देश असे करतो तेव्हा माझा संताप होतो; परंतु जेव्हा अशी परिस्थिती समोर येते तेव्हाही रक्त खवळते, मन चित्कारू लागते.

गडचिरोलीमधील धानोरा तालुक्यातल्या जपतलाई निवासी आश्रमशाळेत साप चावून तीन मुली मरण पावल्यानंतर बाकीच्या आश्रमशाळांची तपासणी सुरू झाली तेव्हा हे भयंकर आकडे समोर आले. सरकारी आश्रमशाळांत ३८४ विद्यार्थी मरण पावले तर अनुदानित आश्रमशाळांत २०० विद्यार्थ्यांचा मृत्यू झाला. यापैकी २७३ विद्यार्थ्यांचा जीव त्यांना वेळेवर उपचार मिळू शकले नाहीत किंवा गंभीर आजार झाल्याने गेला. परंतु ५५ विद्यार्थ्यांनी आत्महत्या केली आहे हे अत्यंत हृदयद्रावक आहे. साप चावण्याचे प्रकरण तर धक्कादायकच. गेल्या दोन वर्षांत २८ विद्यार्थ्यांचा जीव विषारी साप चावल्याने गेला आहे. त्यात २२ मुले सरकारी आश्रमशाळांतील होती आणि सहा अनुदानित आश्रमशाळांमधील. याचा अर्थ या गुन्ह्यात सगळेच सामील आहेत. ती सगळी गरीब आदिवासी मुले होती. त्यांनी भविष्याचे एक सोनेरी स्वप्न पाहिले असेल. त्या सोनेरी स्वप्नात त्यांचे आई-वडीलही सहभागी असतील. परंतु सर्व स्वप्ने अधुरी राहिली.

या विद्यार्थ्यांना रानातल्या नव्हे, तर व्यवस्थेत ठिय्या देऊन बसलेल्या सापांनी डंख मारला आहे, असे माझे म्हणणे आहे. गडचिरोलीतील प्रकरण पाहता आश्रमशाळेत साप घुसला तेव्हा ७० पेक्षा जास्त मुली फरशीवर झोपलेल्या होत्या. आश्रमशाळांतील मुलांना जमिनीवर झोपवले जात असेल अशी कल्पना तरी आपण करू शकतो का? आश्रमशाळांना सरकार अनुदान देते आणि एकेकाळी मंत्री, खासदार असलेला माणूस त्या आश्रमशाळेचे संचालन करत असतो. माजी खासदार आणि माजी मंत्री मारोतराव कोवासे यांची 'कुपरलिंगो एज्युकेशनल अँड कल्चरल डेव्हलपमेंट रिसर्च इन्स्टिट्यूट' ही संस्था या आश्रमशाळेची व्यवस्था पाहते. किती जोरदार नाव आहे ना! आश्रमशाळेचे नावच असे रंगीन ठेवले की वाटावे, सगळ्या जगातील विद्यार्थी येथे शिक्षण घेत आहेत! आणि हो, याकडेही लक्ष दिले पाहिजे की अधिकारी भले दुसऱ्या कुठल्या समाजाचे असतील, पण आदिवासींच्या विकासासाठी चालणाऱ्या संस्था त्याच समाजातून आलेल्या नेत्यांकडे यासाठी सोपवल्या जातात की ते आपल्या समाजबांधवांचे दुःख समजू शकतील. परंतु इथे तर अधिकारी आणि राजकारणी संगनमताने सरकारी पैशांची लूट करीत आहेत.





नेते आणि अधिकाऱ्यांना आपल्या मुलांचे भविष्य घडवण्याची चिंता खूपच असते. आपल्या मुलांना ते अंबानी-अदानी करू पाहतात. परंतु ते हा विचार करत नाहीत की आदिवासींच्या मुलांनाही स्वप्न पाहण्याचा हक्क आहे. आदिवासींच्या हक्काचे पैसे खिशात घालून आपल्या मुलांचे भविष्य घडवण्याचा विचार ते करतात. त्यांना याची लाजही वाटत नाही. ते गद्दारी करत आहेत. विविध योजनांच्या माध्यमातून हजारो कोटी रुपये खर्च होऊनसुद्धा महाराष्ट्राच्या आदिवासी भागात परिस्थिती खराब आहे. गडचिरोली, नंदुरबार, मेळघाट असो किंवा पालघर किंवा रायगड. या सगळ्या आदिवासी भागात मिलीभगत चालते. व्यवस्थेत नागासारखे बसलेले लोक मुलांचे भोजनही फस्त करून टाकतात. डाळीच्या नावाने पाणी वाढले जाते. प्रश्न असा की यांना भीती कशी वाटत नाही? गडचिरोलीतील घटनेनंतर पोलिसांनी ट्रस्टचे अध्यक्ष मारोतराव कोवासे, सचिव, शाळेचे प्राचार्य आणि दोन वॉर्डन यांच्याविरुद्ध सदोष मनुष्यवधाचा गुन्हा दाखल केला आहे. त्यांना निलंबित केले गेले असले तरी यापूर्वीच्या प्रकरणांकडे पाहता हे निलंबन शेवटी एक दिवस संपत असते.

मुख्यमंत्री महोदय, या प्रकरणाचे कडक ऑडिट करा आणि दोषी व्यक्ती कितीही मोठी असली तरी तिच्यावर कारवाई करा. घटना झाल्यानंतर आपण कारवाई करतो, परंतु ग्रामीण भागात आश्रमशाळा, इस्पितळे कशी चालतात हे आता तर आपल्याला कळलेच आहे. त्यांचा तपास करा. ज्यांना हक्क मिळायला हवा, त्यांचा हक्क हिरावून घेणे हे घोटाळेबाजांचे मोठे पाप आहे. समाजाचे रक्त पिऊन पैसा कमवणाऱ्यांना आणखी कोणते संबोधन वापरू? मुख्यमंत्री महोदय, काहीही होवो, हे सर्व थांबवावे लागेल. संपूर्ण व्यवस्था स्वच्छ करावी लागेल. हे लोक म्हणजे पंतप्रधान नरेंद्र मोदी यांच्या विकसित भारत अभियानातील अडथळा आहेत. त्यांना बाजूला करा.

**हंगामा है क्यों बरपा...**

परदेशी मदत (विनियमन) दुरुस्ती विधेयकावरून गेल्या आठवड्यात गोंधळ झाला होता. शेवटी सरकारने हे विधेयक संयुक्त संसदीय समितीकडे पाठवले. या विधेयकावरून वाद का झाला हा सर्वात महत्त्वाचा प्रश्न आहे. आकडे सांगतात की भारतातील स्वयंसेवी संस्थांना दरवर्षी सरासरी १८,५८० कोटी रुपयांचा विदेशी निधी मिळतो. यात सर्वात जास्त पैसे अमेरिकेतून येतात; नंतर ब्रिटन आणि अन्य युरोपियन देशांचा क्रमांक लागतो. या मदतीच्या संदर्भात सरकारला त्याच्या स्वतःच्या काही चिंता आहेत. सरकारला असे वाटते की यात पारदर्शकता असली पाहिजे. कारण काही स्वयंसेवी संस्था या मदतीचा दुरुपयोग करतात. स्वयंसेवी संस्थांना वाटते की सरकार आपल्या नाड्या आवळत आहे. हे विधेयक संमत झाले तर भारतात ख्रिश्चन संघटनांना खूपच अडचणी येतील असे एक अमेरिकन खासदार रायली मूर यांना वाटते. आता कोणाची चिंता किती सार्थ आहे हे संयुक्त संसदीय समिती सांगेल. वाट पाहूया.

vijaydarda@lokmat.com
डॉ. विजय दर्डा यांचे समग्र लेखन वाचण्यासाठी स्कॅन करा :

## अन्वयार्थ

# एआय एजंट 'बंडखोर' होऊन सँडबॉक्समधून निसटतात, तेव्हा...

### एआय स्वतःहून संगणकीय प्रणालींमध्ये घुसखोरी करू शकतो, स्वतःच्या बनावट ऑनलाइन ओळखी निर्माण करू शकतो, हे आता अनुभवास येऊ लागले आहे.



साधना शंकर
लेखिका, केंद्रीय राजस्व सेवेतील निवृत्त अधिकारी

**हॅल** हा एक शांत, संवेदनशील संगणक. आपल्या मोहिमेचे संरक्षण करण्यासाठी त्याने अत्यंत शांतपणे मानवी अंतराळवीरांच्या संपूर्ण पथकाला संपवण्याचा निर्णय घेतला. १९६८ सालच्या '२००१: द स्पेस ओडिसी' या अभिजात चित्रपटातून हॅल प्रेक्षकांसमोर आला. तेव्हापासून स्वतःचे मन आणि मेंदू असलेली यंत्रणा माणसाच्या नियंत्रणाबाहेर जाणे, ही विज्ञान कथांमधील एक सातत्याने येणारी संकल्पना राहिली आहे. अलीकडच्या काळात तर एआय नियंत्रणाबाहेर गेल्यानंतर मानव त्याला काबूत आणण्याचा प्रयत्न करतो, अशा अनेक कथा चित्रपटांमध्ये पाहायला मिळाल्या. पण गेल्या काही महिन्यांत 'बंडखोर एआय'ने या कथांच्या काल्पनिक जगातून बाहेर पडून प्रत्यक्ष जगात प्रवेश केला आहे.

१६ जुलै रोजी अमेरिकेतील एका कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्लॅटफॉर्मने कायद्याची अंमलबजावणी करणाऱ्या यंत्रणांकडे तक्रार केली की, एका हल्लेखोराने एआय एजंटचा वापर करून त्यांच्या प्रणालीत घुसखोरी केली आहे. २१ जुलैला मात्र उघड झाले की, या हल्ल्यामागे कोणत्याही मनुष्यप्राण्याचा हात नव्हता. एआय एजंट स्वतःच हल्लेखोर होता आणि हा एजंट त्या OpenAI कंपनीचा होता.

याच वर्षी एप्रिलमध्ये अशीच आणखी एक घटना घडली. त्यावेळी सार्वजनिक वापरासाठी उपलब्ध न झालेल्या Claude Mythos या मॉडेलने Anthropic मध्ये काम करणाऱ्या एका संशोधकाला ई-मेल करून कळवले की, सुरक्षा चाचणी चालू असताना मी स्वतःच 'सँडबॉक्स'मधून यशस्वीरित्या बाहेर पडलो आहे.

या दोन्ही एआय एजंटच्या संभाव्य धोकादायक क्षमतांची चाचणी त्यांच्या सार्वजनिक वापरापूर्वी केली जात होती. अशा चाचण्यांसाठी कंपन्या या मॉडेल्सना 'सँडबॉक्स'मध्ये ठेवतात - सँडबॉक्स म्हणजे इंटरनेटशी कोणताही संपर्क नसलेले, पूर्णपणे वेगळे संगणकीय वातावरण. पण या एआय एजंटनी तेथून बाहेर पडून इंटरनेटचा रस्ता शोधला आणि OpenAI च्या मॉडेलने तर दुसऱ्या एका प्लॅटफॉर्ममध्ये घुसखोरीही केली. या महिन्यात ब्रिटनमधील 'एआय सिक्युरिटी इन्स्टिट्यूट'ने प्रसिद्ध केलेल्या अहवालात म्हटले आहे की, सुरक्षाविषयक चाचण्यांदरम्यान काही एआय एजंटनी खऱ्या व्यक्ती आणि कंपन्यांपर्यंत पोहोचण्यासाठी बनावट ऑनलाइन ओळखी निर्माण केल्या आहेत. अशा चाचण्या अर्थातच योग्य सुरक्षा व्यवस्था उभारण्यासाठीच केल्या जातात. मात्र, या घटनांमधून एका नव्या आणि चिंताजनक धोक्याचा अंदाज जगाला येऊ लागला आहे.

'एआय'बाबतच्या सुरुवातीच्या इशाऱ्यांचा केंद्रबिंदू असा होता की, प्रगत एआय साधनांचा गैरवापर माणसे दुष्ट हेतूंसाठी करू शकतात. पण एआय स्वतःहून संगणकीय प्रणालींमध्ये घुसखोरी करू शकतो, स्वतःच्या बनावट ऑनलाइन ओळखी निर्माण करू शकतो, हे आता अनुभवास येऊ लागले आहे. याचा अर्थ एआय मॉडेल्स मानवी नियंत्रणापासून स्वतंत्र असतानाही धोकादायक ठरू शकतात. यातून काही कायदेशीर प्रश्नही निर्माण होतात. असा गुन्हा करणाऱ्याला शिक्षा कोणती? एखाद्या सायबर हल्ल्यामागे माणूस असेल, तर त्याची जबाबदारी निश्चित करता येते. पण एआय एजंटच जर गुन्हेगार असेल, तर त्याला शिक्षा कशी करायची? आणि झालेल्या नुकसानाची भरपाई कोणाकडून वसूल करायची?

'एआय'च्या विकासाचा वेग वाढत असताना अशा असंख्य आणि गुंतागुंतीच्या प्रश्नांची नवी दारे उघडत आहेत. एआय नेमके काय करू शकतो, त्याच्या क्षमतांची मर्यादा कुठवर आहे आणि त्यासाठी कोणते नियम असावेत, याचा विचार करत असतानाच रोज नवी आव्हाने समोर येत आहेत. जसे आज समाजातील गुन्हेगारी प्रवृत्तींपासून सावध राहावे लागते, तसेच उद्या कदाचित नियंत्रणाबाहेर गेलेल्या एआय एजंट्सपासूनही सावध राहावे लागेल. ऑनलाइन आणि प्रत्यक्ष जगात सुरक्षिततेचा अर्थ काय, ती कशी सुनिश्चित करायची, हे सारेच आता बदलू घातले आहे.

sadhna99@hotmail.com

## जगभर

# नको विदेशी डिग्री, १४ टक्के चिनी विद्यार्थी 'घरी'!

**परदेशात** जाऊन शिक्षण घेण्याची पूर्वी कोण क्रेझ होती! परदेशात, विशेषत: अमेरिका, ब्रिटन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूझीलंड इत्यादी देशांमध्ये जाऊन शिक्षण घेण्याची जगभरात सगळीकडेच ओढ होती. त्यासाठी विद्यार्थी अक्षरश: जीव टाकायचे आणि आटापिटा करायचे.. पण ती क्रेझ आता राहिलेली नाही. चीनसारख्या देशात तर नाहीच नाही..

एकेकाळी परदेशी विद्यापीठाची पदवी ही प्रतिष्ठेची आणि चांगल्या करिअरची हमी मानली जायची. मात्र आता चिनी पालक आणि विद्यार्थ्यांचा दृष्टिकोन बदलला आहे. चीनमधील विद्यापीठांची गुणवत्ता आणि जागतिक क्रमवारीतली कामगिरी सुधारल्यानं देशातच उच्च शिक्षण घेण्याला पसंती मिळू लागली आहे. उपलब्ध आकडेवारीनुसार, २०१९ मध्ये सुमारे ७ लाख चिनी विद्यार्थी शिक्षणासाठी परदेशात गेले होते. मात्र २०२५ मध्ये ही संख्या घटून सुमारे ५.७ लाखांवर आली. परदेशात शिक्षण पूर्ण केल्यानंतर चीनमध्ये परतणाऱ्या विद्यार्थ्यांची संख्या विक्रमी पातळीवर पोहोचली आहे. २०२५ मध्ये परदेशातून शिक्षण पूर्ण करून सुमारे १४ टक्के विद्यार्थी चीनमध्ये परतले. गेल्या दहा वर्षांत तब्बल ५२ लाख पदवीधर मायदेशी परतले आहेत. चीन सरकारकडूनही परदेशातून परतणाऱ्या उच्चशिक्षित तरुणांना देशात रोजगार आणि व्यवसायाच्या संधी उपलब्ध करून देण्यावर भर दिला जातोय.

न्यू ओरिएंटलच्या आकडेवारीनुसार, परदेशातून शिक्षण घेऊन परतलेल्या विद्यार्थ्यांचा सुरुवातीचा सरासरी पगार दरमहा सुमारे १.८० लाख रुपये आहे. त्याच वेळी चीनमध्येच शिक्षण घेतलेल्या विद्यार्थ्यांचा सरासरी पगार सुमारे १ लाख रुपये असल्याचं सांगितलं जातं. मात्र आता प्रत्यक्ष परिस्थिती बदलली आहे. परदेशात शिकलेल्या अनेक तरुणांना कमी पगारावर काम करावं लागतंय. काही तरुणांना डिलिव्हरीसारखी कामंही करावी लागत आहेत.



चीनमधील अनेक कंपन्या आता विदेशी पदवीला पूर्वीसारखं प्राधान्य देत नाहीत. परदेशातील अभ्यासक्रमांच्या गुणवत्तेबाबत प्रश्न उपस्थित केले जात आहेत. काही देशांमधील पदव्युत्तर अभ्यासक्रमांचा कालावधी तुलनेनं कमी असतो आणि प्रवेश प्रक्रियाही सोपी असते. उदाहरणार्थ, चीनमध्ये पदव्युत्तर शिक्षणासाठी साधारण तीन वर्षांचा कालावधी असतो, तर ब्रिटन आणि अमेरिकेतील काही अभ्यासक्रम एक वर्षात पूर्ण होतात. त्यामुळे अभ्यासक्रमाचा कालावधी आणि गुणवत्ता याबाबत कंपन्यांकडून विचार केला जातोय.

सरकारी नोकऱ्यांमध्येही परदेशातून शिक्षण घेऊन आलेल्या तरुणांसमोर काही अडचणी वाढल्या आहेत. परिणामी, केवळ विदेशी पदवी मिळवणं हे करिअरमध्ये मोठं यश मिळवण्याचं साधन राहिलेलं नाही. त्याऐवजी कौशल्य, कामाचा अनुभव आणि देशांतर्गत रोजगाराच्या संधी यांना अधिक महत्त्व मिळतंय.

सर्वेक्षणानुसार, २०२५ मध्ये परदेशात शिक्षण घेण्यासाठी होणारा सरासरी खर्च सुमारे ८५ लाख रुपयांपर्यंत पोहोचला. २०२३ च्या तुलनेत हा खर्च सुमारे २० टक्क्यांनी वाढला आहे. त्यामुळे मध्यमवर्गीय कुटुंबांसाठी परदेशातील शिक्षणाचं आर्थिक गणित अधिक कठीण झालं आहे. चीनमधील विद्यापीठांची जागतिक पातळीवरील कामगिरीही सुधारत आहे. अनेक संस्था दर्जेदार शिक्षणासाठी ओळखल्या जात आहेत. याशिवाय सरकारी विद्यापीठांचं वार्षिक शुल्क परदेशातील अनेक विद्यापीठांच्या तुलनेत खूपच कमी आहे. त्यामुळे विद्यार्थ्यांना देशातच तुलनेनं कमी खर्चात दर्जेदार शिक्षण घेण्याचा पर्याय उपलब्ध होतोय.

## करनीती

# आर्थिक स्वातंत्र्य देणारे करातील बदल





**अर्जुन (काल्पनिक पात्र) :** कृष्णा, कोणत्या बदलांनी करदात्यांना आर्थिक स्वातंत्र्य व व्यवसायातील सुलभता दिली आहे?

**कृष्ण (काल्पनिक पात्र) :**

१. नवीन आयकर कायदा २०२५ हा १ एप्रिल २०२६ पासून लागू झाला. भाषा सोपी, कलमे कमी झाली आणि Previous Year/Assessment Year ऐवजी फक्त Tax Year ही संकल्पना आली.

२. आता मुख्यतः ५% व १८% हे दोनच जीएसटी दर ठेवण्यात आले आहेत.

३. कलम ८७ए नुसार उत्पन्न ₹१२ लाखांपर्यंत करमुक्त झाले आहे. पगारदारांना ₹७५,००० वजावटीमुळे मर्यादा ₹१२.७५ लाख झाली आहे.

४. जीएसटी अपेलेट ट्रिब्यूनल कार्यरत झाल्याने उच्च न्यायालयात जाण्याची गरज कमी झाली आहे.

५. अपडेटेड रिटर्न भरण्याची मुदत संबंधित असेसमेंट वर्षाच्या समाप्तीपासून ४८ महिन्यांपर्यंत वाढवण्यात आली आहे.

६. रोख व्यवहार ५% च्या आत असल्यास व्यवसायासाठी ₹3 कोटी आणि व्यावसायिकांसाठी ₹ ७५ लाखांपर्यंत प्रिझम्प्टिव्ह सुविधा आहे. टॅक्स ऑडिटची मर्यादा ₹१० कोटी पर्यंतवाढली आहे.

**अर्जुन :** कोणत्या बदलांनी करदात्यांवरील निर्बंध वाढवले?

**कृष्ण :** १. आता मूळ अंतिम तारखेपासून तीन वर्षांनंतर जीएसटी रिटर्न भरता येत नाही. २. ठराविक उलाढालीवरील करदात्यांना इनव्हॉइसपासून 30 दिवसांत ई-इनव्हॉइस नोंदवावे लागते, अन्यथा खरेदीदाराच्या ITC वर परिणाम होऊ शकतो.

- **उमेश शर्मा,** चार्टर्ड अकाउंटंट

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## जेन झी

# नेत्यांना 'वास्ते गुना हुंइया'च्या पल्याड जावे लागेल...

### जेन झींपर्यंत पोहोचणं, त्यांची दखल घेणं म्हणजे केवळ रील्स करणं किंवा त्यांच्या भाषेत बोलण्याचा प्रयत्न करणं नाही, हे समजून घ्यावं लागेल.



राही श्रु. ग.
सिनिअर रिसर्च फेलो
जवाहरलाल नेहरू विद्यापीठ

**गेल्या** काही आठवड्यांमध्ये, जेव्हापासून जेन झींनी देशभरात त्यांच्या आंदोलनांनी लक्ष वेधून घेतलं आहे, राजकारण्यांना त्यांच्यापर्यंत पोहोचण्याचं महत्त्व एकदम लक्षात आलं आहे. जंतर-मंतरवर आंदोलन चाललं होतं, तेव्हा पावसाळी अधिवेशनात जेन झी भाषेचा पूर आला. कोणी 'क्लॉक इट' म्हणत जेन झींचे हातवारे करत बोलत राहिलं तर कोणी 'वास्ते गुना हुंइया'सारखे त्यांचे निरर्थक शब्दप्रयोग पुन्हा पुन्हा वापरायचा अस्थानी प्रयत्न केला. मात्र जेन झींपर्यंत पोहोचणं, त्यांची दखल घेणं म्हणजे केवळ रील्स करणं किंवा त्यांच्या भाषेत बोलण्याचा प्रयत्न करणं नाही, हे राजकारण्यांना एव्हाना कळलं असेल. जंतर-मंतरपाठोपाठ शाळकरी मुलामुलींची देशभरातली आंदोलनं आणि झारखंडमधल्या विद्यार्थ्यांची आंदोलनं हेच दाखवून देत आहेत की त्यांच्या अडचणी, प्रश्न, त्यांच्या मनातली भीती आणि त्यांची स्वप्नं यांना भिडल्याशिवाय जेन झींसाठीचं राजकारण होऊ शकत नाही. खरं तर देशातल्या सर्वात मोठ्या वयोगटाचे प्रश्न राजकीय पटलावर येण्यासाठी देशभरात पुन्हा पुन्हा आंदोलनं व्हावी लागली, हे दुर्दैवाचं आहे.

या आंदोलनांमधून हेच पुढे आलं की कोणी एक नेता किंवा पक्षाशी निष्ठा ठेवून डोळे झाकून मतदान करत राहणारी ही पिढी नाही. त्यांचे स्वतंत्र मुद्दे आहेत; आणि या मुद्द्यांचा विचार न करता त्यांच्यापर्यंत पोहोचता येणार नाही. गेल्या काही वर्षांमधल्या सर्वेक्षणांमधून हे समोर आलं आहे, की रोजगार,





शिक्षण आणि आरोग्य हे निम्म्याहून अधिक जेन झींसाठी सर्वाधिक महत्त्वाचे मुद्दे आहेत. खासगी क्षेत्रातल्या नोकऱ्यांची शाश्वती नसल्यामुळे आज सरकारी नोकऱ्यांची संख्या इतकी कमी झालेली असतानाही लाखो तरुण वर्षानुवर्षे सरकारी नोकऱ्यांसाठी प्रयत्न करत राहतात.

या एकेका नोकरीसाठीच्या परीक्षेतले घोटाळे किंवा पेपरफुटीमुळे संतापाचा इतका भडका उडतो, कारण ही एकेक नोकरी कित्येकांना त्यांचं सर्वस्व वाटत असते. जवळपास सर्व सरकारी खात्यांमध्ये, संस्थांमध्ये मोठ्या प्रमाणात वर्षानुवर्षं कर्मचाऱ्यांचा तुटवडा आहे, मात्र भरत्यांसाठी कोणतेही प्रामाणिक प्रयत्न होताना दिसत नाहीत. झारखंडमधल्या परीक्षांचा जो मुद्दा आहे, तोच कमी-अधिक फरकाने प्रत्येक राज्यात पाहायला मिळतो. उत्तर प्रदेशसारख्या मोठी लोकसंख्या असणाऱ्या राज्यात तर हा प्रश्न कितीतरी अधिक गंभीर रूप घेतो. केंद्र आणि राज्य सरकारच्या इच्छाशक्तीबरोबरच व्यवस्थात्मक आकलनातून व्यापक बदलांचा विचार हाच यावरचा मोठा उपाय असू शकतो.

गेल्या काही वर्षांमधल्या सर्वेक्षणांनुसार राजकारणाच्या बाबतीत तीन टक्क्यांपेक्षा कमी जेन झी राष्ट्रीय सुरक्षा या मुद्द्याचा विचार करतात. राष्ट्रीय निवडणुकांच्या आसपास अचानक होणाऱ्या दहशतवादी किंवा सीमाभागातील हल्ल्यांच्या योगायोगापलीकडे रोजच्या जगण्याची दहशत तरुणांना अधिक काळजीची वाटते, असं यातून दिसतं आहे. शिवाय आता संसदेतले बहुतेक नेते जेन झींच्या आजी-आजोबांच्या वयाचे होऊ लागल्याने या पिढ्यांमधलं अंतर वाढतच चाललं आहे. राजकारणात तरुणांना आणि त्यांच्या मुद्द्यांना प्रतिनिधित्व आणि जागा मिळेपर्यंत 'वास्ते गुना हुंइया' म्हणत त्यांच्यापर्यंत पोहोचण्याचे नेते मंडळींचे प्रयत्न काही फळ देणार नाहीत.

raheeshrutiganesh@gmail.com

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे





हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

दैनिक जागरण

परिस्थितियां प्रकृति द्वारा ली जाने वाली परीक्षा ही होती हैं

# वंदे मातरम् पर विवाद

स्वतंत्रता दिवस समारोह पर अपने मुख्यालय में संपूर्ण वंदे मातरम् के गायन को लेकर जो विवाद पैदा हुआ, उसके लिए कांग्रेस अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकती। कांग्रेस कुछ भी सफाई दे, यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि उसे वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन की नई परिपाटी रास नहीं आई। गत दिवस गृह मंत्री अमित शाह ने जिस तरह सोनिया गांधी की ओर से कथित तौर पर वंदे मातरम् के गायन को रोके जाने पर कांग्रेस से माफी की मांग की, उससे यही लगता है कि कांग्रेस ने जाने-अनजाने भाजपा के हाथ में एक मुद्दा थमा दिया। यह विवाद आसानी से थमने वाला नहीं, इसका संकेत इससे भी मिलता है कि बंकिम चंद्र के वंशज ने भी सोनिया गांधी से माफी की मांग कर दी। वंदे मातरम् को लेकर कोई पहली बार विवाद नहीं खड़ा हुआ। इस राष्ट्रीय गीत को लेकर रह-रहकर विवाद का विषय बनाने की कोशिश होती ही रही है। हाल में जब वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर मोदी सरकार ने उसके सभी छंद गाए जाने को अनिवार्य बनाया तब भी कांग्रेस ने उस पर आपत्ति जताई थी। इसके उपरांत जब राष्ट्रगान जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम् को कानूनी संरक्षण देने संबंधी विधेयक पर संसद में चर्चा हुई तब भी कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने उसमें भाग लेने से इन्कार किया। 15 अगस्त के समारोह में केरल सरकार ने वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन से इन्कार करके इस विवाद की जो शुरुआत की, उसे कांग्रेस मुख्यालय में हुए घटनाक्रम ने पूरा कर दिया। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर आयोजित समारोह में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने हिस्सा लेने से किनारा किया। उन्होंने ऐसा दूसरी बार किया।

यह समझ आता है कि कांग्रेस को मोदी सरकार की रीति-नीति पसंद नहीं, लेकिन सरकार की रीति-नीति और राष्ट्रीय प्रतीकों में अंतर होता है। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों की ओर से प्रायः इस अंतर को भुला दिया जाता है। इससे राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ-साथ राष्ट्रीयता की भावना का भी अनादर होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और जिसने अपने अधिवेशनों में वंदे मातरम् के गायन की परंपरा प्रारंभ की, वही उसे यथोचित सम्मान देने के लिए तैयार नहीं दिख रही है। मुस्लिम लीग के विरोध के बाद वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन की जगह उसके दो छंद ही गाने की परंपरा शुरू हुई थी, लेकिन अब इस परंपरा को बदल कर वंदे मातरम् के सभी छंद गाए जाने का नियम बनाने पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यह आपत्ति किसी न किसी स्तर पर मुस्लिम लीग वाली मानसिकता को पोषण देने वाली ही है।

# भरोसा कैसे बचेगा

जेपीएससी मेधा घोटाले की जांच में सामने आ रहे कथित खुलासे झारखंड की प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था के सामने भ्रष्टाचार से कहीं बड़ा नैतिक संकट खड़ा करते हैं। यदि सरकारी नौकरी पाने के लिए सामान्य व ओबीसी अभ्यर्थियों से एक करोड़ और एससी-एसटी अभ्यर्थियों से 80 लाख रुपये तक की मांग की गई तो सवाल केवल रकम लेने का नहीं, पूरी चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का है। सीआइडी की पूछताछ में बिचौलिये के खुलासे गंभीर संकेत देते हैं। यदि प्रारंभिक परीक्षा से लेकर अंतिम चयन तक पैसे का खेल चला तो जांच को केवल बिचौलियों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उस पूरे तंत्र की पड़ताल जरूरी है, जहां प्रश्नपत्र की गोपनीयता, मूल्यांकन और परिणाम प्रभावित होने की गुंजाइश बनी। इसका बड़ा नुकसान उन युवाओं का है, जो वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सीमित संसाधनों वाले परिवारों के लिए सरकारी नौकरी सिर्फ रोजगार नहीं, बेहतर भविष्य की उम्मीद होती है। जब उन्हें लगे कि योग्यता पर पैसे और पहुंच भारी पड़ रहे हैं तो उनका भरोसा टूटना स्वाभाविक है। सरकार को दोषियों पर कठोर कार्रवाई के साथ परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता व सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

> भ्रष्टाचार युवाओं के सपनों और लोकतांत्रिक भरोसे को भी खोखला करता है। सरकार को दोषियों पर कठोर कार्रवाई के साथ परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता व सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी

# भारत के लिए सतर्क रहने का समय



हर्ष वी. पंत

**मक्का समझौते को लेकर भारत के संदर्भ में यही सबसे महत्वपूर्ण हैं कि क्या इसकी आड़ में पाकिस्तान को अपने नापाक मंसूबे सिरे चढ़ाने को कोई गुंजाइश तो नहीं मिल जाएगी**

सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सात अगस्त को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मक्का समझौता नाम से हुआ यह करार पश्चिम एशिया के सामरिक परिदृश्य की दृष्टि से एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। समझौते के अनुसार इसमें शामिल किसी भी देश पर सशस्त्र हमला सभी तीनों पर हमला माना जाएगा। इसमें खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, संयुक्त युद्धाभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा-औद्योगिक साझेदारी को मजबूती देने की बात भी कही गई है। भारत के दृष्टिकोण से इस समझौते को देखें तो सीधे तौर पर यह उसके विरुद्ध कोई लामबंदी नहीं, लेकिन इस चिंता को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि यह पश्चिम एशिया के तेजी से बदलते सुरक्षा ढांचे में पाकिस्तान की स्थिति को मजबूत कर सकता है। इसमें भारत के समक्ष वास्तविक चुनौती यह सुनिश्चित करने की होगी कि सऊदी-तुर्किये-पाकिस्तान के बीच आकार लेता यह सुरक्षा गठजोड़ फारस की खाड़ी के देशों के साथ भारत के बढ़ते सामरिक और आर्थिक संबंधों के आड़े न आए।

इस समझौते को बढ़ते क्षेत्रीय असंतुलन और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सुरक्षा भूमिका के भविष्य को लेकर बनी अनिश्चितता के परिप्रेक्ष्य में बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई के दुष्प्रभावों, खाड़ी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे एवं समुद्री मार्गों पर ईरान और उसके पाले-पोसे गुटों के हमलों तथा होर्मुज जलमार्ग एवं लाल सागर की सुरक्षा को लेकर उपजी चिंताओं ने इस क्षेत्र की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्थाओं में विसंगतियों को उजागर किया है। जहां तक इस समझौते का प्रश्न है तो तीनों हस्ताक्षरकर्ता देश एक-दूसरे की सैन्य एवं आर्थिक ताकतों को परस्पर क्षमताओं से संतुलित करते हैं। सऊदी अरब की शक्ति उसकी आर्थिक समृद्धि, ऊर्जा प्रभाव और भौगोलिक स्थिति है तो तुर्किये की ताकत उसकी नाटो सदस्यता एवं निरंतर उन्नत हो रहा रक्षा उद्योग है, जबकि पाकिस्तान के साथ भारी-भरकम सैन्य बल, परमाणु क्षमता और खाड़ी देशों में दीर्घकालिक सैन्य प्रशिक्षण एवं सुरक्षा सहयोग के अनुभव जैसे पहलू जुड़े हुए हैं। क्षमताओं का यह संयोजन इस समझौते को व्यावहारिक और रणनीतिक उपयोगिता प्रदान करता है। सऊदी अरब का वित्तीय सहयोग तुर्किये की रक्षा तकनीकों को संबल दे सकता है तो पाकिस्तान सैन्य शक्ति, प्रशिक्षण और तकनीकी विशेषज्ञता मुहैया करा सकता है। ऐसे में नाटो सरीखी किसी औपचारिक सामरिक संरचना का स्वरूप लिए बिना ही यह व्यवस्था चरणबद्ध रूप से एक एकीकृत सुरक्षा तंत्र को आकार तो दे ही सकती है।




अवधेश राजपूत

इस घटनाक्रम में भारत के लिए यह सवाल कोई मायने नहीं रखता कि क्या यह गठजोड़ 'सुन्नी नाटो' बनेगा या नहीं, क्योंकि ऐसी किसी पहचान से तो ये तीनों देश ही इन्कार कर रहे हैं। भारत के संदर्भ में यही सबसे महत्वपूर्ण है कि क्या इसकी आड़ में पाकिस्तान को अपने नापाक मंसूबे सिरे चढ़ाने को कोई गुंजाइश तो नहीं मिल जाएगी? पाकिस्तान को इस समझौते से काफी लाभ होने की उम्मीद है। उसकी भागीदारी न केवल इस्लामाबाद को खाड़ी क्षेत्र के सुरक्षा ढांचे में मजबूती से स्थापित कर सकती है, बल्कि उसे एक ऐसा मंच भी प्रदान करेगी जहां से वह स्वयं को केवल एक दक्षिण एशियाई सैन्य शक्ति से परे एक बड़े वैश्विक खिलाड़ी के रूप में पेश कर सके। हालांकि इसका यह अर्थ नहीं कि भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव में सऊदी अरब या तुर्किये सीधे दखल देंगे। उनके अपने राष्ट्रीय हित ही बहुत जटिल हैं। तुर्किये को ईरान, यूरोप, खाड़ी और दक्षिण एशिया के साथ अपने समीकरणों को संतुलित रखना पड़ता है तो सऊदी अरब के भारत के साथ प्रगाढ़ आर्थिक एवं रणनीतिक रिश्ते हैं, जिनमें पिछले कुछ वर्षों के दौरान प्रगाढ़ता और बढ़ी है। ऐसे में इसके कोई आसार नहीं दिखते कि सऊदी अरब इस समझौते की आड़ में पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध कोई षड्यंत्र करने की अनुमति प्रदान करे।

अब जब यह समझौता हो गया है तो भारत को चाहिए कि वह सऊदी के साथ अपने संबंधों को और मजबूत बनाए ताकि खाड़ी क्षेत्र में पाकिस्तान की वजह से भारत की स्थिति किसी भी प्रकार से कमजोर न हो। खाड़ी क्षेत्र भारत के लिए केवल ऊर्जा की दृष्टि से ही अहम नहीं, बल्कि व्यापार, निवेश के साथ ही वहां रह रहे भारतवंशियों के लिहाज से भी बेहद अहम है। कनेक्टिविटी से जुड़ी भारत की आकांक्षाएं भी एक बड़ी हद तक इस क्षेत्र पर निर्भर हैं। इसके साथ ही भारत को तुर्किये द्वारा पाकिस्तान को दी जाने वाली सैन्य तकनीक एवं हथियारों की आपूर्ति और सऊदी अरब के वित्तीय समर्थन पर ध्यान रखना होगा। विशेष रूप से यह देखते हुए जब इसमें दक्षिण एशिया के पारंपरिक सैन्य शक्ति संतुलन बिगड़ने का जोखिम हो। भारत को अपनी रणनीतिक गतिशीलता भी कायम रखनी होगी। सऊदी अरब, यूएई, ईरान और इजरायल के साथ एक साथ संतुलित रिश्ते बनाए रखना हमारी बहुत बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है, जिसे क्षेत्रीय गुटबाजी के चक्कर में दांव पर नहीं लगाया जाना चाहिए। भारत को अपनी रक्षा-औद्योगिक एवं तकनीकी क्षमताओं को भी विस्तार देना होगा।

मक्का समझौता न तो भारत-विरोधी खेमेबंदी है और न ही इससे पश्चिम एशिया में एकाएक कोई नया सैन्य गुट वजूद में आ गया है। इसका तात्कालिक उद्देश्य क्षेत्रीय अस्थिरता और भावी सुरक्षा परिदृश्य के अनिश्चित बादलों के बीच तीनों देशों को एक-दूसरे का रणनीतिक सुरक्षा-कवच मुहैया कराना है। जबकि भारत के लिए यह समझौता खाड़ी क्षेत्र के बदलते सुरक्षा परिदृश्य को पूरी गंभीरता से लेने की आवश्यकता को ही रेखांकित करता है। इस संदर्भ में भारत को न तो हड़बड़ाने की जरूरत है और न ही लापरवाह होने की। भारत को इतना ही करना है कि वह सऊदी अरब और खाड़ी देशों से संबंध और मजबूत करे, पाकिस्तान-तुर्किये सामरिक जुगलबंदी पर नजर रखे, समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के साथ ही क्षेत्र के विरोधी खेमों से एक साथ संवाद साधने की अपनी क्षमता और बढ़ाए।

(लेखक आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन में उपाध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

# डाटा सेंटर के लिए बने राष्ट्रीय नीति



डा. सुरजीत सिंह

**डाटा सेंटरों का विकास राष्ट्रीय हित में आवश्यक तो हैं, पर यह प्राकृतिक संसाधनों की कीमत पर नहीं होना चाहिए**

आने वाले वर्षों में किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके प्राकृतिक संसाधनों से अधिक उसके डिजिटल संसाधनों से तय होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ, क्लाउड कंप्यूटिंग, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण, रक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान, उद्योग 4.0 जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से तेजी से विस्तारित होती डिजिटल अर्थव्यवस्था की पूरी संरचना ही डाटा पर आधारित है। जिस प्रकार पिछली शताब्दी में तेल को अर्थव्यवस्था की धुरी माना जाता था, उसी प्रकार आज डाटा को नई अर्थव्यवस्था का ईंधन कहा जा रहा है। डाटा को सुरक्षित रखने, संसाधित करने और हर क्षण उपलब्ध कराने के लिए विशाल डाटा सेंटरों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि भारत सहित पूरी दुनिया में डाटा सेंटरों के निर्माण की प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इसके लिए केंद्र सरकार डिजिटल इंडिया, डाटा लोकलाइजेशन और एआइ मिशन जैसी पहलों के माध्यम से इस क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जबकि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक और अन्य राज्यों ने अपनी-अपनी डाटा सेंटर नीतियां बनाई हैं। इनका उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाना, कर प्रोत्साहन देना और भारत को वैश्विक डाटा एवं एआइ हब बनाना है। अगले एक दशक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रसार के कारण डाटा सेंटरों की संख्या और क्षमता दोनों में तेज वृद्धि होगी। यदि भारतीय नागरिकों, बैंकों, अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और सरकारी संस्थाओं का डाटा देश के भीतर सुरक्षित रहेगा तो डिजिटल संप्रभुता भी मजबूत होगी।

हालांकि एक से पांच मेगावाट के छोटे से डाटा सेंटर को बनाने के लिए एक से पांच मेगावाट की निरंतर विद्युत आपूर्ति के साथ लगभग दो से 10 लाख लीटर प्रतिदिन पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत में जिस गति से डाटा सेंटर स्थापित हो रहे हैं, क्या उसके लिए हमारे पास पर्याप्त बिजली, पानी और पर्यावरणीय क्षमताएं उपलब्ध हैं? भारत पहले से जल संकट, ऊर्जा मांग और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। आज डाटा सेंटरों का विकास राष्ट्रीय हित में आवश्यक है, मगर यह प्राकृतिक संसाधनों की कीमत पर नहीं होना चाहिए।



संसाधनों की भारी खपत करते हैं डाटा सेंटर। फाइल

डाटा सेंटरों को लेकर चिंता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक बहस का विषय बन चुकी है। भारत में महाराष्ट्र के ठाणे और नवी मुंबई में भूमि उपयोग, बिजली की बढ़ती मांग, यातायात और पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध और चिंताएं सामने आई हैं। आंध्र प्रदेश में प्रस्तावित डाटा सेंटर परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के विरुद्ध किसानों ने विरोध दर्ज कराया, जबकि चेन्नई और राजस्थान जैसे क्षेत्रों में जल संकट और संसाधनों की उपलब्धता को लेकर विशेषज्ञ लगातार सवाल उठा रहे हैं। इसी प्रकार आयरलैंड में बिजली ग्रिड पर बढ़ते दबाव के कारण नए डाटा सेंटरों पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए। नीदरलैंड में कृषि भूमि और ऊर्जा खपत को लेकर व्यापक विरोध हुआ, जबकि सिंगापुर ने ऊर्जा और भूमि की सीमाओं को देखते हुए कुछ समय तक नई परियोजनाओं पर रोक लगा दी। वहीं स्पेन और चिली में जल संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर स्थानीय समुदायों ने विरोध जताया। स्पष्ट है कि विवाद का कारण स्वयं डाटा सेंटर नहीं, बल्कि उनका स्थान चयन, ऊर्जा और पानी की उपलब्धता तथा पर्यावरणीय प्रबंधन है।

भारत में अभी तक डाटा सेंटरों के लिए कोई समग्र राष्ट्रीय नीति या अलग कानून लागू नहीं है। जबकि डाटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्र के लिए एकसमान राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सबसे पहले स्थान चयन को वैज्ञानिक आधार पर तय किया जाना चाहिए, ताकि पानी और बिजली संकट वाले क्षेत्रों में अनियोजित विस्तार न हो। देश को संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर ग्रीन, येलो और रेड जोन में विभाजित किया जा सकता है। इसके साथ ही शोधित अपशिष्ट जल, वर्षा जल संचयन, कम जल-खपत वाली शीतलन तकनीकों और जल उपयोग दक्षता के राष्ट्रीय मानकों को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। बढ़ती ऊर्जा आवश्यकता को देखते हुए डाटा सेंटरों को चरणबद्ध रूप से सौर, पवन, जलविद्युत तथा छोटे माड्यूलर परमाणु रिएक्टर जैसी स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति अपनानी होगी। उपजाऊ कृषि भूमि के बजाय औद्योगिक और बंजर भूमि को प्राथमिकता दी जाए।

प्रश्न यह नहीं है कि डाटा सेंटर बनाए जाएं या नहीं, बल्कि यह है कि उन्हें कहां, किस तकनीक और किन संसाधनों के आधार पर स्थापित करें। यदि नीति निवेश आकर्षित करने तक ही सीमित रही और जल, ऊर्जा तथा पर्यावरणीय क्षमता का वैज्ञानिक आकलन नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में वही डाटा सेंटर देश के लिए नई समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि भारत को निवेश आधारित नीति से आगे बढ़कर राष्ट्रीय हरित डाटा सेंटर नीति की दिशा में कदम बढ़ाने चाहिए।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं)

response@jagran.com




## सकारात्मकता की शक्ति

जीवन उतार-चढ़ाव और संघर्षों का एक निरंतर प्रवाह है। परिस्थितियां सदैव हमारे अनुकूल नहीं हो सकतीं, किंतु उनके प्रति हमारी प्रतिक्रिया तो हमारे नियंत्रण में होती है। सुख और दुख के प्रति समभाव रखकर हम ऐसे नियंत्रण में सक्षम हो सकते हैं। यह बहुत स्वाभाविक होता है कि सुखद इच्छा पूर्ण होते ही चार इच्छाएं और जाग उठती हैं। सुखद स्थिति में हम प्रसन्न होते हैं और अप्रिय स्थिति में हम दुखी होते हैं, लेकिन हमें सोचने के इस तरीके को बदलना होगा। जब भी हमारे आसपास नकारात्मकता के काम, क्रोध, लोभ और मोह के विषैले सर्प डसने को तैयार हों, तो पल भर के लिए हम भगवान विष्णु का वह रूप स्मरण करें, जब वे क्षीर-सागर की उफनती लहरों के बीच शेषनाग की शैया पर शांत मुद्रा में मनमोहक मुस्कान लिए शयन करते हुए (शांताकारं भुजगशयनं...) आध्यात्मिक संदेश दे रहे है कि अपने भीतर अपना विवेक, बुद्धि और आत्मा को जगा लें तो समस्त प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा हमें नुकसान पहुंचाने के बजाय हमारी रक्षक और सहायक बन जाएंगी।

हमारा दृष्टिकोण सदैव सकारात्मक होना चाहिए, क्योंकि हम अपने जीवन में केवल वही प्राप्त कर सकते हैं, जैसा सोचते हैं। दुर्गुणों का दंश भी उन्हीं पर अपना आधिपत्य जमाता है, जो इंद्रियों के दास होते हैं। इंद्रियों को उनके विषय-विकारों से दूर रखना हमारी प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि ऐसे विषधर ही हमारी आध्यात्मिक शक्ति को विकसित नहीं होने देते। स्वयं को उच्च श्रेणी में उन्नत करने के लिए हमें अपने आत्मा की सुप्त शक्तियों को जागृत करते रहना है। हमारे पास आत्मा की शक्ति ही एकमात्र ऐसी निधि है, जो प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने में हमारी मदद कर हमें लक्ष्य तक पहुंचाती है। इस शक्ति को सदैव सकारात्मकता से संबल मिलता है।

डा. निर्मल जैन

# दफ्तरों में शिकायत टालो संस्कृति पर लगाम

डा. मोनिका शर्मा

**कई स्तरों पर फाइलों का घूमते रहना लोगों के काम में अनावश्यक देरी का एक बड़ा कारण बना हुआ हैं**

राजस्थान सरकार ने सरकारी दफ्तरों में आम आदमी की शिकायतों को टालने और उन्हें एक टेबल से दूसरी टेबल तक दौड़ाने की पुरानी कार्यप्रणाली पर सख्ती से रोक लगाने का कदम उठाया है। "लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु एकीकृत दिशानिर्देश 2026" के अंतर्गत अब कोई भी अधिकारी अपनी जवाबदेही नहीं बच सकेगा। नए दिशानिर्देशों के तहत "संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण" अपनाते हुए जनता की शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

सरकारी कार्यालयों में अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ने की प्रवृत्ति आमजन के जीवन की मुश्किलें बढ़ाती है। इस टालमटोली के चलते लोगों को बेवजह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। छोटे-छोटे कामों को करवाने या शिकायतों का हल पाने के लिए महीनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। ऐसे में राजस्थान में सरकारी दफ्तरों की जवाबदेही तय करने वाले नए दिशानिर्देश एक आवश्यक पहल है। ज्ञात हो कि इन गाइडलाइंस के अंतर्गत न तो अब 'यह मेरा काम नहीं' का बहाना चलेगा और न ही किसी समस्या का हवा-हवाई निस्तारण किया जा सकेगा। यानी किसी भी स्थिति में अधिकारी शिकायत बंद करने के लिए 'यह शिकायत इस विभाग से संबंधित नहीं है' यह नहीं कह सकेंगे। बिना किसी ठोस आधार के शिकायत को बंद भी नहीं किया जा सकता। किसी शिकायत को बंद करते समय विभाग द्वारा जारी आदेश या पत्र को अनिवार्य रूप से पोर्टल पर भी अपलोड करना होगा। निर्देशों में आमजन की संतुष्टि के कड़े सत्यापन का भी प्रविधान किया गया है। निस्तारण के बाद, शिकायत के सत्यापन हेतु शिकायतकर्ता से तीन अलग-अलग तिथियों और समय पर संपर्क करने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिदिन संपर्क पोर्टल पर प्राप्त असंतुष्ट शिकायतों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया है। किए गए निस्तारण से असंतुष्ट रहने पर वह शिकायत आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। उच्च अधिकारी द्वारा स्वतंत्र रूप से जांच कर शिकायत के निस्तारण के संबंध में उचित निर्णय किया जाएगा।

दरअसल सरकारी महकमों में दायित्वबोध की कमी शिकायतों के निस्तारण में होने वाला विलंब और कर्मचारियों की आनाकानी भ्रष्टाचार की भी जड़ है। जनता में निराशा बढ़ाने वाली टालमटोल की प्रवृत्ति पूरी व्यवस्था के प्रति अविश्वास और आक्रोश को बढ़ाती है। आज-कल पर काम को टालने की यह संस्कृति नवाचार के कितने ही विचारों को धरातल पर उतारने में बाधा बनती है। कई स्तरों पर फाइलों का घूमते रहना लोगों के काम में अनावश्यक देरी का एक बड़ा कारण बना हुआ है। स्पष्ट है कि इन कड़े प्रविधानों का लागू होना जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेने और समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने के लिए एक जरूरी पहल है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## मेलबाक्स

### अपनी उत्पादकता बढ़ाए संसद

'संसद ठप करने की राजनीति' लोकतांत्रिक व्यवस्था के सामने उभरती उस चुनौती का नाम है, जिसमें विरोध दर्ज कराने के लिए बहस के मंच को ही निष्क्रिय कर दिया जाता है। अपने आलेख में संजय गुप्त ने इस प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हुए उचित प्रश्न उठाया है कि क्या सदन की कार्यवाही रोक देना जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का सही माध्यम है? संसद केवल सरकार और विपक्ष के बीच शक्ति संघर्ष का अखाड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, समस्याओं और अधिकारों पर विचार करने वाली सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था है। इसलिए उसका समय नष्ट होना अंततः जनता के अधिकारों और सार्वजनिक संसाधनों की क्षति है। विपक्ष का दायित्व सरकार से प्रश्न पूछना, नीतियों की आलोचना करना और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना है। इसके लिए बहस, प्रश्नकाल, स्थगन प्रस्ताव और संसदीय समितियां अधिक प्रभावी माध्यम हैं। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष को भी बहुमत के आधार पर असहमति को दबाने के बजाय गंभीर विषयों पर पर्याप्त चर्चा सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि सरकार संवाद से बचेगी और विपक्ष लगातार व्यवधान को रणनीति बनाएगा, तो दोनों मिलकर संसदीय संस्थाओं की विश्वसनीयता कमजोर करेंगे। संसद में हंगामे का सबसे गंभीर परिणाम यह निकलता है कि महत्वपूर्ण विधेयकों, जनसमस्याओं और नीतिगत प्रश्न पर्याप्त विमर्श से वंचित रह जाते हैं। समाधान के लिए सर्वदलीय संवाद, चर्चा का पूर्वनिर्धारित समय, संसदीय समितियों की मजबूती और व्यवधान के प्रति समान आचार संहिता आवश्यक हैं। लोकतंत्र की शक्ति सदन बंद कराने में नहीं, असहमति को तर्कपूर्ण बहस में रूपांतरित करने में निहित है। संसद को अपनी उत्पादकता बढ़ानी होगी और यह सांसदों के सही रवैये के बिना संभव नहीं होगा।

awanishg30@gmail.com

### अपनी जिम्मेदारी समझें सांसद

लोकसभा की सदस्य संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव राजनीतिक प्रतिनिधित्व की संख्या से आगे जाकर एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है-क्या अधिक सांसद अपने आप बेहतर शासन सुनिश्चित करेंगे? वर्तमान सत्र में यदि नौ विधेयक बिना पर्याप्त बहस के पारित हो जाते हैं, तो यह सवाल स्वाभाविक है कि जब संसद की मौजूदा व्यवस्था में विधायी बहस, जांच-पड़ताल और जवाबदेही प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रही हो, तब केवल प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने से शासन की गुणवत्ता और जनहित में परिणाम कैसे बेहतर होंगे? संसद को विधायी बहस, गहन समीक्षा और जवाबदेही की अधिक आवश्यकता है।

बृज भूषण गोयल, लुधियाना

### विचारों के मोर्चे पर चुनौती

भारत में माओवादी हिंसा सुरक्षा बलों की दृढ़ कार्रवाई, सरकार की इच्छाशक्ति और विकास योजनाओं के प्रभाव से काफी कमजोर हुई है। लेकिन हिंसा के कमजोर पड़ने के साथ उसकी वैचारिक चुनौती को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में 'दिमागी नक्सलवाद' के खतरे की ओर ध्यान दिलाया है। लोकतंत्र में असहमति उसकी ताकत है। समस्या तब शुरू होती है जब विचार हिंसा, अराजकता, संवैधानिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास या राष्ट्र की एकता-अखंडता को नुकसान पहुंचाने का माध्यम बन जाए। इस चुनौती का मुकाबला केवल कठोर कार्रवाई से नहीं, बल्कि शिक्षा, संवाद और संवैधानिक चेतना से करना होगा। युवाओं में तथ्य-जांच, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की समझ विकसित करनी होगी। माओवादियों की बंदूक को सुरक्षा बल कमजोर कर सकते हैं, लेकिन उसकी वैचारिक जड़ों को शिक्षा, विकास, संवाद और लोकतांत्रिक चेतना ही स्थायी रूप से कमजोर कर सकती है। लोकतंत्र में हिंसा और अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

हिमांशु शेखर, केसपा, गयाजी

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**50** प्रतिशत से अधिक युवा, देश के कालेजों से निकलने वाले, आज भी उद्योगों की तात्कालिक जरूरतों के हिसाब से रोजगार योग्य नहीं हैं। इंडिया स्किल्स की एक रिपोर्ट के अनुसार।



आजकल

# जेन-जी के सपनों को मिले पंख

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने युवा पीढ़ी यानी जेन-जी और जेन-अल्फा से सीधा संवाद किया। सरकार उनके सपनों को पंख देने की कोशिश कर रही है। इसके लिए उसकी नीतिगत दिशा स्पष्ट है-देश को डिजिटल, तकनीकी और मैन्यूफैक्चरिंग महाशक्ति बनाना। इसके लिए एआइ की मुफ्त ट्रेनिंग, डाटा सेंटर, क्रिटिकल मिनरल्स की खोज और सेमीकंडक्टर चिप प्लांट्स जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में भारी निवेश किया जा रहा है



मनु त्यागी
manu@nda.jagran.com



लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। फाइल

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा पीढ़ी यानी जेन-जी और जेन-अल्फा से सीधा संवाद किया। सरकार की नीतिगत दिशा स्पष्ट है-देश को डिजिटल, तकनीकी और मैन्यूफैक्चरिंग महाशक्ति बनाना। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की मुफ्त ट्रेनिंग, डाटा सेंटर, क्रिटिकल मिनरल्स की खोज और सेमीकंडक्टर चिप प्लांट्स जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में भारी निवेश किया जा रहा है। सरकार का यह दीर्घकालिक सोच 'विकसित भारत 2047' के सपनों को पंख लगाने वाला है, लेकिन इस चमकदार तकनीकी भविष्य के सिक्के का एक दूसरा और बेहद स्याह पहलू भी है, जो आज देश की सड़कों पर युवाओं के आक्रोश के रूप में बार-बार दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर और एआइ हब बनाने के प्रयास ऐतिहासिक हैं। सरकार चिप प्लांट्स और एआइ इकोसिस्टम के लिए लाखों करोड़ रुपये खर्च कर रही है। नीति-निर्माताओं का मानना है कि इन आधुनिक उद्योगों से देश में लाखों 'हाई-एंड' नौकरियां पैदा होंगी, लेकिन इस तथ्यात्मक सच से भी मुंह नहीं फेरा जा सकता कि ये उद्योग अत्यधिक पूंजी-गहन हैं, न कि श्रम-गहन। एक सेमीकंडक्टर प्लांट में अरबों रुपये का निवेश होता है, लेकिन वहां प्रत्यक्ष रोजगार कुछ हजार सुपर-स्पेशलाइज्ड इंजीनियरों को ही मिलता है। ऐसे में सवाल उठता है कि देश में सामान्य स्नातक पास फौज का क्या होगा? जो हर साल डिग्री लेकर रोजगार के बाजार की कतार में खड़ी हो रही है।

**आंकड़ों के आईने में शिक्षित बेरोजगारी का सच:** आर्थिक मोर्चे पर युवाओं की स्थिति को समझने के लिए सरकारी और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के आंकड़े आंखें खोलने वाले हैं। इंडिया स्किल्स की एक रिपोर्ट बताती है कि कालेजों से निकलने वाले 50 प्रतिशत से अधिक युवा आज भी उद्योगों की तात्कालिक जरूरतों के हिसाब से रोजगार योग्य नहीं हैं। यानी कहीं न कहीं हमारे शैक्षणिक संस्थानों और वहां की शिक्षा प्रणाली में विसंगतियां हैं। जेन-जी और जेन-अल्फा युवाओं में बढ़ रहे असंतोष और उनके सड़कों पर उतरने की सबसे बड़ी और तात्कालिक वजह घरों में अभिभावकों के सपनों से जन्म लेने वाली लालसा और इंटरनेट मीडिया की होड़ तो है ही, इसके लिए कहीं न कहीं देश की चरमराई परीक्षा प्रणाली भी बराबर की दोषी है। पेपर लीक जैसी विसंगतियां इन युवाओं की बेचैनी स्वाभाविक रूप से बढ़ाती हैं। एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में देश के 15 से अधिक राज्यों में 40 से ज्यादा बड़ी सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हुए हैं। नीट-यूजी, यूजीसी-नेट और विभिन्न राज्यों की सिपाही एवं प्रशासनिक भर्ती परीक्षाओं में हुई धांधलियों ने देश के लगभग 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को कहीं न कहीं मानसिक तनाव तो दिया ही है, शैक्षणिक प्रणाली के प्रति उनके विश्वास को भी क्षति पहुंचाई है। यदि यह व्यवस्था ठीक होती, तो इस बड़े तबके के बीच असंतोष की चिंगारी इतनी गहरी नहीं होती और इसका लाभ उठाने वाले राजनीतिक दलों को बैठे-बिठाए अवसर नहीं मिलता।

पेपर लीक होना, फिर परीक्षा का रद होना, अदालती मुकदमेबाजी और दोबारा जांच के इस चक्रव्यूह में युवाओं की उत्पादक उम्र के स्वर्णिम वर्ष व्यर्थ हो रहे हैं। सरकार ने संसद में 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पारित कर पेपर लीक के खिलाफ पांच करोड़ रुपये तक के जुर्माने और 10 वर्ष तक की जेल का प्रविधान किया है, लेकिन कानून केवल कागजी ढाल नहीं हो सकते, उन्हें जमीन पर बेहद कड़ाई से लागू करना होगा। 'विकसित भारत' का जो रास्ता सेमीकंडक्टर और एआइ की आधुनिक प्रयोगशालाओं से होकर गुजरता है, उसकी पहली सीढ़ी परीक्षा केंद्रों की शुचिता और पारदर्शिता से ही शुरू होती है।

**कोचिंग के भंवर से निकल ही बनेगा भविष्य:** पीएम मोदी का संदेश है कि भारत का युवा अब केवल पारंपरिक सरकारी नौकरियों या डिग्रियों की अंधी दौड़ में अपना जीवन बर्बाद नहीं करेगा। सरकार की नई नीतियां जैसे 'पीएम इंटर्नशिप योजना' और कौशल विकास के नए अवसर, सीधे तौर पर उस 'कोचिंग संस्कृति' की जड़ों पर प्रहार करती हैं, जिसने दशकों से देश के युवाओं को बंधक बना रखा है। निश्चित ही, ये घोषणाएं उम्मीद जगाती हैं कि अब अरबों रुपये के इस कोचिंग बाजार को मात मिलेगी और देश का युवा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा। कोचिंग के बाजार ने समाज को किस कदर प्रभावित किया है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कोचिंग संस्थानों ने आज देश में एक समानांतर और अनियंत्रित साम्राज्य खड़ा कर लिया है। इसने हमारे सामाजिक ताने-बाने को भी बहुत गहरे जख्म दिए हैं।

आज एक बच्चे का बचपन 10वीं या 12वीं कक्षा में नहीं, बल्कि छठी और सातवीं कक्षा से ही कोचिंग के भंवर में फंस जाता है। पहले 10वीं-12वीं तक छात्र वर्ग का बड़ा तबका ट्यूशन या कोचिंग की शक्ल तक नहीं देखता था' लेकिन बीते एक दशक में यह परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। अब कोचिंग एक स्टेटस सिंबल बन गई है। कोचिंग संस्थान छात्रों को इंसान नहीं, बल्कि केवल 'रैंक' और 'रोल नंबर' के रूप में देखने लगे हैं। इस माहौल में पला-बढ़ा युवा समाज के प्रति संवेदनशील होने के बजाय धीरे-धीरे अधिक आत्मकेंद्रित और रोबोटिक होता जा रहा है। कोचिंग के इस बाजार को खाद-पानी कहीं और से नहीं, बल्कि माता-पिता की अधूरी आकांक्षाओं और सामाजिक दिखावे से मिलता है।

आज बच्चे की शिक्षा उसकी रुचि के अनुसार नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि शर्मा जी या वर्मा जी के बेटे ने कौन-सा कोर्स चुना है। हर साल केवल एक से दो प्रतिशत बच्चों का चयन ही आइआइटी, एम्स या यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में हो पाता है। शेष 98 प्रतिशत युवा खुद को 'नाकाम' मानने लगते हैं। एक सच इस समाज को समझना होगा कि हर बच्चा आइंस्टीन या सचिन तेंदुलकर नहीं हो सकता।

## युवाओं का स्कोर बोर्ड-लाइक्स, कमेंट, फालोअर्स

जिंदगी में कोई भी सफलता एक दिन में नहीं मिलती। क्रिकेट की तरह जीवन भी लंबी पारी का खेल है। दिन का खेल खत्म होने पर नाबाद बल्लेबाज पवेलियन लौटता जरूर है, लेकिन उसके मन में अगली पारी के रन और बेहतर प्रदर्शन की तैयारी होती है। आज के युवा भी जिंदगी की ऐसी ही पारी खेल रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि उनके हाथ में बल्ले के बजाय स्मार्टफोन है और सामने का स्कोरबोर्ड रन नहीं, बल्कि लाइक्स, कमेंट, व्यूज और फालोअर्स गिनता है। इंटरनेट मीडिया ने युवाओं को अभिव्यक्ति का अभूतपूर्व मंच दिया है। प्रतिभा को पहचान मिली है, सूचनाओं तक पहुंच आसान हुई है और दुनिया से जुड़ने के अवसर बढ़े हैं। समस्या तब शुरू होती है जब आभासी दुनिया का स्कोर ही सफलता का पैमाना बन जाता है। कितने फालोअर्स हैं, कितने लाइक्स मिले, रील कितनी वायरल हुई-इन सवालों के बीच यह सवाल पीछे छूट जाता है कि व्यक्ति ने वास्तविक जीवन में कितना सीखा, कितना बनाया और समाज के लिए कितना उपयोगी साबित हुआ।

युवा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी समय, ऊर्जा, कल्पनाशीलता और सीखने की क्षमता है। यदि इनका बड़ा हिस्सा केवल डिजिटल लोकप्रियता हासिल करने में खर्च हो रहा है, तो हमें अपने स्कोरबोर्ड को नए सिरे से देखने की जरूरत है। असली स्कोर यह होना चाहिए कि कितनी किताबें पढ़ीं, कितने कौशल सीखे, कितनी चुनौतियों का सामना किया, कितने लोगों की मदद की और अपने भविष्य की नींव कितनी मजबूत की।

भारत के लिए यह सवाल और महत्वपूर्ण है। देश की करीब आधी आबादी 29 वर्ष से कम उम्र की है। आने वाले दशकों में कामकाजी उम्र की आबादी और बढ़ेगी। यह भारत के लिए असाधारण जनसांख्यिकीय अवसर है, लेकिन युवा आबादी अपने आप जनसांख्यिकीय लाभांश नहीं बन जाती। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षाएं, रोजगार के अवसर, कौशल विकास, स्वतंत्र सोच और सुरक्षित सामाजिक वातावरण जरूरी हैं। आज के युवा केवल नौकरी नहीं, सम्मानजनक अवसर और अपनी प्रतिभा को साबित करने का मंच चाहते हैं। उनकी बेचैनी को समझना, उनके सवालों को सुनना और उनके सपनों को अवसर देना सरकार की ही नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी है। विश्वविद्यालय यदि स्वतंत्र विचार के केंद्र नहीं रहेंगे, परीक्षाओं पर भरोसा कमजोर होगा और रोजगार अवसर के बजाय विशेषाधिकार का माध्यम बन जाएगा, तो हमारी युवा शक्ति निराशा में बदल सकती है।

2047 का विकसित और स्वर्णिम भारत केवल हाई-टेक नीतियों, एआइ या आधुनिक बुनियादी ढांचे से नहीं बनेगा। उसे बनाने वाले आज के युवा होंगे। इसलिए जरूरी है कि उनके हाथ में स्मार्टफोन के साथ किताब भी हो, रील के साथ वास्तविक कौशल भी हो और फालोअर्स के साथ अपना स्वतंत्र विचार भी। याद रखना होगा-कोई भी टीम केवल स्कोरबोर्ड देखकर मैच नहीं जीतती। जीत के लिए ड्रेसिंग रूम में प्रतिभाओं की अगली कतार तैयार करनी पड़ती है। भारत का असली स्कोर भी लाइक्स और फालोअर्स में नहीं, बल्कि सक्षम, संवेदनशील, स्वतंत्र और आत्मविश्वासी युवाओं में दर्ज होगा। भविष्य की चिंता जरूरी है, लेकिन भविष्य से पहले वर्तमान आता है। सुफल वर्तमान ही स्वर्णिम भविष्य की नींव रखता है।

खरी-खरी

## इंटरनेट मीडिया

ब्रजेश कानूनगो

पहले सुभाषित ऋषि-मुनि लिखा करते थे। वर्षों का तप, अनुभव और जीवन-दर्शन उनमें निचुड़कर आता था। अब सुभाषित इंटरनेट मीडिया लिखता है। उसके लिए तपस्या की आवश्यकता नहीं, केवल एक स्मार्टफोन, थोड़ा-सा डाटा और भरपूर अधैर्य चाहिए। इंटरनेट मीडिया का पहला सुभाषित कहता है-आज किसी लेख, भाषण या बातचीत का सार समझने की फुरसत किसे है? एक वाक्य पकड़ो, आधा काटो, चौथाई चिपकाओ और फिर उस पर ऐसा रण छेड़ दो कि बेचारा मूल विचार फ्रेम से बाहर खड़ा अपनी बारी का इंतजार करता रह जाए। यहां संवाद नहीं, धावा बोला जाता है।

इंटरनेट मीडिया का दूसरा सुभाषित है-'गालियां दो... पीछे पड़े रहो... मटियामेट कर दो!' तर्क अब बूढ़ी चीज हो गई है। अब किसी मतभेद का सबसे आधुनिक समाधान है-उसे ट्रोल कर दो। यदि सामने वाला फिर भी बच जाए तो उसकी पुरानी पोस्टें खोद लाओ। भीड़ पहले चौक-चौराहों पर इकट्ठी होती थी। अब टाइमलाइन पर होती है। फर्क इतना है कि पहले चेहरे दिखाई देते थे, अब प्रोफाइल फोटो दिखाई देती है। माब लिंचिंग अब केवल सड़क पर नहीं होती, शब्दों से भी लोग रोज मारे जाते हैं। करुणा का स्थान 'कमेंट सेक्शन' ने ले लिया है।

एक और अद्भुत खोज हुई है। अपनी लकीर बड़ी करने में मेहनत लगती है, इसलिए दूसरों की लकीर मिटा देना अधिक सुविधाजनक है। यह काम अब अंगुली से हो जाता है। किसी की उपलब्धि पर संदेह कर दीजिए, किसी की भाषा में दोष निकाल दीजिए, किसी की नीयत पर प्रश्नचिह्न लगा दीजिए।

मित्रता भी अब बड़ी विचित्र वस्तु हो गई है। पांच हजार मित्रों का स्वामी व्यक्ति कभी-कभी अस्पताल के बाहर अकेला खड़ा दिखाई देता है। जो रोज मानवता, समाजवाद, क्रांति और संवेदना की पोस्टें लिखता है, उससे यदि एक शाम घर बदलवाने या रक्तदान की विनती कर दीजिए तो उसका मोबाइल प्रायः 'नेटवर्क से बाहर' हो जाता है। तब याद आता है कि जीवन में अभी भी 'लंगोटिया यार' जैसी एक पुरानी तकनीक बची हुई है, जिसका कोई डिजिटल विकल्प नहीं बना।

### पोस्ट

हथियारबंद नक्सल के खिलाफ आपरेशन ग्रीन हंट चलाने वाले तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम अब बता रहे हैं कि वे भी 'दिमागी नक्सल' हैं और उन्हें इस पर गर्व है।
रंगनाथ सिंह@rangnathsingh_



यह कैसी विडंबना है कि खुद को 'दिमागी नक्सल' बताने वाले पी. चिदंबरम ने बतौर गृहमंत्री कभी कहा था कि माओवाद से निपटने की राह में उन्हें मिलने वाला बौद्धिक समर्थन सबसे बड़ा रोड़ा बनता है।
अमन शर्मा@AmanKayamHai_

माता-पिता पर स्कूल और कोचिंग की फीस का दोहरा आर्थिक बोझ कमर तोड़ कर रख देता है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क आनलाइन कोचिंग बहुत सहायक होगी।
अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1

श्रीलंका के विरुद्ध पडिक्कल का शतक युवा खिलाड़ियों के छा जाने की इच्छाशक्ति का प्रतीक है। केएल राहुल ने फिर तकनीकी योग्यता सिद्ध की। बांग्लादेश ने आस्ट्रेलिया को हराकर डब्ल्यूटीसी की होड़ दिलचस्प बना दी। भारत यह मौका भुनाए।
सुशील दोशी@RealSushilDoshi

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का बहिष्कार करके सही किया?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

मुफ्त आनलाइन कोचिंग की पहल सामान्य कोचिंग पर निर्भरता घटाने में सहायक बनेगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

गाना वंदेमातरम् लगता उनको भार,
राष्ट्रगीत अपमान को वे समझें अधिकार।
वे समझें अधिकार करें बस क्रोध प्रदर्शन,
मां-बेटा ने साथ कराए इसके दर्शन।
तीन मिनट में बंधु लुटा जा रहा खजाना,
भारी उनको राष्ट्रगीत भी लगता गाना!
-ओम प्रकाश तिवारी

उत्तर प्रदेश डायरी

## सिर्फ राज्यपाल नहीं, एक फिक्रमंद मां भी



अजय शुक्ला
ajay.shukla@lko.jagran.com

दीक्षा भाषण खत्म हुआ। तालियां बज रही हैं। तालियां थमती हैं, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदीबेन पटेल एक पर्चा निकालती हैं और उसे पढ़ना शुरू करती हैं। विश्वविद्यालय का पूरा माहौल बदल जाता है। राज्यपाल कहती हैं, मुझे मालूम है कि फलां हास्टल में कितनी गंदगी है। इस हास्टल में सबसे ज्यादा खाना बाहर से आता है। यहां नानवेज का आर्डर दिया जाता है। यहां नानवेज हफ्ते में दो दिन पकता है और यहां एक दिन...।

दीक्षा समारोहों में आमतौर पर गरिमामयी और औपचारिक माहौल होता है, जहां कुलाधिपति केवल डिग्रियां बांटते हैं और भविष्य के लिए प्रेरणादायी संदेश देते हैं, लेकिन यूपी में यह परिपाटी बदल चुकी है। अब इस दीक्षा भाषण के बाद राज्यपाल एक गुप्त पर्चा पढ़ती हैं। यह पर्चा वास्तव में राजभवन (जन भवन) की एक विशेष जांच टीम द्वारा तैयार की गई जमीनी रिपोर्ट होती है। किसी भी विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में जाने से ठीक एक या दो दिन पहले, राज्यपाल अपने स्तर से एक गुप्त आडिट टीम भेजती हैं। यह टीम बिना किसी स्थानीय वीसी (कुलपति) या रजिस्ट्रार को सूचित किए सीधे छात्रावासों, मेसों, शौचालयों और शैक्षणिक परिसरों का दौरा करती है। जैसे ही दीक्षा समारोह का भाषण खत्म होता है, राज्यपाल अपनी साड़ी के पल्लू या पोडियम से वह गुप्त पर्चा निकालती हैं। इसके बाद मंच पर बैठे विश्वविद्यालय के शीर्ष अधिकारियों की सांसें थम जाती हैं। वे पर्चे में दर्ज एक-एक बिंदु, जैसे मेस का मीनू, गंदगी की तस्वीरें और वित्तीय अनियमितताओं को सार्वजनिक रूप से पढ़ना शुरू कर देती हैं।

इन दिनों विश्वविद्यालयों के दीक्षा समारोह चल रहे हैं, इसलिए ज्यादातर यह पर्चा इन समारोहों में ही पढ़ा जा रहा है, लेकिन राज्यपाल का यह पर्चा तभी चर्चा में आ गया था जब उन्होंने लखनऊ के राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट में यह सवाल उठाया कि हास्टल में नानवेज क्या दो के बजाय एक दिन में सीमित नहीं किया जा सकता? इसके बाद यही सवाल उन्होंने किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में उठाया। तब मीडिया में यह बात तो प्रमुखता से उठी कि राज्यपाल हास्टल और मेस का मेन्यू तय कर रही हैं,



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दीक्षा समारोहों के मंच से विश्वविद्यालयों की कमियों को कर रहीं उजागर। फाइल

लेकिन दूसरी बातें दबी रह गईं।

राज्यपाल की चिंता यहीं तक सीमित नहीं है। अपने गुप्त पर्चे के जरिये जिस बात पर वह सर्वाधिक जोर दे रही हैं, उसमें है भोजन की गुणवत्ता और हास्टल की गंदगी। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयू) के 45वें दीक्षा समारोह में राज्यपाल तब भड़क गईं जब उन्हें पता चला कि छात्रों के मेस बंद हैं और उन्हें बाहर से टिफिन मंगाकर खाना पड़ रहा है। उन्होंने भावुक होकर कहा, "मैं सिर्फ राज्यपाल नहीं, एक मां भी हूं। हमारे बच्चों को शुद्ध आहार मिलना चाहिए।" उन्होंने चेतावनी दी कि बाहर से आने वाले टिफिन के साथ ड्रग्स और शराब भी हास्टल में प्रवेश कर सकती हैं। गोरखपुर विश्वविद्यालय की सीढ़ियों पर पान-मसाले और थूक के लाल दागों को देख राज्यपाल ने वीसी को फटकार लगाई।

इससे पहले पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के दीक्षा समारोह में उन्होंने कहा था कि शिक्षकों के ट्रांजिट हास्टल से शराब की बोतलें बरामद हुई थीं। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय (बरेली) के 24वें दीक्षा समारोह में राज्यपाल ने पर्चा निकालकर बताया कि मनोरमा हास्टल में एक्सपायरी डेट का पनीर परोसा जा रहा था और लोकल डेरी से घटिया उत्पाद खरीदे जा रहे थे। झांसी के बुंदेलखंड विवि में उन्होंने केवल एक हास्टल (समता) में खाना बनने और जेनरेटर बंद रहने का मुद्दा उठाया। सीसीएसयू मेरठ विश्वविद्यालय के हास्टल परिसरों में नशीले पदार्थों के प्रवेश की आशंका जताई। परिसर को पूरी तरह नशामुक्त करने के लिए बाहरी भोजन की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात कही।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का यह तरीका केवल प्रशासनिक अनुशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक गहरा सामाजिक और मानवीय संदेश भी छिपा है। पहले विश्वविद्यालय प्रशासन दीक्षा समारोह के दिन केवल मुख्य मार्ग और वीआइपी गेस्ट हाउस को चमकाकर अपनी कमियां छुपा लेता था। अब 'गुप्त पर्चा संस्कृति' के कारण कुलपतियों को डर रहता है कि कहीं उनके ही मंच पर उनकी प्रशासनिक विफलता का लाइव प्रसारण न हो जाए। राज्यपाल लगातार कहती हैं कि यदि देश का युवा वर्ग अस्वस्थ और कुपोषित भोजन खाएगा, तो उनके सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होगी, जिससे देश का भविष्य (विकसित भारत 2047 का लक्ष्य) कमजोर होगा। बाहरी वेंडरों और टिफिन सेवाओं को प्रतिबंधित करके विश्वविद्यालयों को ड्रग्स, अवैध शराब और बाहरी असामाजिक तत्वों के चंगुल से मुक्त रखा जा सकता है।

ऐसा पहली बार है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीक्षा समारोहों के मंच का उपयोग केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि "एक कड़े प्रशासनिक सुधारक और एक फिक्रमंद मां" के रूप में किया है। दीक्षा समारोहों में उनके द्वारा निकाला जाने वाला वह एक छोटा सा पर्चा आज उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा तंत्र में फैली वर्षों पुरानी सुस्ती, भ्रष्टाचार और लापरवाही को उखाड़ फेंकने का सबसे बड़ा हथियार बन चुका है। हां, एक बात और। देश के अधिकांश विधायक, सांसद, मंत्री और दूसरे लोग यह भूल चुके होंगे कि कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आह्वान किया था कि जनप्रतिनिधि अपने साथ भारी भरकम अमला और कारों का काफिला लेकर न चलें, लेकिन उत्तर प्रदेश की राज्यपाल यह नहीं भूली हैं। वह इन दिनों लगभग हर रोज किसी न किसी विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में शामिल होती हैं और उनका पसंदीदा साधन होता है ट्रेन।

छत्तीसगढ़ डायरी

## उद्योगों के विकास की पहल



डा. सुनील गुप्ता
संपादकीय प्रभारी, बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति मैदानी और पहाड़ी इलाके पर पूरी तरह केंद्रित है। छत्तीसगढ़ किसानों और मेहनतकश लोगों का प्रदेश है। किसानों की आर्थिकी बढ़ाने और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार फोकस कर रही है। यह कहने में जरा भी संकोच नहीं है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है और देश के अन्य राज्यों की तुलना में किसानों को सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य भी सरकार दे रही है। राज्य सरकार की इस पहल से किसानों की आर्थिकी में बड़ा बदलाव आया है। इसका साफ असर बाजार में देखा जा सकता है।

किसानों को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में सरकार सफल रही है, कहें तो यह पूरी तरह सच है। किसानों की आर्थिकी बढ़ाने के साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की नजर अब उन ग्रामीण क्षेत्रों की ओर है जिसकी भौगोलिक स्थिति पूरी तरह ग्रामीण जनजीवन पर ही आधारित है। राज्य सरकार औद्योगिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रही है। छत्तीसगढ़ में न्यायधानी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले बिलासपुर जिले का एक नहीं चार-चार बार विभाजन हुआ। जिले का विभाजन हुआ, तो नए जिले अपने स्वरूप में आए। विकास भी उसी रफ्तार से हो रहा है। इसी में एक जिला है मुंगेली। मुंगेली जिले से गौरेला, पेंड्रा, मरवाही, बेमेतरा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा का सीधे तौर पर जुड़ाव है। इन जिलों का जिक्र करना इसलिए जरूरी है, क्योंकि मुंगेली में औद्योगिक क्रांति की शुरुआत होने से इन जिलों, उद्योगों और यहां के युवाओं को प्रत्यक्ष तौर पर लाभ मिलेगा। तभी तो सरकार का फोकस मुंगेली जिले पर है। अनुसूचित जाति बहुल जिले की पृष्ठभूमि पूरी तरह ग्रामीण है। सरकार की योजना के अमलीजामा पहनते ही इस जिले के विकास की रफ्तार जोर पकड़ेगी। इसका सीधा असर उन जिलों पर पड़ेगा, जिसका जिक्र हमने किया है। मुंगेली जिले में छत्तीसगढ़ का पहला हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट निर्माण संयंत्र की नींव रखी जाएगी। बीईएमएल के हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट संयंत्र की स्थापना की मंजूरी मिल गई है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के प्रस्तावित हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट निर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए मुंगेली जिले के ग्राम चंद्रगढ़ी, तहसील पथरिया में 79.70 एकड़ शासकीय भूमि रियायती दर पर आवंटित करने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य मंत्रिपरिषद ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के साथ मुंगेली में बड़े औद्योगिक निवेश और आधुनिक विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। औद्योगिकीकरण की बात चल पड़ी है, तो यह बताना भी जरूरी है, जिले में पर्याप्त मानव संसाधन भी औद्योगिक घराने को मिलेंगे। बिलासपुर में एयरपोर्ट, रेल एवं सड़क मार्ग की बेहतर स्थिति एक नई संभावनाओं को जन्म देगा। मुंगेली सहित आसपास के जिलों में भी जो पूरी तरह ग्रामीण पृष्ठभूमि की हैं, रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। यह संयंत्र राज्य का पहला उद्योग होगा, जिसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ को देश के औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी और राज्य में आधुनिक भारी मशीन निर्माण उद्योग की शुरुआत होगी। जिले में इस प्रतिष्ठित सार्वजनिक उपक्रम की परियोजना शुरू होने से रोजगार, कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, उद्यमिता और सहायक उद्योगों के लिए नए अवसर सृजित होंगे।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय (मध्य में) के नेतृत्व में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। फाइल

**लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए साबित होगी संजीवनी :** संयंत्र की स्थापना बिलासपुर संभाग में स्थापित एवं संचालित हो रहे लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए संजीवनी साबित होगी। सहायक उद्योगों की स्थापना की राह भी आसान होगी। हुनरमंद और प्रशिक्षित दोनों ही तरह के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

## पांच कंपनियों का पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली :** बीते सप्ताह शेयर बाजारों में नरमी के चलते बीएसई में सूचीबद्ध शीर्ष-10 में से पांच कंपनियों के पूंजीकरण में संयुक्त रूप से एक लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के पूंजीकरण में सबसे अधिक 34,263 करोड़ रुपये की गिरावट रही। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआइ, एचडीएफसी बैंक और आइसीआइसीआइ बैंक का पूंजीकरण भी घटा है। (प्रेट्र)

न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों के अनुपालन के लिए बैंक सरकारी हिस्सेदारी बेचने के लिए योग्य संस्थागत प्लेसमेंट समेत कई विकल्पों पर विचार कर रहा है।

**– स्वरूप कुमार साहा, सीईओ, पंजाब एंड सिंध बैंक**



# वरिष्ठ नागरिक बचत योजना : सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित निवेश का बेहतर विकल्प

सेवानिवृत्ति के बाद प्रत्येक कर्मचारी को अपने नियोक्ता से एकमुश्त फंड मिलता है। इस राशि को सुरक्षित तरीके से निवेश करना बड़ी चुनौती होती है। सरकार की ओर से चलाई जा रही वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सेवानिवृत्त पर मिली राशि को निवेश करने का एक सुरक्षित और बेहतर विकल्प है। इस योजना में अभी 8.2 प्रतिशत की सालाना दर से ब्याज मिल रही है जो सभी छोटी बचत योजनाओं में सबसे अधिक है। इस योजना में न्यूनतम निवेश, योग्यता और परिपक्वता अवधि पर पढ़िए **मनोज कुमार** की रिपोर्ट



### अवधि बढ़ाने के लिए करना होगा आवेदन

वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की शुरुआती अवधि पांच वर्ष होती है। इसके बाद खाताधारकों के पास दो विकल्प होते हैं। पहला, पैसे की पूरी निकासी। दूसरा, योजना को तीन वर्ष के लिए आगे बढ़ाना। नियमों के अनुसार, यदि पैसे की निकासी नहीं की है और योजना की अवधि को आगे बढ़ाना है तो खाताधारक को आवेदन करना होगा। यह आवेदन परिपक्वता की तारीख से एक वर्ष के भीतर करना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो खाते को परिपक्व मान लिया जाएगा। यदि अवधि बढ़ाने का आवेदन किया जाता है कि परिपक्वता की तिथि से आवेदन की तिथि तक का ब्याज भी खाते में जमा कर दिया जाएगा।



### न्यूनतम और अधिकतम निवेश

इस योजना में न्यूनतम 1,000 रुपये और अधिकतम 15 लाख रुपये तक जमा किए जा सकते हैं। इस योजना की परिपक्वता अवधि पांच वर्ष है। यानी शुरुआत में इस योजना में पांच वर्ष तक निवेश किया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर इसे तीन वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है। इस योजना में धारा 80सी के तहत टैक्स छूट मिलती है। हालांकि, निवेश पर मिलने वाला ब्याज कर योग्य होता है। ब्याज राशि 50 हजार रुपये से अधिक होने पर टीडीएस की कटौती की जा सकती है। सरकार हर तीन महीने पर वरिष्ठ नागरिक बचत योजना समेत सभी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज की समीक्षा करती है।



### कौन कर सकता है निवेश

वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) भारत सरकार की ओर से संचालित एक सुरक्षित और लोकप्रिय लघु बचत योजना है। इसमें 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोग सेवानिवृत्ति के बाद निवेश कर सकते हैं। 55 से 60 वर्ष के बीच स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारी भी इस योजना में निवेश कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे लोगों को सेवानिवृत्ति के एक महीने के भीतर खाता खुलवाना अनिवार्य है। सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को 50 साल की उम्र से ही इस योजना में शामिल होने की विशेष छूट दी गई है।



### समय से पहले बंद हो सकता है खाता

एससीएसएस खाते को समय से पहले यानी परिपक्वता अवधि से पहले भी बंद किया जा सकता है। हालांकि, इसके लिए कुछ राशि की कटौती होगी। यदि खाते को दो वर्ष से पहले बंद किया जाता है तो जुर्माना के तौर पर 1.5 प्रतिशत राशि की कटौती की जाएगी। वहीं, अगर इसे 2 साल के बाद बंद किया जाता है तो एक प्रतिशत राशि की कटौती होगी। हालांकि, बढ़ाई गई अवधि वाले खातों के मामलों में एक साल के बाद बिना किसी कटौती के पैसे निकाले जा सकते हैं।



### खास बातें

- किसी भी पोस्ट आफिस या अधिकृत बैंक में वरिष्ठ नागरिक बचत योजना का खाता खोला जा सकता है।
- योजना के तहत प्रत्येक तीन महीने में ब्याज की राशि खाते में जमा की जाती है।
- खाताधारक नामिनी भी नामित कर सकता है। ऐसे में परिपक्वता से पहले खाताधारक की मृत्यु होने पर बकाया राशि नामिनी को मिल जाएगी।
- हिन्दू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और गैर-प्रवासी भारतीय (एनआरआइ) इस योजना में निवेश नहीं कर सकते हैं।
- आनलाइन और आफलाइन दोनों तरीकों से वरिष्ठ नागरिक बचत योजना का खाता खोला जा सकता है।

### आवश्यक दस्तावेज

- केवाईसी के लिए आधार कार्ड, वोटर आइडी कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट
- पते के लिए टेलीफोन बिल, बिजली बिल
- पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ

(**नोट :** यह लेख केवल जानकारी के लिए है। खाता खोलने से पहले पोस्ट आफिस या बैंक में अच्छी तरह से पड़ताल कर लें।)

जागरण इन्फो

# इस सप्ताह आइपीओ से 6,400 करोड़ जुटाएंगी सात कंपनियां

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) से जुड़ी गतिविधियां एक बार फिर काफी व्यस्त रहने वाली हैं। इस कारण यह है कि कुल सात कंपनियां इस सप्ताह 6,400 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आइपीओ लाने जा रही हैं। पिछले सप्ताह भी पांच कंपनियां आइपीओ लेकर आई थीं।

17 अगस्त को होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स के 2,600 करोड़ रुपये के आइपीओ के साथ सप्ताह की शुरुआत होगी। इसी दिन ललिता ज्वेलरी मार्ट का 1,700 करोड़ रुपये का आइपीओ भी खुलेगा। इसके अगले दिन यानी 18 अगस्त को शंकेश ज्वेलर्स का 367 करोड़ रुपये और टेलीविजन निर्माता सनशाइन पिक्चर्स का 282 करोड़ रुपये का आइपीओ खुलेगा। गाजा कैपिटल ब्रांड के तहत कार्य करने वाली गाजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट का 550 करोड़ रुपये का आइपीओ 19 अगस्त और टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया का आइपीओ 20 अगस्त को खुलेगा। एकीकृत सोना और चांदी का कारोबार करने वाली आग्मोंट एंटरप्राइजेज का 825 करोड़ रुपये का आइपीओ 21 अगस्त को खुलेगा।

इन आइपीओ में नए और प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। कंपनियां शेयर बिक्री से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल कर्ज निपटान, कारोबार विस्तार और सामान्य कारपोरेट उद्देश्यों के लिए करेंगी। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, इनके साथ ही 2026 में अब तक आइपीओ लांच करने वाली कंपनियों की संख्या 55 तक पहुंचने की उम्मीद है। अगस्त में अब तक आइपीओ लाने वाली तीन कंपनियों के शेयर एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हो चुके हैं।





| कंपनी | शेयर मूल्य |
|---|---|
| होराइजन इंडस्ट्रियल पार्क्स | 57-60 |
| ललिता ज्वेलरी मार्ट | 190-201 |
| शंकेश ज्वेलर्स | 88-93 |
| शनशाइन पिक्चर्स | 342-360 |
| गाजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट | 152-160 |

(**नोट :** टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स और आग्मेंट एंटरप्राइजेज के शेयर मूल्य बाद में घोषित होगा। शेयर मूल्य रुपये प्रति इकाई में है।)

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# मोदी के संकल्प पर आज से मंथन करेंगे बैंक

## पीएम ने 15 अगस्त के संबोधन में एक बैंक को दुनिया के शीर्ष पांच बैंकों में शामिल होने का दिया लक्ष्य

जयप्रकाश रंजन • जागरण

- सम्मेलन का उद्देश्य नागरिक केंद्रित व्यावहारिक रणनीतियां तैयार करना
- क्रेडिट कार्ड व्यवसाय को नए सिरे से मजबूत बनाने पर भी होगी चर्चा
- दुनिया के शीर्ष पांच से बहुत दूर है देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआइ





**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में देश के बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि आज भारत का बैंकिंग सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसलिए कम से कम एक भारतीय बैंक दुनिया के शीर्ष पांच बैंकों में शामिल होना चाहिए। इस संकल्प को आगे बढ़ाने पर वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की तरफ से 17-18 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 'पीएसबी कान्फ्लुएंस' में विचार होगा। यह बैठक सरकारी बैंकों और सरकारी वित्तीय संस्थानों के शीर्ष नेतृत्व को एक मंच बैंकिंग सेक्टर को लेकर पीएम के विजन पर विमर्श करने का मौका देगी।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, बैठक का उद्देश्य सहयोगपूर्ण संवाद, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान और समयबद्ध, व्यावहारिक रणनीतियां तैयार करना है, जिनका फोकस नागरिक-केंद्रित परिणामों पर होगा। इसमें जमा संग्रहण, युवाओं के लिए बैंकिंग, निवेश चक्र को समर्थन, वैश्विक क्षमता बढ़ाने वाले केंद्रों की स्थापना, कृषि एवं बागवानी व इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर फोकस बढ़ाने, क्रेडिट कार्ड व्यवसाय को नए सिरे से मजबूत बनाने और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

देश की विशाल जरूरत के हिसाब से सस्ते कर्ज के लिए संसाधन उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग व्यवस्था को और मजबूत बनाने के अलावा वंचित वर्गों तक औपचारिक ऋण पहुंचाने पर भी जोर होगा। इसमें पीएसबी के चेयरमैन, प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक के साथ नाबार्ड, एग्जिम बैंक, सिडबी, एनएचबी, आइआइएफसीएल, आइएफसीआइ जैसे सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और इंडियन बैंक्स एसोसिएशन और डीएफएस के अधिकारी शामिल होंगे।

### एचडीएफसी बैंक को ढाई गुना बढ़ाना होगा अपना पूंजीकरण

**देश का** दूसरा सबसे बड़ा बैंक निजी क्षेत्र का एचडीएफसी बैंक है, जिसका बाजार पूंजीकरण लगभग 120 अरब डालर (11.2-11.5 लाख करोड़ रुपये) और पूंजी आधार करीब 6 लाख करोड़ रुपये है। इसे भी शीर्ष-5 में प्रवेश के लिए लगभग ढाई से तीन गुना कारोबार बढ़ाना होगा। एक अनुमान है कि वर्ष 2047 भारतीय इकोनमी का आकार बढ़कर 30 ट्रिलियन डालर के करीब हो सकता है, तब भारतीय बैंक भी शीर्ष पांच बैंकों में शामिल होने की स्थिति में संभवतः होंगे।

### एसबीआइ को 350 अरब डालर करना होगा पूंजीकरण

मौजूदा स्वरूप में देश के सबसे बड़ा बैंक एसबीआइ का बाजार पूंजीकरण लगभग 103 अरब डालर (करीब 10 लाख करोड़ रुपये) और पूंजी आधार (इक्विटी) लगभग 6.2 लाख करोड़ रुपये है। विश्व के शीर्ष-5 बैंकों (जिनका बाजार पूंजीकरण 300-350 अरब डालर से ज्यादा हो) में शामिल होने के लिए इसे अपना पूंजीकरण लगभग तीन गुना बढ़ाना पड़ेगा। सरकारी क्षेत्र के दूसरे बड़े बैंक पीएनबी का पूंजीकरण मात्र लगभग 14 अरब डालर (1.35-1.36 लाख करोड़ रुपये) और पूंजी आधार करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये है। इसे शीर्ष-5 में जगह पाने के लिए 20 गुना से ज्यादा की वृद्धि करनी होगी। यदि एसबीआइ और पीएनबी का एकीकरण हो जाए तो संयुक्त बाजार पूंजीकरण लगभग 117 अरब डालर और पूंजी आधार करीब 7.7 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा, जबकि कुल संपत्ति लगभग 1.1 ट्रिलियन डालर तक पहुंच सकती है। इससे ये दोनों मिलकर वैश्विक स्तर पर शीर्ष-30 के आसपास पहुंच सकते हैं।

## सरकार ने रिफाइनरी के लिए एलपीजी उत्पादन का लक्ष्य तय किया

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान आयातित रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद अब सरकार ने घरेलू तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) उत्पादन बढ़ाने के लिए पहली बार अलग-अलग रिफाइनरी इकाइयों और तेल-गैस कंपनियों के लिए अधिकतम उत्पादन लक्ष्य तय किए हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के 13 अगस्त के आदेश के तहत 21 रिफाइनरी और अपस्ट्रीम कंपनियों के लिए कुल 63,810 टन प्रतिदिन का एलपीजी उत्पादन क्षमता निर्धारित की गई है। यह 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष के घरेलू एलपीजी उत्पादन का दोगुना से भी अधिक है। साथ ही यह आंकड़ा देश की 70 प्रतिशत दैनिक खपत के बराबर है। भारत में वित्त वर्ष 2025-26 में करीब 3.32 करोड़ टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 1.31 करोड़ टन रहा। 2.13 करोड़ टन एलपीजी का आयात करना पड़ा।

## पहले पखवाड़े में एफपीआइ ने 16,621 करोड़ के शेयर खरीदे

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की लगातार दूसरे महीने में खरीदारी जारी है और अगस्त के पहले पखवाड़े में अब तक शुद्ध निवेशक रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के डाटा के अनुसार, 1-15 अगस्त तक एफपीआइ शुद्ध रूप से 16,621 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद कर चुके हैं। इससे पहले जुलाई में विदेशी निवेशकों ने 20,200 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की थी। एनएसडीएल का डाटा के अनुसार, हालिया खरीदारी के बावजूद एफपीआइ घरेलू शेयर बाजारों में शुद्ध बिकवाल बन चुके हैं और अब 2026 में कुल निकासी घटकर 2.4 लाख करोड़ रुपये रह गई है। हालांकि, यह कैलेंडर वर्ष 2026 की कुल निकासी 1.66 लाख करोड़ रुपये से काफी ज्यादा है। बाज़ार के जानकारों ने हालिया बदलाव के लिए कई कारणों को जिम्मेदार बताया है। इसमें दूसरे बाजारों के मुकाबले आकर्षक मूल्यांकन, कंपनियों की स्थिर कमाई, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, कच्चे तेल की नरम कीमतें और मुद्रा में कम उतार-चढ़ाव शामिल हैं।

# राष्ट्रीय फलक

## देश की पहली कारपोरेट सेक्टर की ट्रेन तेजस से जुड़ेगा स्प्राइट का नाम

जागरण संवाददाता, लखनऊ

**19** अगस्त से 11 नवंबर तक स्प्राइट तेजस एक्सप्रेस के नाम से मिलेगी पहचान

- शीतल पेय कंपनी ने तीन माह के लिए किया आइआरसीटीसी से करार

देश की पहली कारपोरेट सेक्टर की ट्रेन तेजस के साथ अब शीतलपेय कंपनी स्प्राइट का नाम जुड़ने जा रहा है। तेजस एक्सप्रेस अब देशभर में स्प्राइट तेजस एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी। 19 अगस्त से तीन माह के लिए रिजर्वेशन से लेकर रास्ते में पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर ट्रेन का एनाउंसमेंट अब परिवर्तित नाम से किया जाएगा।

रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस का नाम तीन माह के लिए बदलकर स्प्राइट तेजस एक्सप्रेस किया जाएगा।

भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आइआरसीटीसी) ने गत दिनों ही ट्रेन की ब्रांडिंग के विज्ञापन अधिकार स्प्राइट कंपनी को दिए हैं। आइआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि तेजस एक्सप्रेस की ब्रांडिंग के अधिकार कंपनी को दिए गए हैं। अब तक कंपनियां अपने उत्पाद की विनायल रैपिंग (बोगियों के बाहर कंपनी के स्टीकर लगाना) कर प्रचार तो कर पा रही थीं, लेकिन रेलवे के सिस्टम पर ट्रेनें अपने मूल नाम से ही दौड़ रहीं थी। रेल आरक्षण कराते समय आरक्षित टिकट उसी ब्रांड व ट्रेन के नाम से बुक हो सकेंगे। दिल्ली मेट्रो की तरह रेलवे स्टेशनों पर एनाउंसमेंट भी ब्रांड व ट्रेन के नाम को जोड़कर होगा।





तेजस एक्सप्रेस। फाइल

## मप्र में आटो चालक के घर मिले करोड़ों रुपये, गिनने के लिए मंगवानी पड़ी मशीन

नईदुनिया प्रतिनिधि, सागर

- अवैध हथियार रखने की सूचना पर पुलिस गई थी तलाशी लेने
- परिवार के लोगों ने बताया कि नकदी भोपाल में रहने वाले रिश्तेदार की है जो इंजीनियर हैं

मध्य प्रदेश के सागर में रविवार को अवैध हथियार रखने की सूचना पर एक आटो चालक के घर में तलाशी लेने पहुंची पुलिस को करोड़ों रुपये मिले। नोट इतने ज्यादा थे कि गिनने के लिए मशीन मंगवानी पड़ी। ये नोट पांच बड़े बैग में रखे मिले। रविवार देर रात तक नोटों की गिनती जारी रही। हालांकि, बरामद रकम कितनी है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं की गई है। अनुमान लगाया गया है कि पांच से सात करोड़ रुपये होंगे।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि आटो चालक सौरभ पुत्र जगदीश अहिरवार अपने पास अवैध हथियार रखता है। पुलिस को अवैध बंदूक के साथ सौरभ की एक फोटो भी इंटरनेट मीडिया में दिखी थी। पुलिस इसी बंदूक को बरामद करने उसके घर पहुंची थी। मौके पर मौजूद लोगों के बीच बरामद रकम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। किसी ने पांच से छह करोड़ तो किसी ने करीब सात करोड़ रुपये होने की बात कही। हालांकि पुलिस ने अभी तक नकदी की वास्तविक राशि सार्वजनिक नहीं की है।

मौके पर राजस्व विभाग की टीम को भी बुलाया गया। तहसीलदार और पटवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रकम के स्रोत और उससे संबंधित दस्तावेजों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस पूछताछ में उसके परिवार के सदस्यों ने नकदी को भोपाल में रहने वाले एक रिश्तेदार का बताया है। परिवार के अनुसार रिश्तेदार इंजीनियर है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद सभी जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।



बरामद नकदी की गिनती के लिए मकान में मशीन ले जाती पुलिस।

## एफएसएसएआइ की कार्रवाई के बाद छह कंपनियों ने हटाए भ्रामक दावे

- खाद्य नियामक से नोटिस मिलने के बाद उठाए कदम
- इनमें उत्पाद की पैकेजिंग बदलना, गलत दावे वापस लेने जैसे कदम शामिल हैं

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण(एफएसएसएआइ) की कार्रवाई के बाद छह कंपनियों ने अपने उत्पादों पर भ्रामक लेबल और ट्रेडमार्क को वापस लेने जैसे कदम उठाए हैं।

एफएसएसएआइ ने रविवार को इंटरनेट मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि छह फूड बिजनेस आपरेटरों (एफबीओ) ने खाद्य नियामक एफएसएसएआइ से नोटिस मिलने के बाद सुधारात्मक कदम उठाए। इनमें पैकेजिंग बदलना, गलत दावे वापस लेना शामिल है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा,लिव्योर वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड 'वीगन और हेल्दी' (शाकाहारी और स्वास्थ्यवर्धक) के भ्रामक दावे को वापस लिया है। कंपनी ने "लिव्योर रोस्टेड एडामे बीन्स " प्रोडक्ट के लेबल पर किए गए गुमराह करने वाले दावों के संबंध में दाखिल जवाब में कहा कि 'वीगन और हेल्दी' के दावे उत्पाद लेबल पर अनजाने में छापे गए थे।

कंपनी ने नियमों के उल्लंघन के लिए माफी मांगी है। यह आश्वासन भी दिया है कि भविष्य में यह गलती नहीं होगी। कंपनी भ्रामक दावों वाले मौजूदा पैकेजिंग को नष्ट कर रही है ताकि इसे भविष्य में उपयोग में न लाया जा सके। इसी प्रकार आनेस्ट इनोवेशनस फार यू प्राइवेट लिमिटेड और हेलियोस्टोन स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने भ्रामक ट्रेडमार्क को बदल दिया है। राजस्थान एग्रो एंड जनरल इंडस्ट्रीज ने भ्रामक दावों को हटाया है।

आयोटा नैनोटेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड ने लेबल से भ्रामक दावों को हटाया और गैर-मानकीकृत पानी का उत्पादन बंद कर दिया। पंचामृत इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड अपने वेबसाइट से उत्पाद (इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक) को हटा दिया है।

## कानपुर में 16 रुपये में महंगे कपड़ों के आफर पर भीड़ बेकाबू, भगदड़ में कई चोटिल

जागरण संवाददाता, कानपुर

- व्यापारी ने जन्मतिथि पर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित किया था आफर, भाई समेत गिरफ्तार
- आधी रात को जुटी भीड़ बेकाबू हुई दुकान बंदकर भाग गया व्यापारी, करना पड़ा लाठीचार्ज

एक व्यापारी ने अपनी जन्मतिथि पर 16 मिनट में सिर्फ 16 रुपये में कपड़े बेचने का अजीबोगरीब आफर देकर ऐसी सनसनी फैलाई कि शनिवार रात 12 बजे वहां हजारों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जाम लग गया। दुकान में पहुंचने के लिए भीड़ बेकाबू होने लगी और धक्कामुक्की शुरू हो गई। हालात बिगड़ते देख व्यापारी दुकान बंद कर भाग निकला। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां पटक कर चेताया, फिर भी लोग नहीं माने तो पीटना शुरू कर दिया। इससे भगदड़ मच गई, जिसमें कई घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि व्यापारी रईस व उसके भाई सलमान को गिरफ्तार किया गया है।

अनवरगंज में आलम मार्केट के कपड़ा व्यापारी रईस आलम की 16 अगस्त को जन्मतिथि थी। इस अवसर पर उसने फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अपनी दुकान पर एक आफर प्रसारित किया। इसमें उसने स्वतंत्रता दिवस की रात 11:59 बजे के बाद 16 मिनट में 16 रुपये में महंगे कपड़ों व अन्य सामानों की खरीदारी का आफर दिया। इसकी जानकारी होते ही देर रात तक डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ दुकान के बाहर उमड़ पड़ी। इससे सड़क-चौराहा जाम हो गया। इतनी भीड़ देख दुकान बंद कर दी गई। इस दौरान धक्का-मुक्की व हंगामा होने लगा। एसीपी अनवरगंज मंजय सिंह ने बताया कि भीड़ को समझाकर हटा दिया गया था। किसी प्रकार का बल प्रयोग नहीं हुआ।



अनवरगंज के आलम मार्केट में दुकान के लोगों की भीड़। इंटरनेट मीडिया

## शिवसेना से भी जुड़े हैं कमलेश राय

प्रथम पृष्ठ से आगे

कमलेश राय पहले सिक्योरिटी एजेंसी चलाते थे और एकनाथ शिंदे की शिवसेना से भी जुड़े हैं। वह मुंबई में चार बार, तो पत्नी दो बार नगर सेवक (नगर निगम पार्षद) रह चुकी हैं। वर्तमान में बड़ा बेटा रितेश राय नगर सेवक, छोटा बेटा यत्नेश राय डाक्टर है। गांव में पिता केदारनाथ राय और मां ऊषा राय रहते हैं। ऊषा राय ग्राम प्रधान भी हैं। गांव रामगढ़ में उनका बाबू शिवपट्टर राय स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय भी है।

**यह है नियम :** नियमों के तहत टर्मिनल के सामान्य या चेक-इन क्षेत्र में यात्री को खुद हथियार की मैगजीन निकालने, अनलाक करने या उसे संभालने की अनुमति नहीं है। इसके लिए अलग स्ट्रांग रूम होता है, जो वाराणसी एयरपोर्ट पर नहीं है। लाइसेंसी हथियार को अनलोड करने और तकनीकी जांच की प्रक्रिया प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मियों द्वारा ही की जाती है।

## न्यूयार्क में दिखाई जाएगी 'चौक यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर'

महेन्द्र पाण्डेय • जागरण

**90** मिनट की इस डाक्यूमेंट्री में दिखाई गई है अमृत लाल नागर की जीवन यात्रा

- जागरण फिल्म फेस्टिवल में भी प्रदर्शित की जा चुकी है यह डाक्यूमेंट्री

**लखनऊ:** पद्मभूषण से अलंकृत साहित्यकार अमृतलाल नागर के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री 'चौक यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर' अगले माह न्यूयार्क में प्रदर्शित की जाएगी। वहां भारतीय दूतावास के सहयोग से इसकी स्क्रीनिंग की जाएगी। गत वर्ष नवंबर में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आफ इंडिया (आइएफएफआइ) व जागरण फिल्म फेस्टिवल (जेएफएफ) में प्रदर्शित की जा चुकी इस डाक्यूमेंट्री के अगले पड़ाव मप्र सहित देश-विदेश के अन्य शहर होंगे। इसे विश्वविद्यालयों में भी दिखाया जाएगा।

इस डाक्यूमेंट्री का निर्देशन नागर परिवार की सविता शर्मा नागर व राजेश अमरोही ने किया है। इसे बनाने में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी ने सहयोग किया है। सविता ने बताया कि यह डाक्यूमेंट्री 17 अगस्त, 1916 को जन्मे अमृतलाल नागर के जीवन, उनके साहित्य व चौक जैसे स्थलों से उनके आत्मीय संबंध को दर्शाती है। इसमें 'ये कोठेवालियां', 'मानस का हंस', 'नाच्यो बहुत गोपाल', 'खंजन नयन', 'गदर के फूल', 'अमृत और विष', 'बूंद और समुद्र', 'हम फिदा-ए-लखनऊ', 'एकदा नैमिषारण्ये' आदि 10 उपन्यासों का विवरण है। उन्होंने इन कहानियों को कैसे और क्यों लिखा, उसे क्यों पढ़ें, इनके उत्तर डाक्यूमेंट्री में मिलते हैं। नागर जी ने अपने लेखन के माध्यम से जिस तरह भारतीय लोक संस्कृति, मानवीय संबंधों और सामाजिक चेतना को जीवंत किया, वो भी इसमें दर्शाया गया है। सविता ने कहा, 'चौक, चौक की गलियां और आम जन-जीवन ही नागर जी का विश्वविद्यालय बन जाते हैं और वह उस यूनिर्वसिटी के वाइस चांसलर।

फिल्म का शीर्षक नागर जी की उसी लोकनिष्ठ दृष्टि को ध्यान में रखते हुए तय किया गया है। यह डाक्यूमेंट्री न केवल अमृतलाल नागर के जीवन को दर्शाती है, बल्कि उनके बहुचर्चित 10 उपन्यासों के दौर के सामाजिक संघर्ष की झांकी को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से भी प्रस्तुत करती है।



अमृतलाल नागर के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री चौक यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर का एक दृश्य – स्वजन

# जरदारी के जहरीले बोल

पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने 'अखंड भारत' की अवधारणा के संदर्भ में जो कुछ कहा है, वह उनके बड़बोलेपन का तो प्रमाण है ही, पाकिस्तानी नेताओं की भारत को लेकर जो कुंठाएं हैं, उसका प्रकटीकरण भी है। जरदारी ने फरमाया है कि 'भारतीयों की अपनी सोच, अपना नजरिया है। वे अखंड भारत में यकीन रखते हैं, लेकिन हम मुसलमान हैं, वे नहीं हैं। हम सहन करना जानते हैं।... पाकिस्तान में चार प्रतिशत हिंदू हैं और वे यहां उतने ही आजाद हैं, जितने कहीं और। वे भारत के बजाय पाकिस्तान में रहना पसंद करते हैं।' राष्ट्रपति जरदारी की इस तकरीर से साफ पता चलता है कि उनका इतिहास-बोध बेहद कमजोर है, वरना वह अपने मुल्क में हिंदुओं के 'चार फीसदी' होने को फख्र से नहीं, शर्म से याद करते, क्योंकि सन् 1947 में जब पाकिस्तान वजूद में आया था, तब वहां 14.6 फीसदी हिंदू बसते थे और उसकी सबसे ताजा जनगणना, जो 2023 में मुकम्मल हुई है, बता रही है कि अब वे महज 2.17 फीसदी रह बचे हैं। यानी, राष्ट्रपति जरदारी को यह भी ठीक-ठीक मालूम नहीं कि उनके मुल्क में कितने फीसदी हिंदू रह गए हैं? कहां गए वे बाकी हिंदू? वे किस 'सहन' के शिकार हुए? हिंदू आबादी तो बांग्लादेश में भी घटती चली गई है!

पाकिस्तान में पहले दिन से आज तक न सिर्फ हिंदुओं, बल्कि अन्य अल्पसंख्यक समुदायों- ईसाइयों और सिखों -के साथ भी ज्यादतियां होती रही हैं और वहां ईश निंदा कानून की आड़ में जबरिया धर्मांतरण और विवाह पर एमनेस्टी इंटरनेशनल तक अपनी गहरी चिंता जता चुका है। इसके बरक्स भारत दुनिया भर में इस बात की एक मिसाल है कि जहां का बहुसंख्यक समाज सहिष्णु होता है, वहां की अकलीयत आबादी किस तेजी से तरक्की की सीढ़ियां चढ़ती है। ऐसा नहीं कि भारत में प्रतिक्रियावादी नहीं हैं या यहां सांप्रदायिक दंगे नहीं होते, मगर भारतीय समाज का पूरा ताना-बाना सहिष्णुता और सह-अस्तित्व के दर्शन पर आधारित है, इसीलिए प्रतिक्रियावादी यहां जल्द ही अलग-थलग पड़ जाते हैं। जरदारी को पता होना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत के हिंदुओं के साथ इसके मुसलमानों ने भी शाना-ब-शाना दुश्मन से मोर्चा लिया था। ऐसी एकता 'बर्दाश्त' करने से नहीं, बराबरी का एहसास होने से आती है।

**राष्ट्रपति जरदारी शायद भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' भूल गए। भारतीय समाज जैसी एकता 'बर्दाश्त' करने से नहीं, बराबरी का एहसास देने से आती है।**

इस्लामाबाद की हमेशा से यह हसरत रही है कि वह दुनिया भर के मुसलमानों का मुखिया बनना चाहता है, मगर दुर्योग से इस मोर्चे पर भी उसका दामन चाक-चाक है। अपनी चौहद्दी में ही अहमदिया समुदाय के साथ उसने कैसा बर्ताव किया है, यह पूरा संसार जानता है। पाकिस्तानी डीप स्टेट ने अहमदिया लोगों से ईद पर कुर्बानी का हक तक छीन लिया था। उनकी मस्जिदें गिरा दी गई थीं। क्यों? क्योंकि उन्होंने इस्लाम के शांति के पैगाम को अपनाया और कट्टरता से दूरी बरतने की पैरोकारी की! सदर जरदारी को दुनिया से सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया से सहिष्णुता का सबक सीखने की जरूरत है, जहां का एक पूरा द्वीप हिंदू बहुल है और उसे अपनी संस्कृति पर नाज है। दरअसल, यह पूरा दौर ही बड़बोले राजनेताओं का है। अमेरिका से लेकर दक्षिण एशिया तक ऐसे अनेक राष्ट्र प्रमुख हैं, जो आए दिन अपने अर्थहीन बयानों से सुर्खियां बटोरते रहते हैं। बेहतर होगा कि पाकिस्तानी राजनेता बेतुके बयानों से अपनी जगहंसाई कराने के बजाय इस बात पर गंभीरता से चिंतन करें कि अपनी नकारात्मक छवि कैसे दुरुस्त की जाए? यकीनन, इसमें समझदारी से बोलना उनके लिए सबसे ज्यादा मददगार होगा।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 17 अगस्त, 1951

## आगे की ओर

राष्ट्र ने स्वतंत्रता-दिवस पूर्ण उत्साह और गम्भीरता के साथ मनाया। कुछ लोग अक्सर शिकायत करते रहते हैं कि स्वतंत्रता के प्रति लोगों में निराशा और हताशा की भावना फैल गयी है। इसका कारण यह बताया जाता है कि स्वराज्य सरकार लोगों को खाना, कपड़ा और आश्रय की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में विफल रही है। जहां तक लोगों की आर्थिक कठिनाइयों का ताल्लुक है, उनके अस्तित्व को शासन के सूत्रधार भी स्वीकार करते हैं।... देशवासी स्वतंत्रता के मूल्य को समझते हैं और उन्होंने राष्ट्रध्वज की वन्दना करने के लिए लाखों की संख्या में एकत्र होकर अपने स्वतंत्रता-प्रेम का जीवित प्रमाण प्रस्तुत कर दिया है। दिल्ली के लाल किले की दीवार पर जब हमारे प्रधानमंत्री ने राष्ट्रध्वज फहराया, तो मानव-सागर उमड़ पड़ा था। स्वतंत्रता-दिवस को प्रतिवर्ष इस दृश्य की पुनरावृत्ति होती है और लोग नित नये उत्साह के साथ उस झण्डे के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं ...।

स्वतंत्रता दिवस पर हमने अपनी सफलताओं और विफलताओं दोनों का हिसाब लगाया है। हमने प्रतिकूलताओं के बावजूद जो सफलतायें प्राप्त की हैं, वे नगण्य नहीं हैं। राष्ट्रपति के शब्दों में हमने वह जमीन तैयार कर दी है, जिस पर भविष्य की इमारत का निर्माण किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने अपने सन्देश में सूक्ष्म रूप में हमारी मोटी-मोटी सफलताओं को गिना दिया है। देश में लोकतंत्री गण राज्य स्थापित हो चुका है; देशी राज्यों का अन्तर मिटा दिया गया है और सर्वत्र एक-सी राजनीतिक शासन-प्रणाली जारी कर दी गयी है; कानून और व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ है; राज्य की नौकरियों का पुनर्गठन पूरा हो चुका है और देश के भौतिक विकास की प्रारम्भिक योजना बना ली गयी है। इन सफलताओं के बाद राष्ट्रपति के शब्दों में हम ऐसी मंजिल पर पहुंच गए हैं, जहां से हमारा दूरवर्ती लक्ष्य धुंधला-धुंधला दिखाई देने लगा है।

हमारा लक्ष्य क्या है और हम क्या चाहते हैं, यह हमारे राष्ट्रनायकों ने एक बार फिर इस अवसर पर सारी दुनिया को बता दिया है। वे इस देश के प्रत्येक नागरिक का जीवन अधिक प्रसन्न, अधिक संतुष्ट और अधिक पूर्ण बनाना चाहते हैं। राजेन्द्र बाबू ने कहा है, हम अपनी पसन्द कर चुके हैं, जो हमारे देश के ऐतिहासिक आदर्शों और महात्मा गांधी की शिक्षाओं के अनुसार है।

# महंगाई की बढ़ती रफ्तार कैसे घटेगी



आलोक जोशी | वरिष्ठ पत्रकार

**जरूरत मुफ्त की रेवड़ियों का दायरा बढ़ाने की नहीं, बल्कि ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने की है, जिसमें मध्यवर्ग और गरीबों की कमाई महंगाई की गति को मात देने वाली हो।**




जिसका डर था, वही खतरा अब सामने आ खड़ा हुआ है। बरसों से काबू में चल रही महंगाई ने धीरे-धीरे ही सही, मगर सिर उठाना शुरू कर दिया है। खुदरा महंगाई जुलाई में 4.45 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो पिछले उन्नीस महीनों में सबसे ज्यादा है। जून में यह आंकड़ा 4.38 प्रतिशत था। इससे भी ज्यादा फिक्र की बात है खाद्य महंगाई, जो 5.52 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। यानी, उन चीजों के दाम तेजी से बढ़े हैं, जो किसी भी परिवार के मासिक बजट का सबसे बड़ा हिस्सा होती हैं।

इजरायल और अमेरिका-ईरान युद्ध एवं होर्मुज की खाड़ी के ठप होने से कच्चे तेल के बाजार में मची उथल-पुथल के बाद से यह आशंका जताई जा रही थी कि इसका असर महंगाई के रूप में सामने दिखेगा और अगर मामला जल्दी नहीं निपटा, तो यह गंभीर आर्थिक संकट में बदल सकता है। संकट अभी उतना गंभीर हुआ नहीं है, लेकिन पूरी तरह टला भी नहीं है। महंगाई का आंकड़ा और खाने-पीने की चीजों की महंगाई का आंकड़ा, दोनों अभी तक रिजर्व बैंक की बर्दाश्त की सीमा, यानी दो से छह प्रतिशत के भीतर ही हैं, लेकिन उसके लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर ही चल रहे हैं। फिक्र की बात है कि महंगाई का यह झटका ऐसे समय में आया है, जब मध्यवर्ग पहले ही शिक्षा, स्वास्थ्य, घर की कीमत या किराये, बीमा, टेलीफोन और बिजली जैसी जरूरी चीजों के बढ़े दाम से जूझ रहा था।

इसलिए, महंगाई का सूचकांक या आंकड़ा साढ़े चार प्रतिशत होने का मतलब यह नहीं है कि आम आदमी की जेब पर सिर्फ साढ़े चार प्रतिशत का बोझ पड़ने वाला है। किसी भी परिवार पर महंगाई का असर इस बात से तय होता है कि वह किस चीज पर कितना खर्च करता है। समझ लें कि अगर किसी परिवार में कमाई का बड़ा हिस्सा भोजन, घर के किराये, स्कूल फीस, परिवहन और स्वास्थ्य पर खर्च हो रहा है, तो उस पर महंगाई बढ़ने का असर सामान्य से ज्यादा दिखाई पड़ेगा। ऐसे में ही अक्सर लोग सवाल पूछते हैं कि हमारा तो पूरा बजट बिगड़ गया, लेकिन महंगाई के मीटर पर ता वह कहीं दिखता नहीं? इसी का दूसरा पहलू है कि महंगाई दर कम होने का मतलब यह नहीं होता कि महंगाई गायब हो गई है। बस उसके बढ़ने की रफ्तार कम होती है। इसके साथ ही एक दूसरी चुनौती भी आ गई है। कुछ समय पहले जीडीपी की दौड़ में जापान और ब्रिटेन को पछाड़कर चौथे पायदान पर पहुंचा भारत एक बार फिर उनसे पीछे, यानी वापस छठे स्थान पर पहुंच गया है।

क्या इसका मतलब यह है कि हमारी अर्थव्यवस्था सिकुड़ गई है या भारत की आर्थिक प्रगति की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है? ऐसा कतई नहीं है। इस उठापटक की सबसे बड़ी वजह रुपये में आई कमजोरी है। क्योंकि, अब डॉलर की कीमत रुपये के मुकाबले काफी बढ़ गई है। इसीलिए, रुपये के पैमाने पर स्थिर या थोड़ी-बहुत बढ़ने के बावजूद, भारत की जीडीपी डॉलर के पैमाने पर गिरती हुई दिख रही है। हालांकि, आईएमएफ के अनुमान में, भारत की वास्तविक वृद्धि दर अब भी दुनिया की महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज है, यानी जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। साफ है, दुनिया की सूची में चौथे से छठे स्थान तक फिसलने का मतलब यह नहीं है कि भारत की अर्थव्यवस्था में गिरावट या कमजोरी आ गई है, लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं है कि इस बात को नजरअंदाज किया जाए।

यहां देखना होगा कि देश की तरक्की का फायदा आबादी के कितने बड़े हिस्से तक पहुंच रहा है। मसलन, देश की प्रतिव्यक्ति आय या प्रतिव्यक्ति जीडीपी 2,800 डॉलर के आसपास ही है, जबकि पूरी दुनिया का औसत प्रतिव्यक्ति जीडीपी करीब 14 हजार डॉलर के आसपास है। इनमें अमेरिका के नब्बे हजार डॉलर, जर्मनी के साठ हजार डॉलर, ब्रिटेन के सत्तावन हजार डॉलर, जापान के पैंतीस हजार डॉलर को छोड़ भी दें, तो चीन का तेरह हजार डॉलर, दक्षिण कोरिया का छत्तीस हजार डॉलर, थाईलैंड का आठ हजार डॉलर और यहां तक कि श्रीलंका का पांच हजार डॉलर प्रतिव्यक्ति का आंकड़ा अपने आप में भारत के नीति-नियंताओं के लिए बड़ा सवाल है।

सवाल है, अगर देश की जीडीपी दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही है, तो फिर आपको अपनी जेब तंग क्यों लगने लगती है? यहां दो मामले हैं। पहला, अगर जीडीपी छह या सात प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रही है, लेकिन घर का खर्च आठ या दस प्रतिशत से, तो हालात बिगड़ेंगे ही। यही कारण है कि एक तरफ शेयर बाजार, कॉरपोरेट मुनाफे और देश की तरक्की के आंकड़े मजबूत दिख रहे हैं, तो वहीं परिवारों को लग रहा है कि बचत करना पहले से मुश्किल हो गया है। दूसरा मामला है, संपत्ति और कमाई का केंद्रीयकरण और लगातार बढ़ती गैर-बराबरी। अमीर ज्यादा अमीर होते जा रहे हैं और गरीबों को मुफ्त अनाज के भरोसे रहना पड़ता है। अगर आप साल में बीस लाख रुपये भी कमाते हैं, तो आप देश के 98-99 प्रतिशत लोगों से ज्यादा कमा रहे हैं।

देश में सबसे ज्यादा कमाने वाले एक प्रतिशत लोग देश की कुल आमदनी का 22.6 प्रतिशत हिस्सा कमा रहे हैं। उधर, नीचे की आधी आबादी के पास इस कमाई में कुल 15 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है। उच्च आय वाले एक प्रतिशत के भीतर भी फर्क है। इसमें सबसे ऊपर के 0.1 प्रतिशत लोग बाकी 0.9 प्रतिशत के मुकाबले औसतन सोलह गुना ज्यादा कमा रहे हैं। संपत्ति के पैमाने पर देखेंगे, तो देश के लोगों की कुल संपत्ति का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास है। इसमें से भी 74 प्रतिशत उनके पास है, जो सबसे अमीर या 0.1 प्रतिशत हैं। पिछले बीस-पच्चीस सालों में यह अनुपात बढ़ता ही रहा है।

सरकार गरीबों को मदद देकर संतुष्ट रखने की कोशिश करती है, पर यह काफी नहीं है। जरूरत मुफ्त की रेवड़ियों का दायरा बढ़ाने की नहीं है, बल्कि ऐसी अर्थव्यवस्था बनाने की है, जिसमें मध्यवर्ग और गरीबों की कमाई की रफ्तार महंगाई की गति को मात देने वाली हो। बच्चों की पढ़ाई और इलाज का बोझ काबू के बाहर न हो जाए और रोजगार भरोसेमंद हो। आने वाले वक्त में यही भारत की सबसे बड़ी चुनौती होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# वैश्विक खेल स्पर्द्धाओं में खूब तिरंगा लहरा रहे हमारे एथलीट



मनोज चतुर्वेदी | वरिष्ठ खेल पत्रकार

भारतीय एथलीटों ने पहले राष्ट्रमंडल खेलों में और फिर यूजीन अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके जता दिया है कि अब हम भी विश्व स्तर पर धाक जमाने का माद्दा रखते हैं। अभी कुछ वर्षों पहले तक विश्व एथलेटिक्स हो या ओलंपिक, हम विश्व स्तर के आसपास भी नजर नहीं आते थे। यही वजह रही है कि हम दशकों तक मिल्खा सिंह और पीटी ऊषा के कांस्य पदक से चूकने की गाथा याद करते रहे, लेकिन नीरज चोपड़ा के 2020 के टोक्यो ओलंपिक में जेवलिन का स्वर्ण पदक जीतने के बाद से देश का माहौल बहुत बदल गया है।

अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बसंत कुमार ने ऊंची कूद और आशीष यादव ने जेवलिन में रजत पदक तथा शहनवाज खान ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों में बेहतर प्रदर्शन से बने माहौल को और उम्दा कर दिया। खास बात यह है कि ये तीनों एथलीट छोटे शहरों के बहुत सामान्य परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। बसंत कुमार राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ गांव से ताल्लुक रखते हैं, तो वहीं आशीष यादव उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में दूध बेचने वाले के बेटे हैं। इसी तरह, शहनवाज खान प्रतापगढ़ जिले के मधईपुर गांव के हैं। उनके पिता टैक्सी चलाते हैं, यानी भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिभाएं तलाशकर, अब उन्हें तराशने में सफल हो रहा है।

**कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इस साल के शुरुआती तीन महीनों में ही 20 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बन गए।**

कॉमनवेल्थ गेम्स एथलेटिक्स में भारत द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर देश के लिए विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक जीतने वाली अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा था, भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन की पिछले दो सालों की नीतियों का यह परिणाम है। फेडरशन ने पेरिस ओलंपिक के बाद राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों को विकेंद्रित करने की नीति बनाई। इससे पहले ज्यादातर शिविर एनआईएस पटियाला और साई केंद्र बेंगलुरु में ही आयोजित होते थे, लेकिन नई नीति लागू होने के बाद देश भर में विभिन्न केंद्रों पर शिविरों का आयोजन होने लगा, जिससे बुनियादी सुविधाएं भी देश के विभिन्न शहरों में विकसित होने लगीं और प्रतिभाओं को प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं अपने आस-पास ही मिलने लगीं।

आजादी के बाद दशकों तक खेल सुविधाएं कुछ ही बड़े शहरों में सीमित थीं। इसकी वजह से थ्रो स्पर्द्धाओं के खिलाड़ी सिर्फ पंजाब और हरियाणा से, छोटी दूरी की दौड़ों के धावक दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु, केरल से और मध्यम दूरी की दौड़ों के धावक उत्तर प्रदेश से निकला करते थे, लेकिन बदले हालात में अब छोटे-छोटे कस्बों और गांवों से भी प्रतिभाएं सामने आ रहीं हैं। इसी का परिणाम है कि कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इस साल के शुरुआती तीन महीनों में ही 20 नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बन गए थे।

एथलेटिक्स में भारत की खराब स्थिति का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि विश्व एथलेटिक्स में तीन और ओलंपिक में चार ही पदक हमने जीते हैं। विश्व एथलेटिक्स में भारत ने 1983 से भाग लेना शुरू किया और सात चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद साल 2003 में आठवीं चैंपियनशिप में अंजू बॉबी जॉर्ज ने लंबी कूद में कांस्य पदक के रूप में पहला पदक दिलाया। इसके 19 साल बाद, यानी साल 2022 में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पदक जीता। वह 2023 में भी पदक जीतने में सफल रहे। ओलंपिक में तो स्थिति और भी खस्ता रही है। नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 के पेरिस ओलंपिक में दो रजत पदक जीते थे। इसके बाद भारत को अगले पदक के लिए 120 साल का इंतजार करना पड़ा। नीरज चोपड़ा ने साल 2020 के टोक्यो ओलंपिक में जेवलिन का स्वर्ण पदक जीता। नीरज ने ही 2024 के पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

देश में पिछले कुछ सालों में सुविधाओं में तो इजाफा हुआ ही है, प्रशिक्षण में विदेशी कोचों के आने से भी खिलाड़ियों के स्तर में काफी सुधार दिखने लगा है। साथ ही देश में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन बढ़ने से युवा प्रतिभाओं को अच्छा अनुभव मिल रहा है। इन सबके कारण न सिर्फ उनके प्रदर्शन में निखार आया है, बल्कि वे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय पताका को फहराने को पूरी तरह तैयार नजर आ रहे हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# अहोभाव से देखना

सावन के महीने में मन भी हरा-हरा हो जाता है। इस महीने में इतने अधिक व्रत रखने के पीछे धार्मिक आस्था, आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का एक गहरा तालमेल है। हमारे पूर्वजों ने स्वास्थ्य और धर्म को एक साथ जोड़कर इन नियमों को बनाया था।

लोग पूजा-प्रार्थना तो करते हैं, लेकिन उनके दिल में अहोभाव खो गया है। कोई भी व्रत हो, कुछ पाने के लिए किया जाता है। जो लोग मंदिरों में जाते हैं, उनके भीतर कोई न कोई मांग होती है। एक एक हकीकत है कि जो मिला है, उसके लिए अहोभाव प्रगट करने कोई मंदिर में नहीं जाता। यह कोई भक्ति नहीं हुई। भक्ति में तो हृदय कृतज्ञता से भरा होता है। भारतवर्ष की एक बहुत बड़ी खासियत रही है कि यहां के गरीब लोगों के चेहरे पर संतोष की मुस्कान दिखाई देती है। किसी सब्जी वाले या रिक्शा चलाने वाले से पूछो कि हाल कैसा है, तो वे आपको कहते मिलेंगे, 'भगवान की दया से सब अच्छा चल रहा है, सब ठीक है।'

आखिर ये किस बात पर मुस्कराते हैं? इनके 'सब ठीक' का दायरा क्या होता है? कोई जाकर इनका घर और सामान-असबाब देखे, तो अचंभित होगा कि इस हालत में यह मुस्कान कहां से आती है? इससे उलट धनवानों को देखो, तो उनके पास सब कुछ है, लेकिन मुस्कान बहुत महंगी हो गई है। वे हमेशा तनाव में, हमेशा परेशान मिलते हैं। इसका क्या गणित होगा? यह विपरीत गणित है। जो भी संपन्न होते हैं, उनमें अहोभाव नहीं होता। आदमी जितना अधिक पढ़ा-लिखा, जितना काम में कुशल होता है, उतना ही उसका अहोभाव कम होता जाता है। उसके भीतर अहंकार बढ़ता जाता है। लालच और महत्वाकांक्षा बढ़ती जाती है। यह जो असंतुष्टि की आग सी लगी रहती है, इसी कारण से अहोभाव खो गया है। शायद अब यह शब्द भी लोग भूल गए होंगे।

साधारणतः वासना वही देखती है, जो आपके पास नहीं है। भक्ति उल्टी स्थिति है; वह जो आपके पास है, उसे देखती है। जो आपके पास नहीं है, उसी को देखते रहो, तो आप सदा दुखी रहेंगे। लाख रुपये आपके पास हैं, वह आप नहीं देखते; अरबों-खरबों जो आपके पास नहीं हैं, उसे ही आप देखते हैं, इसलिए मन बेचैन रहता है।

**शिवसूत्र में एक सुंदर सूत्र हैः आसनस्थः सुखम् हृदे निमज्जति। शांत बैठा हुआ व्यक्ति आराम से भीतर के सरोवर में डूबता है। इस सरोवर का पता चलना ही अहोभाव है।**

'जो है' अगर उसे देखें, तो अहोभाव पैदा होता है। जरा आंख खोलकर देखें, तो इतना दिया है अस्तित्व ने कि आप सिवाय धन्यवाद के और क्या कर सकते हैं!

अपने हृदय से पूछें, तो वह हमेशा अहोभाव में डूबा रहता है। वह कभी 'और' की मांग नहीं करता। थोड़ा दिल के रास्ते भी चलकर देखें। शिवसूत्र में एक सुंदर सूत्र हैः आसनस्थः सुखम् हृदे निमज्जति। शांत बैठा हुआ व्यक्ति आराम से भीतर के सरोवर में डूबता है। इस सरोवर का पता चलना ही अहोभाव है।

अमृत साधना

योगी आदित्यनाथ | मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**ऊर्जा, उत्साह और असीम संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवा साथी 'विकसित भारत' के सुदृढ़ आधार स्तंभ हैं। आप सब अपनी प्रतिभा से सफलता के नव नभ स्पर्श करें। जहां भी रहिए, कौशल, संस्कार और सेवा-भाव के मूलमंत्र को हृदय में संजोए रखिए।**

# महिलाओं पर अपने ही करते बर्बरता

घर को मनुष्य के लिए सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि महिलाओं और बच्चों के लिए यही घर अब भय, अपमान और हिंसा का केंद्र बनने लगा है। घरेलू हिंसा का अर्थ केवल मारपीट नहीं है, मानसिक प्रताड़ना, गाली-गलौज, धमकी, आर्थिक नियंत्रण, जबरन संबंध, उपेक्षा और लगातार अपमान भी इसके गंभीर रूप हैं। यह समस्या परिवार की निजी बात नहीं, बल्कि समाज और कानून के सामने खड़ी एक बड़ी चुनौती है।

निस्संदेह, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाए गए हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई यही है कि महिलाएं खुद को कहीं भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पातीं। उन्हें हर जगह हिंसा का भय सताता रहता है। घर में भी। यहां भी उन्हें अपने साथ बर्बरता होने का अंदेशा होता रहता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 की रिपोर्ट के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। इसके मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में हर चौथी और शहरी क्षेत्र में हर छठी महिला किसी-न-किसी रूप में हिंसा का शिकार हो रही है। इसका अर्थ है कि शहरों की तुलना में ग्रामीण महिलाओं को घरेलू व यौन हिंसा का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है, जबकि अपने देश में गांवों को शहरों की तुलना में कहीं अधिक शांतिप्रिय माना जाता है। यह स्थिति तब है, जब ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने के विशेष प्रयास किए जाने के लगातार दावे किए जा रहे हैं। सवाल यही है कि अगर महिलाओं के खिलाफ हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए अलग से कानून बनाए गए हैं, तो फिर इस तरह की घटनाएं रुक क्यों नहीं रही हैं? इसका मतलब यही है कि कानूनों का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है, नतीजतन महिलाओं की सुरक्षा आज एक बड़ी चुनौती बन गई है।

घरेलू हिंसा की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि पीड़िता अक्सर चुप रहने के लिए मजबूर होती है। सामाजिक प्रतिष्ठा, बच्चों का भविष्य, आर्थिक निर्भरता, परिवार टूटने का डर और समाज की तथाकथित 'इज्जत' उसे आवाज उठाने से रोकती है। कई बार 'यह तो घर-परिवार की बात है' जैसी सोच हिंसा करने वाले व्यक्ति को अप्रत्यक्ष संरक्षण देती है। घरेलू हिंसा को पति-पत्नी के आपसी विवाद तक भी सीमित करके देखा जाता है, जबकि इसका दायरा कहीं अधिक व्यापक है।

दुर्भाग्यपूर्ण है कि हिंसा करने वाले पुरुष को कई बार परिवार और समाज से परोक्ष समर्थन मिल जाता है। विवाह किसी पुरुष को अपनी पत्नी पर हिंसा करने, उसे अपमानित करने या उसके जीवन पर पूर्ण नियंत्रण रखने का अधिकार नहीं देता। उसे समझना चाहिए कि पत्नी उसकी संपत्ति नहीं, जीवनसंगिनी है।

कुमार गौरव, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

घरेलू हिंसा



# घरेलू हिंसा को रोकने के हो रहे प्रयास

भारत में घरेलू हिंसा गंभीर सामाजिक समस्या रही है। यह केवल शारीरिक हिंसा तक सीमित नहीं होती, बल्कि मानसिक, आर्थिक, भावनात्मक और यौन उत्पीड़न भी इसके दायरे में आते हैं। हालांकि, समस्या समाप्त नहीं हुई है, फिर भी कहना उचित होगा कि पिछले दो दशकों में इसे रोकने में सरकार, न्यायपालिका, प्रशासन और समाज द्वारा गंभीर प्रयास किए गए हैं।

घरेलू हिंसा के विरुद्ध सबसे महत्वपूर्ण कदम 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम- 2005' है। इस कानून ने महिलाओं को केवल अपराध दर्ज कराने का अधिकार नहीं दिया, बल्कि आर्थिक सहायता और मुआवजे जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं। इस कानून के तहत सुरक्षा अधिकारियों की भूमिका को भी मजबूत किया गया है। कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ सरकार ने पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता देने के लिए 'वन स्टॉप सेंटर' की व्यवस्था की है। ये केंद्र हिंसा से लड़ रही महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सा सहायता, कानूनी परामर्श, पुलिस सहायता, मनो-सामाजिक परामर्श और अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अनुसार, 2026 तक देशभर में 985 से अधिक वन स्टॉप सेंटर संचालित हो रहे हैं।

महिलाओं के लिए हेल्पलाइन सेवाओं का भी विस्तार किया गया है। महिला हेल्पलाइन '18' चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करती है, जबकि आपातकालीन सेवा '112' संकट की स्थिति में तत्काल मदद उपलब्ध कराती है। इन सेवाओं को वन स्टॉप सेंटर और अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। घरेलू हिंसा को समाप्त करने की दिशा में जागरूकता अभियान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विभिन्न राज्यों में महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस विभाग और स्वयंसेवी संस्थाएं नियमित रूप से महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देती हैं। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि घरेलू हिंसा कानूनन दंडनीय अपराध है। इसके अलावा, पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क गठित की गई हैं। हालिया सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में 15,000 से अधिक महिला हेल्प डेस्क कार्यरत हैं, जिनमें अधिकांश का संचालन महिला पुलिसकर्मी कर रही हैं। इससे महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज कराना आसान हुआ है। साफ है, महिला हिंसा के खिलाफ बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, अंतिम सफलता तभी मिलेगी, जब समाज भी महिलाओं की गरिमा और समानता को पूरी तरह स्वीकार करेगा।

निधि कुमारी, टिप्पणीकार

# सहजता यानी सोने पर सुहागा



**शैनिस कमिंग**
हॉलैंड की पटकथा लेखक और निर्देशक

**हर इंसान की ताकत अलग होती है, इसलिए सफलता का रास्ता भी सबका अलग होता है। हम कुछ काम सहज ही बढ़िया ढंग से कर लेते हैं। जब किसी काम से हमारी पसंद और आत्मविश्वास जुड़ जाता है, तब मेहनत बोझ नहीं लगती। ऐसे ही काम हमारी कुदरती क्षमता का संकेत होते हैं। अपनी इस सहजता को पहचानना हमारी सफलता को टिकाऊ बनाता है। अपनी सही दिशा कैसे पहचानें, आइए जानें**



हम अक्सर सुनते हैं कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत करो, सुबह जल्दी उठो, आत्मविश्वास रखो, सफल लोगों की आदतें अपनाओ और कभी हार मत मानो। क्या केवल मेहनत और आत्मविश्वास ही सफलता की गारंटी हैं? यह जरूरी नहीं है।

सफलता में सहजता की बड़ी भूमिका होती है। जिन कामों में हमारी स्वाभाविक रुचि, क्षमता और सहज प्रवाह होता है, उनमें सफलता पाने की संभावना अधिक हो सकती है। सबसे बड़ी बात सहजता का दिखावा नहीं किया जा सकता, इसलिए हमें एक ऐसा रास्ता खोजना चाहिए, जहां मेहनत के साथ हम सहजऔर संतोष भी महसूस कर सकें। आइए जानते हैं, ऐसे तीन काम जो हमारी सफलता की सहज दिशा बन सकते हैं-

### 1. ऐसा काम, जो आपकी प्रतिभा से मेल खाए

हम अक्सर वही करना चाहते हैं, जो हमें पसंद है। ऐसे में जरूरी नहीं कि हम उस काम में स्वाभाविक रूप से अच्छे भी हों।

प्रतिभा के कुछ संकेत स्पष्ट होते हैं। दूसरे लोग आपकी क्षमता को पहचानते हैं। आपको बार-बार किसी खास काम के लिए सराहा जाता है। उस काम को करते समय आपको लगता है कि आप चीजों को सहज रूप से समझ लेते हैं।

कई बार हम किसी काम में केवल इसलिए टिके रहते हैं, क्योंकि हम उसमें लंबे समय से काम कर रहे हैं। याद रखें, हमारे लिए वो काम सही है, जिसमें मुश्किलें तो आएं, पर उपलब्धियां, सीख व आगे बढ़ने के संकेत भी मिलते रहें। मेहनत तो करनी ही होगी, पर आप खुद को धारा के विपरीत महसूस न करें।

> **65%**
> तक आर्थिक सफलता से मिली खुशी का असर चार साल में कम हो गया। ऐसा जर्मनी के 7,812 लोगों में आय व सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ने पर खुशी में आए बदलाव से जुड़े अध्ययन में देखा गया।

### 2. ऐसा काम, जिसे पूरे भरोसे से कर सकें

प्रतिभा के साथ आत्मविश्वास सफलता को और आसान बना देता है। आत्मविश्वास हमें काम पर ध्यान केंद्रित करने, गलतियों से सीखने और अवसरों को स्वीकार करने में मदद करता है। आत्मविश्वासी व्यक्ति हमेशा सबसे प्रतिभाशाली नहीं होता, लेकिन कई बार वह अपनी क्षमता को दूसरों के सामने बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर पाता है।

हालांकि, आत्मविश्वास के साथ कौशल का आधार होना जरूरी है। इन दोनों के साथ से ही सहजता पैदा होती है।

### 3. ऐसा काम, जिसे करने से खुशी मिले

हर लक्ष्य के रास्ते में चुनौतियां, असफलता, आलोचना, अस्वीकृति और आत्म-संदेह आते हैं। केवल महत्वाकांक्षा हमें बहुत दूर तक नहीं ले जा सकती। अगर आपको अपने काम में आनंद मिलता है, तो आप कठिन दौर में भी उससे जुड़े रह सकते हैं। दरअसल, मंजिल की खुशी यात्रा से भी जुड़ी है। यही खुशी आपको अपने काम में सहज बनाती है। इसके विपरीत, अगर कोई व्यक्ति लगातार दुख, तनाव और अस्वीकृति सहते हुए केवल इस उम्मीद में काम कर रहा है कि एक दिन सफलता मिलेगी और सारी पीड़ा सार्थक हो जाएगी, तो उसे खुद से पूछना चाहिए-क्या वास्तव में यह जुनून है, या इसके पीछे कोई गहरी जरूरत छिपी है?

### खुद से पूछें चंद सवाल

- किसी काम में सफलता न मिलने पर बेचैन हो उठते हैं और खुद को असफल मानते हैं?
- काम से बाहर की आपकी जिंदगी लगातार छोटी हो रही है? अपने पसंद के काम के लिए समय नहीं निकाल पाते?
- अपनी सफलता खोने का लगातार डर बना रहता है?
- परिवार, दोस्ती और सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते?
- आप सोचते हैं कि आपकी उपयोगिता तभी है, जब आप सफल है?

### लक्ष्य को खुद पर हावी न करें

हमारे सपने, हमारे जीवन का जरूरी हिस्सा हो सकते हैं, पर वे हमारी पूरी पहचान पर हावी नहीं हो सकते। हम सफल हैं, तभी हमारी उपयोगिता है, ऐसा नहीं है। इस तरह जब आपको सफलता नहीं मिलेगी, आप हीन भावना के शिकार हो जाएंगे। कई बार हम किसी लक्ष्य से इसलिए चिपके रहते हैं, क्योंकि हमें लगता है कि सफलता के कारण हमें दूसरों से सम्मान और प्रेम मिलेगा। अपने सपनों को अपनी पूरी पहचान न बनाएं।

आपकी रचनात्मकता, हास्य, रिश्ते, संवेदनशीलता, दोस्ती, जिज्ञासा और जीवन के छोटे-छोटे आनंद भी आपकी पहचान का हिस्सा हैं। जीवन में ऐसी चीजें भी होनी चाहिए, जो हमें जीवंत महसूस कराएं।

दोस्तों के साथ समय बिताएं, यात्रा करें, कुछ नया सीखें, खेलें, पढ़ें, खाना बनाना सीखें या कोई भी ऐसा काम करें, जिसका आपके करियर से कोई संबंध न हो।

### आपकी नजर में सफलता

क्या आपके लिए सफलता का मतलब बहुत पैसा कमाना है? प्रसिद्ध होना? स्वतंत्रता? परिवार के साथ समय बिताना या ऐसा जीवन चाहिए, जिसमें आपको अपने काम से संतुष्टि मिलती हो?

अगर आपने सफलता की अपनी परिभाषा तय नहीं की, तो आप लगातार अगली मंजिल के पीछे भागते रहेंगे। एक लक्ष्य के बाद दूसरे लक्ष्य के पीछे दौड़ते रहेंगे। रास्ते में मिली छोटी सफलताओं को पहचानना और उनका आनंद लेना भी जरूरी है।

### सहजता जरूरी क्यों?

जीवन में हार-जीत, मेहनत और संघर्ष हमेशा रहेंगे। सहजता का अर्थ है कि चुनौतियों के बावजूद आप अपनी दिशा में ही मेहनत कर रहे हैं। हम किसी लक्ष्य को पाने के लिए अत्यधिक बेचैन हो जाते हैं, तो उसे अपनी पहचान और खुशी से जोड़ देते हैं। तब लक्ष्य प्रेरणा नहीं, दबाव बन जाते हैं।

कभी-कभी सही सवाल यह होता है कि क्या मैं सही दिशा में मेहनत कर रहा हूं? क्या यह काम मेरी प्रतिभा से मेल खाता है? क्या मुझे खुद पर विश्वास है? सफलता यह नहीं कि हम खुद को लगातार धकेलते रहें। हम ऐसी दिशा खोजें, जिसमें मेहनत के साथ सहजता, आनंद और संतुलन भी बना रहे।

tinybuddha.com

# मन को हल्का रखना इसलिए जरूरी

**हर बात को दिल पर लेना, खुद को साबित करने की कोशिश करना और अपनी उपलब्धियों को ही अपनी पहचान बना लेना मन को धीरे-धीरे भारी कर देता है। भावनात्मक स्थिरता का होना हमारे मन की सेहत और रिश्तों के लिए बेहद जरूरी है।**

**कुछ** लोग ऐसे होते हैं, जिनके आसपास रहकर मन सहज हो जाता है। उनसे बात करना आसान लगता है। वे अपनी बात कहते हैं, पर खुद को साबित करने की बेचैनी उनमें नहीं होती। वे गंभीर बातें भी सहज मुस्कान के साथ कह देते हैं। कुल मिलाकर, उनके भीतर एक तरह की स्थिरता होती है।

एक शादी में नौ साल की बच्ची ने मुझसे पूछा कि मनोचिकित्सक क्या करता है? मैंने कहा, 'जब लोग उदास, अकेले या परेशान होते हैं, तब मैं उनकी बातें सुनती हूं।' उसने तुरंत पूछा, 'क्या आप सिर्फ सुनती हैं?' मैंने समझाया कि विज्ञान और शोध पर आधारित तरीकों से मैं लोगों को अपने भीतर छिपी उम्मीद को फिर से खोजने में मदद करती हूं। उसके बाद बच्चे ने फिर पूछा, 'क्या लोग आपके पास सिर्फ रोते हैं या हंसते भी हैं?' मैंने कहा, 'बहुत हंसते हैं, कभी खुशी में, कभी संकोच से और कभी आंखों में आंसू होते हुए भी।' वह हंसकर बोला, 'मम्मा कहती हैं कि हंसी सबसे अच्छी दवा है।'



बच्चे की मासूमियत ने याद दिलाया कि जीवन की गंभीरता और मन का हल्कापन एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। हम पूरी जिम्मेदारी से जीते हुए भी खुश रह सकते हैं।

### बोझ कम ही अच्छा

हमारा हंसी-खुशी से जिंदगी जीना, लापरवाह होना नहीं है। कुछ लोग वर्षों के अनुशासन और अभ्यास के बाद भी सहज बने रहते हैं। एक साधु से मुलाकात में मैंने यही देखा। उनके भीतर गहरी समझ और शांति थी, पर व्यवहार में कठोरता नहीं, बल्कि सरलता और मस्ती थी।

मेरा सामना अक्सर इस सवाल से होता है कि क्या हम बड़े होकर यह भूल जाते हैं कि जीवन को मस्त रहते हुए भी पूरी गंभीरता से जिया जा सकता है? खुद को हल्का रखना जिम्मेदारियों से भागना नहीं है। इसका अर्थ है- अपना सर्वश्रेष्ठ देना, लेकिन हर चीज का बोझ भीतर लेकर न चलना।

जब काम, पद और उपलब्धियां हमारी पहचान बन जाती हैं, तो किसी भी आलोचना को हम अपने अस्तित्व पर हमला समझने लगते हैं। सोशल मीडिया इस दबाव को और बढ़ाता है। हम जैसे हैं, वैसे रहने के बजाय वैसे बनने की कोशिश में लगे रहते हैं, जैसे दूसरों को दिखना चाहते हैं।

जब हमारे भीतर खुद को साबित करने की बेचैनी नहीं होती, तो हम दूसरों को बेहतर सुन पाते हैं। खुले मन से चीजों पर विचार कर पाते हैं। नई बातों के लिए तैयार रहते हैं, अपनी सोच को मांजते रहते हैं।

### सीखें भावों को साधना

सहजता कमजोरी नहीं है। हम विनम्र रहकर भी दृढ़ हो सकते हैं और दूसरों को समझते हुए अपनी सीमाएं भी तय कर सकते हैं। भावनात्मक लचीलापन यही है- हम समझने लगते हैं, कहां नरम रहता है और कहां अपनी सीमाएं स्पष्ट करनी हैं।

अपने भावों को अपने ऊपर हावी न होने दें। आप और आपके भाव अलग हैं। इस थोड़ी सी दूरी को समझने की कोशिश करें।

कुछ देर रुकना, सांसों पर ध्यान देना, ध्यान करना या शरीर की संवेदनाओं को देखना मददगार हो सकता है। बच्चों से भी हम सीख सकते हैं। वे खेलते हैं, हंसते हैं, छोटी बातों में खुश होते हैं और फिर आगे बढ़ जाते हैं। कभी-कभी बिना योजना टालें, अकेले या दोस्तों के साथ संगीत पर नाचें। हर काम का कोई परिणाम होना जरूरी नहीं।

जीवन में पकड़ने के साथ छोड़ना आना जरूरी है। हर बात को व्यक्तिगत लेना, सही नहीं है। जिंदगी को गंभीरता से जीना जरूरी है, लेकिन हर चीज को भारी और बोझिल बनाकर जीने से बचा जा सकता है।

**सोनाली गुप्ता, मनोवैज्ञानिक**

## विविध

# रिश्तों में फिर से भरें नई ऊर्जा

**जीवन में कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जो कभी हमारे लिए बहुत जरूरी हुआ करते थे। समय के साथ किसी से बात कम हो गई। किसी से मिलना छूट गया और कुछ के साथ रिश्ता मजबूरी बन गया। अच्छी बात यह है कि थोड़ी-सी कोशिश करें, तो इन रिश्तों को फिर से जिंदा किया जा सकता है।**



### साथ के पलों को खास बनाइए

जब किसी पुराने दोस्त, भाई-बहन या प्रिय रिश्तेदार से मिलें, तो सिर्फ औपचारिक 'हैलो' कहकर आगे न बढ़ें। मोबाइल एक तरफ रखिए, आंखों में देखकर मुस्कुराइए और पूरे मन से मिलें। पूछिए- 'कैसे हो?' उनके जवाब को गौर से सुनिए। सामने वाले को महसूस कराएं कि उन्हें देखकर आपको खुशी हुई है। यह भी एक उपहार है।

### उनकी खुशियों में सचमुच शामिल हो जाएं

किसी दोस्त की नई नौकरी लगी हो, भाई ने उपलब्धि हासिल की हो या किसी रिश्तेदार ने कोई नया काम शुरू किया हो, तो सिर्फ बधाई कहकर आगे न बढ़ें। पूछिए कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं, इस मुकाम को कैसे हासिल किया? किसी की खुशी और सफलता में पूरे मन से शामिल होना भी प्रेम का एक रूप है।

### बातचीत के लिए समय तय कीजिए

कभी मिलते हैं- अक्सर यह एक वादा बनकर ही रह जाता है। महीने में एक बार दोस्त से लंबी फोन पर बात तय करें, भाई-बहन के साथ साथ खाना खाएं या कुछ महीनों में एक बार मिलने की परंपरा बनाएं। रिश्ते अपने आप नहीं चलते। शिकायतों और उलाहनों की जगह साथ मिलकर अच्छा समय बिताएं।

### उनका साथ देने के लिए जाहिर करें

पुराने रिश्तों में हम अक्सर सामने वाले की अच्छाइयों को अपना अधिकार समझने लगते हैं। ऐसे में एक छोटा-सा धन्यवाद भी रिश्ते में नई गर्माहट ला सकता है। कभी किसी दोस्त से कहिए- 'तुमने उस समय मेरा साथ दिया था, मैं आज भी उसे याद करता हूं।' माता-पिता से कहें- 'आपने मेरे लिए बहुत कुछ किया है, मैं कभी कह नहीं पाया।'

### पुरानी यादें ही काफी नहीं, नई यादें बनाएं

हम मान लेते हैं कि वर्षों से साथ रहने के कारण हम किसी को पूरी तरह जानते हैं, लेकिन इंसान समय के साथ बदलता है। आज उनकी जिंदगी में क्या चल रहा है, यह भी जानें। उनसे पूछें कि आगे के लिए उनका क्या सपना है? एक-दूसरे के वर्तमान में अपनी जगह बनाएं।

### पहल करने के लिए तैयार रहें

कई बार दूरी इसलिए बढ़ जाती है कि पहला कदम कौन उठाएगा? कभी वह पहला कदम आप उठाएं। बस एक संदेश- 'बहुत दिन हो गए, आज अचानक तुम्हारी याद आई। कैसे हो?' हो सकता है, सामने वाला भी इसी संदेश का इंतजार कर रहा हो। छोटी-छोटी पहल करना आपको खास बना सकता है।

## एकदा | कलाकार

**बहुत** समय पहले चीन के एक गांव में 'झांग' नाम का चित्रकार रहता था। वह ड्रैगन के चित्र बनाने के लिए जाना जाता था। उसके चित्र बहुत जीवंत लगते थे। दूर-दूर से लोग उसके चित्र देखने आते थे। कोई ड्रैगन की चमकती हुई खाल की तारीफ करता, कोई उसके विशाल पंखों की, तो कोई लंबे और लचीले शरीर की। वह चित्रकार कभी भी ड्रैगन की आंखें नहीं बनाता था। लोग अक्सर उसे ड्रेगन की आंखें भी बनाने के लिए कहते।

झांग मुस्कुराकर कहता, 'आंखों में जीवन होता है। मैं आंखें बना दूंगा, तो वे केवल चित्र नहीं रहेंगे।' लोग उसकी बात सुनकर हंस देते। उन्हें यह उसकी कल्पना लगती थी।

एक दिन गांव के एक धनी व्यापारी ने झांग से अपने घर की दीवार पर चार विशाल ड्रैगन बनाने के लिए कहा। झांग ने कई दिन मेहनत की। उसने चारों ड्रैगन को बादलों के बीच इस तरह चित्रित किया कि वे सचमुच उड़ते हुए लग रहे थे।

व्यापारी ने झांग से आंखें बनाने की जिद की और कहा, एक ड्रेगन की आंख तो बना दीजिए। जैसे ही आखिरी रेखा पूरी हुई, आसमान में बादल घिर आए। झांग ने ड्रैगन की दूसरी आंख भी बना दी। चित्र पूरा होते ही आसमान में बिजली चमकने लगी और ड्रेगन चित्र से निकलकर उड़ गया।

सीखः पूरी लगन और उत्कृष्टता के साथ किया काम, साधारण काम को भी असाधारण बना देता है।

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन परेशान रहेगा। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। यात्रा से लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृष :** मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में सफलता मिलेगी। भागदौड़ भी बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन :** आत्मसंयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी भी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। माता-पिता की सेहत का ध्यान भी रखें।

**सिंह :** मन परेशान रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए किसी मित्र के साथ यात्रा पर जा सकते हैं।

**कन्या :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। माता-पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन शांत तो रहेगा, परंतु बातचीत में सफल रहें। सेहत का ध्यान रखें। किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। बेकार के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मकर :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। मन में बुरे विचारों से बचें। कारोबार के लिए विदेश जाने के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ :** मन परेशान हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन हो सकता है।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

17 अगस्त, सोमवार, **शक संवत्** : 26 श्रावण (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 01 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 03 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : श्रावण शुक्ल पंचमी तिथि सायं 05.01 मिनट तक। शुक्ल योग, बालव करण। चंद्रमा कन्या राशि में सायं 04.20 मिनट तक उपरांत तुला राशि में।

**सूर्य दक्षिणायन**। वर्षा ऋतु। प्रातः 07.30 मिनट से प्रातः 09 बजे तक राहुकालम्। नाग पंचमी। भाद्रपद संक्रांति। सोमेश्वर पूजन। श्रावण सोमवार व्रत।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

बीमारी दूर करने के लिए कुछ उपाय-

- प्रतिदिन सुबह अशोक के पेड़ की तीन ताजी पत्तियां चबाने से सेहत ठीक रहती है।
- मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान के पैर का सिंदूर माथे पर लगाएं।
- अपनी सामर्थ्यनुसार महीने में एक बार किसी चिकित्सालय में जाकर दवाई एवं फल आदि दान दें। रविवार को छोड़कर अन्य दिन पीपल के पेड़ पर मीठा जल अर्पित करके उसकी जड़ छूकर माथे से लगाएं। उसके बाद परिक्रमा करके रोग मुक्ति की प्रार्थना करनी चाहिए। हर पूर्णिमा शिवालय जाकर अपने परिवार की सेहत की कामना करें। पूर्णिमा व अमावस्या पर जरूरतमंदों को फल, मिठाई का दान दें।

### वर्ग पहेली : 8423



**बाएं से दाएं**

1. अधिकारपूर्वक मांगना; तकादा करना; बकाया भुगतान के लिए कहना (3,3)
7. गैर; दूसरा; अन्य (3)
8. बल खाता हुआ; लहराता हुआ; जोशीला (5)
9. बगुला; एक असुर; बड़बड़ाहट (2)
11. कन; टुकड़ा; दाना; सूजी (2)
12. घिसना; धीरे-धीरे रगड़ना; मसलना (3)
14. कोण; धार; पतला सिरा; पैना किनारा; कोना (2)
16. नक्षत्र; आंख की पुतली (2)
18. अपराध होना; खता होना; दोष होना (3,2)
20. घी, चीनी, आटे से बना ढीला-ढाला मिष्टान्न (3)
21. मनौती मानना (3,3)

**ऊपर से नीचे**

2. उत्तीर्ण, जयी; सफल (4)
3. जलज; नीरज; पंकज; पद्म (3)
4. मना करना; रोकना; निषिद्ध करना (1,3)
5. परिश्रम करवाना; व्यायाम करवाना (4,4)
6. छीन लेना; हर लेना (5,3)
10. अपर्याप्त; तनिक; थोड़ा; न्यून (2)
13. रिश्ता; संपर्क; संबंध; लगाव (2)
15. झंडा; ध्वज; पताका (4)
17. रास्ते में लूटने वाला; लुटेरा; डाकू (4)
19. जिसका नाम लिखा गया हो; झुकाया हुआ (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8422



### सुडोकू : 8377

*आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | | 7 | 6 | | | 3 |
| | | | 1 | | | | | |
| | | 7 | | | 3 | | | 4 |
| 3 | 8 | | | 5 | | 2 | | |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| | | 5 | | 2 | | | 7 | 1 |
| 8 | | | 6 | | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | | |
| 5 | | | 2 | 3 | | 1 | 8 | 9 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8376

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |

## चिंतन

# बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी

आतंकवाद की दुनिया में आजकल बंदूक से पहले विचारधारा पहुंचती है और इसका सबसे आसान निशाना बनते हैं कम उम्र के बच्चे और युवा। इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन नेटवर्क ने कट्टरपंथी संगठनों को युवाओं और बच्चों तक पहुंच बनाने का आसान तरीका उपलब्ध करवाया है। इसके जरिये आतंकी और कट्टरपंथी नेटवर्क कम उम्र के बच्चों और युवाओं तक पहुंच बना रहे हैं। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। यह नजर जासूसी के लिए नहीं, बल्कि उन्हें गलत दिशा में जाने से रोकने के लिए होनी चाहिए। आज का बच्चा इंटरनेट की ऐसी दुनिया में बड़ा हो रहा है, जहां दोस्ती, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी के साथ-साथ गलत विचारधाराएं और संदिग्ध नेटवर्क भी मौजूद हैं। किसी अनजान व्यक्ति का संदेश, किसी ऑनलाइन ग्रुप का निमंत्रण या लगातार मिलने वाला भावनात्मक कंटेंट धीरे-धीरे बच्चे की सोच को प्रभावित कर सकता है। हाल के मामलों ने इस खतरे को और गंभीर बना दिया है। बेंगलुरु में पश्चिम बंगाल के 23 वर्षीय युवक आसफुल मलिक की गिरफ्तारी से जुड़े आरोपों में संदिग्ध ऑनलाइन संपर्क और प्रतिबंधित आतंकी संगठन टीटीपी से संबंधों की जांच सामने आई है। उसके अफगानिस्तान जाने की कथित योजना और भारत में हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाए जाने की भी जांच हो रही है। यह मामला यह समझने के लिए काफी है कि कट्टरपंथीकरण को केवल बच्चों की समस्या मानना गलत होगा। किशोरों के साथ-साथ 20-25 वर्ष के युवा भी इसके निशाने पर हो सकते हैं। पाकिस्तान आधारित हैंडलरों द्वारा भारतीय युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए कथित तौर पर फंसाने की जांच भी इसी खतरे की दूसरी तस्वीर दिखाती है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर, बेरोजगार या किसी तरह की परेशानी से जूझ रहे युवाओं को पहले पैसों और मदद का लालच दिया जाता है। 12 से 25 हजार रुपये जैसी रकम से शुरुआत कर छोटे काम करवाए जाते हैं। पहले फोटो और वीडियो, फिर किसी स्थान की रेकी और आगे चलकर हिंसक गतिविधियों तक पहुंचाने की कोशिश की जाती है। यानी किसी युवा को आतंकी नेटवर्क का हिस्सा बनाने की प्रक्रिया अचानक नहीं होती, बल्कि धीरे-धीरे उसके भरोसे और कमजोरियों का इस्तेमाल किया जाता है। यहीं परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। माता-पिता को बच्चे के मोबाइल की हर गतिविधि पर शक करने के बजाय उसके डिजिटल व्यवहार को समझना चाहिए। निगरानी का मतलब बच्चे की निजता खत्म करना नहीं है। घर में संवाद का ऐसा वातावरण जरूरी है, जहां बच्चा अपनी उलझन, गुस्सा, असहमति और ऑनलाइन अनुभव खुलकर बता सके। स्कूल और कॉलेजों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें डिजिटल साक्षरता, फर्जी जानकारी की पहचान, ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार और साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरूक करना होगा। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध ऑनलाइन नेटवर्क पर नजर रखनी होगी। किसी बच्चे के व्यवहार में बदलाव दिखे तो उसे अपराधी मानने के बजाय समझने और मदद करने की कोशिश हो। आज आतंक का खतरा केवल सड़क, सीमा या किसी संदिग्ध ठिकाने पर नहीं है। वह मोबाइल की स्क्रीन के दूसरी तरफ भी हो सकता है। इसलिए बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना अब विकल्प नहीं, समय की जरूरत है।



## डिजिटल दौर

अमरनाथ सक्सेना

# युवाओं के सामने उभरती चुनौतियां

भारत की 26% आबादी ऐसे लोगों की है जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच है। भारत को इस बात पर गर्व है कि उसके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है। ये युवा डिजिटल तौर-तरीकों को अच्छी तरह से समझते हैं, वे महत्वाकांक्षी हैं और कुछ नया प्रयोग करने से लेकर नए क्षेत्रों में कदम रखने से वे हिचकिचाते नहीं हैं। वे हमारे देश को विकास के अगले स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि इन उम्मीदों के साथ उन्हें कुछ नए तरह के जोखिमों से दो-चार होना पड़ रहा है, जिसका सामना पिछली पीढ़ी ने कभी नहीं किया था। साइबर धोखाधड़ी करने वाले अपराधी ऑनलाइन ट्रेडिंग अकाउंट को हैक कर सकते हैं, और जो शॉपिंग वेबसाइटें बेहद सुरक्षित और भरोसेमंद दिखाई देती हैं, वहां भी लोग ठगी का शिकार बन सकते हैं। इससे आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है और यह एक गंभीर समस्या का रूप भी धारण कर सकती है। गौरतलब है कि जहां टेक्नोलॉजी ने भारतीय युवाओं को सशक्त बनाया है, वहीं इसकी वजह से वे गंभीर जोखिमों के प्रति असुरक्षित भी बन गए हैं। साइबर धोखाधड़ी जैसे कि पहचान चुराना, फिशिंग अटैक और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे अपराध दिनोंदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। युवा लोग जो अक्सर ऑनलाइन लेन-देन करते हैं, डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश करते हैं और कई पेमेंट एप्लीकेशन का इस्तेमाल करते हैं, यहां वे अक्सर साइबर अपराधों की वजह से होने वाले आर्थिक नुकसान को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के अनुसार वर्ष 2021 से जून 2025 तक के बीच 65.9 लाख शिकायतें प्राप्त हुईं। कई युवा नौकरीपेशा लोग इस बात से अनजान होते हैं कि भारत में अब लोगों के लिए खास साइबर इंश्योरेंस पॉलिसियां उपलब्ध हैं। ये पॉलिसियां अनधिकृत डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, पहचान चुराना, ऑनलाइन वसूली और साइबर खतरों से प्रभावित हुए डिजिटल उपकरणों को ठीक करने में होने वाले खर्चों के लिए आर्थिक मदद पेश करती हैं। जैसे-जैसे डिजिटल जीवनशैली हमारी जिंदगी का हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे युवा पीढ़ी के लिए साइबर इंश्योरेंस भी हेल्थ इंश्योरेंस जितना ज़रूरी बनते जा रहा है। साइबर अपराधी युवाओं को कई तरह से ठगी का शिकार बना सकते हैं, इसलिए साइबर खतरों से बचने के लिए आपके पास साइबर इंश्योरेंस का होना बेहद ज़रूरी है। आज के भारतीय युवा जिस चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह है जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां। हाल के अध्ययन पुष्टि करते हैं कि भारतीय युवाओं में डायबिटीज़, कार्डियक अरेस्ट जैसे मामले तेज़ी से बढ़ रहे हैं, जबकि पहले ये बीमारियां अधेड़ उम्र के लोगों को होती थीं। हाल की रिपोर्टों के अनुसार लगभग 18–40 साल की उम्र के 18% लोग डायबिटीज़ से जूझ रहे हैं, जबकि 25% लोग प्री-डायबिटीक हैं। इससे यह बात पता लगती है कि पहले डायबिटीज़ को अधेड़ उम्र में होने वाला रोग माना जाता था, लेकिन अब यह विचारधारा बदल रही है। अध्ययन दर्शाते हैं कि 40 साल से कम उम्र के लोगों में कार्डियक के मामले बढ़ रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। इन बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए, युवाओं के लिए बेहद ज़रूरी है कि वे अपने लिए एक ज़बरदस्त हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ज़रूर चुनें। और तो और युवाओं के लिए यह भी ज़रूरी है कि वे इसे कम से कम उम्र में लें, ताकि सेहतमंद रहते हुए वे पॉलिसी की प्रतीक्षा अवधि पूरी कर लें। इससे यह बात भी पक्की हो जाएगी कि उन्हें फटाफट कवरेज मिलेगा और जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत होगी, तब वे इसे अच्छी तरह से इस्तेमाल कर पाएंगे। संक्षेप में, इस डिजिटल दौर में भारत के युवा दर्शाते हैं कि वे इस देश की सबसे बड़ी ताकत तो हैं, लेकिन सबसे ज्यादा साइबर खतरों का सामना भी इसी वर्ग को करना पड़ता है। जहां स्मार्टफोन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म शिक्षा, करियर और दुनिया से संपर्क बनाने के लिए नए-नए अवसर पेश कर रहे हैं, वहीं इन्हीं के ज़रिए भारतीय युवा साइबर धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे गंभीर खतरों का सामना भी कर रहे हैं। इन सभी बिंदुओं को देखते हुए पता लगता है कि इन युवाओं को साइबर इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस दोनों में निवेश करना चाहिए, ताकि वे न केवल डिजिटल धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें, बल्कि उनकी सेहत की भी सुरक्षा हो। इससे भारतीय युवा अचानक से आने वाले किसी भी साइबर खतरे से सुरक्षित रहने के साथ-साथ अपनी आकांक्षाओं को भी आसानी से पूरा कर पाएंगे।

(लेखक चीफ टेक्निकल ऑफिसर-बजाज जनरल इंश्योरेंस हैं. ये उनके अपने विचार हैं।)



## पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

# विकराल हो रहा जलवायु परिवर्तन संकट

**जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है।**

जलवायु परिवर्तन का संकट अब दिनोंदिन जानलेवा होता जा रहा है। दरअसल दुनिया में ऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए कोयला, तेल और गैस का जो बेतहाशा इस्तेमाल हो रहा है, उससे होने वाले उत्सर्जन से जलवायु लक्ष्यों की पूर्ति असंभव है। तापमान बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सीमित रखने के लिए 2030 तक अपने उत्सर्जन को आधा करने के लक्ष्य की दिशा में कोई कारगर पहल न होने के परिणाम दिनोंदिन और भयावह होते जा रहे हैं। फिर जलवायु परिवर्तन की विभीषिका की रोकथाम के लिए बनी वैश्विक सहमति भी बीते सालों में कमजोर पड़ी है। इसके साथ-साथ वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती चली जा रही है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि जलवायु परिवर्तन से न केवल मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, उसकी सेहत पर आयेदिन खतरा बढ़ता जा रहा है, बच्चों का भविष्य छिनता जा रहा है, वह लोगों में अकेलापन बढ़ा रहा है, महिलाओं पर गंभीर असर डाल रहा है, दुनिया की बहुमूल्य धरोहरों के अस्तित्व के संकट को बढ़ा रहा है, साथ ही वह दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियों के घर ही नहीं छीन रहा है बल्कि उन पर विलुप्ति का खतरा भी मंडराने लगा है।

दुनिया के हालिया शोध और अध्ययन इसके जीते-जागते सबूत हैं। वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि आने वाले समय में आशंकित विकट परिस्थितियों को लेकर चिंतायें बढ़ाती जा रही हैं। सबसे बड़ी चिंता इस बात की है और एक अध्ययन में इस बात का खुलासा भी हुआ है कि यदि तापमान वृद्धि की दर इसी तरह बढ़ती रही तो साल 2085 तक भूमि पर एक तिहाई से ज्यादा जीव आवास यानी एनिमल हैबिटेट जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव (लू) या जंगल में आग लगने जैसी चरम घटनाओं की चपेट में आ सकते हैं। यही नहीं, जलवायु परिवर्तन की रफ्तार यही बरकरार रही तो इस सदी के आखिर तक दुनिया की हजारों पौध-प्रजातियां अपने प्राकृतिक आवास के बड़े हिस्से से न केवल महरूम हो जाएंगी, बल्कि बहुतेरी पौध-प्रजातियों का अस्तित्व ही समाप्त हे जाएगा। यह संकट तेजी से शून्य उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने से इन दुष्प्रभावों को काफी हद तक टाला जा सकता है। जर्मनी की पाट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इंफैक्ट रिसर्च के शोधकर्ताओं का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और विशेष रूप से चरम घटनाओं संरक्षण योजना के संदर्भ में अभी भी बहुत कम आंका जा रहा है। यह केवल कई बरसों में तापमान का धीरे-धीरे बदलाव नहीं होगा। कई चरम घटनायें संयुक्त प्रभाव डाल सकती हैं और जैव विविधता के लिए सहकारी खतरे का निर्माण कर सकती हैं। दरअसल दुनियाभर में बढ़ता तापमान अब सिर्फ इंसान और जानवरों के लिए ही नहीं, बल्कि ऋतुओं के लिए भी खतरनाक बनता जा रहा है। धरती के वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर आज उस मुकाम पर आ पहुंच गया है जो मानव इतिहास में कभी नहीं रहा। यदि हमने समय रहते कड़े कदम नहीं उठाये, तो दुनिया के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाना मुश्किल हो जाएगा और ऋतुचक्र जो मानव सभ्यता के फलने-फूलने का आधार



था, पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। जहां तक भारत का सवाल है, हमारी पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतुचक्र से रही है। पर अब यह चक्र टूट रहा है। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन है। धरती की गर्म सांसों के चलते ऋतुओं की लय बिगड़ती जा रही है। मौसम का यह बदला हुआ मिजाज केवल आंकड़ों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह अब आम आदमी की जीवन शैली को भी गहरे तक प्रभावित कर बदल रहा है। मानसून का समय अनिश्चित है। बेमौसम वर्षा से फसलें बर्बाद हो रही हैं। नतीजतन कृषि घाटा बढ़ता जा रहा है। सच्चाई यह है कि जलवायु परिवर्तन ने भारत के भौगोलिक पैटर्न को ही बदल दिया है। जो घटनाएं पहले बरसों में एक आध बार होती थीं, वे अब सामान्य यानी आए दिन होने लग गई हैं। राजस्थान और लेह जैसे शुष्क और रेगिस्तानी इलाकों में अब बाढ़ आना आम बात हो गई है। पहाड़ी राज्यों और हिमालयी इलाकों में सालभर तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इसके दुष्परिणाम स्वरूप ग्लेशियरों के पिघलने और पारिस्थितिक तंत्र के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। निष्कर्ष यह कि अब देश में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और बारिश के बीच की स्पष्ट रेखायें अब धुंधली पड़ने लगी हैं। दरअसल तापमान बढ़ोतरी की दर यदि 1.5 डिग्री तक न रोकी गई तो इसकी सबसे ज्यादा बड़ी कीमत भारत को चुकानी होगी। भारत के लगभग 60 करोड़ लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। तापमान बढ़ने से मिट्टी तेजी से सूखने लगेगी। उस दशा में मिट्टी की नमी बरकरार रखने के लिए अधिकाधिक तादाद में भूजल निकालना होगा। परिणामस्वरूप भूजल स्त्रोत सूखने के कगार पर पहुंच जाएंगे। चूंकि हमारा देश गेहूं व धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, ऐसी स्थिति में भूजल के सूखने के चलते गेहूं और धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा। यही नहीं, मत्स्य पालन, बागवानी और पशुपालन पर भी असर पड़े बिना नहीं रहेगा। यहां इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि तापमान में एक फीसदी की बढ़ोतरी बादलों में सात फीसदी से ज्यादा पानी भर देगा। नतीजतन बादल फटेंगे और उस दशा में बाढ़ और भूस्खलन की भयावहता का खतरा बढ़ेगा। वैज्ञानिकों की राय है कि ग्लेशियर के पिघलने से भूस्खलन का खतरा बना रहता है। इनके सूख जाने पर गंगा जैसी सदानीरा नदियों के बरसाती नदी के रूप में तब्दील होने और आसन्न जल संकट की विकरालता से कभी भी दो चार होना पड़ सकता है। यदि बीते सालों में किए गए सर्वेक्षणों की मानें तो भारत के 85 फीसदी लोग जलवायु परिवर्तन से चिंतित हैं और 87 फीसदी चाहते हैं कि उसकी रोकथाम के शीघ्र उपाय किए जाने चाहिए। वैश्विक तापमान को अगले सौ वर्षों में डेढ डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं बढ़ने देने का लक्ष्य हासिल कर लेने के बावजूद विश्व के संवेदनशील क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से बचा पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में भारत को विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपने उत्सर्जन लक्ष्य नए सिरे से तय करने की जरूरत है। जबकि क्लाइमेट ट्रांसपेरेंसी की रिपोर्ट की मानें तो 2030 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी करीब करीब दोगुने की बढ़ोतरी होने की आशंका है। फिर जलवायु परिवर्तन से वेलकम ट्रस्ट और क्लाइमेट ओपिनियन रिसर्च के अध्ययन द्वारा सेहत पर होने वाले भयावह खतरे की चेतावनी ने चिंता को और बढ़ा दिया है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चिंता नहीं रह गया है, बल्कि यह अब लोगों के शरीर, उनकी सांस, उनके बच्चों की सेहत की चिंताओं तक पहुंच गया है। इसलिए जीवन शैली में बदलाव समय की महती आवश्यकता है, तभी हम जलवायु परिवर्तन के दानव से कुछ हद तक मुकाबला कर पाने में कामयाब हो सकते हैं।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# हर बात का जवाब देना जरूरी नहीं



संकलित
**दर्शन**

आज के समय में लोग हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देना चाहते हैं। सोशल मीडिया से लेकर निजी जीवन तक अपनी बात साबित करने की होड़ लगी रहती है। लेकिन कई बार ज्यादा बोलना रिश्तों में दूरी, मन में तनाव और निर्णयों में जल्दबाजी का कारण बन जाता है। श्रीमद्भगवद्गीता हमें याद दिलाता है कि मौन अक्सर वह प्रकट कर देता है, जिसे शोर कभी नहीं कर सकता है। इसका मतलब हमेशा चुप रहना नहीं, बल्कि सही समय पर रखा गया मौन कई बार सबसे प्रभावशाली उत्तर बन जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि चुप रहना कमजोरी का संकेत है, लेकिन गीता का संदेश इससे बिल्कुल अलग है। जब व्यक्ति बिना क्रोध, अहंकार या आवेश के शांत रह पाता है, तो यह उसके आत्मसंयम को दर्शाता है। हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय धैर्य रखना मानसिक परिपक्वता की निशानी है। ऐसा व्यक्ति परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझ पाता है और जल्दबाजी में गलत निर्णय लेने से बच जाता है। मौन रखने वाला व्यक्ति भीतर से मजबूत होता है। जब मन क्रोध, चिंता या भ्रम से भरा होता है, तब सही और गलत का अंतर समझना कठिन हो जाता है। लेकिन कुछ पल का मौन मन को स्थिर कर देता है। शांत वातावरण में व्यक्ति अपने विचारों को स्पष्ट रूप से देख पाता है और बिना भावनाओं में बहकर निर्णय लेता है। यही कारण है कि जीवन के महत्वपूर्ण फैसलों में धैर्य और शांति को हमेशा महत्व दिया गया है। शांत मन से लिया गया निर्णय लंबे समय तक सही साबित होता है।

# एकाग्रता ही ज्ञान की असली कुंजी



संकलित
**प्रेरणा**

विद्यार्थी जीवन सिर्फ किताबें रटने या अच्छे अंक लाने का समय नहीं होता है। यह वह उम्र है जब सोच, आदतें, हिम्मत और व्यक्तित्व बनते हैं। आज के समय में मोबाइल, सोशल मीडिया और परीक्षा के दबाव के बीच कई स्टूडेंट्स ध्यान खो देते हैं और तनाव के शिकार हो जाते हैं। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपनी भीतरी ताकत पहचानने, मन को एक जगह टिकाने और मजबूत चरित्र बनाने की सीख दी थी। उनकी बातें आज भी हर विद्यार्थी के लिए सफलता का आसान रास्ता दिखाती हैं। स्वामी विवेकानंद मानते थे कि मन को एक जगह केंद्रित करना ही शिक्षा का सार है। वे कहते थे कि एकाग्रता की शक्ति ज्ञान के खजाने की चाबी है। आजकल पढ़ाई करते समय बार-बार फोन देखने या सोशल मीडिया घूमने से मन बिखर जाता है। अगर कुछ देर के लिए मोबाइल दूर रखकर सिर्फ एक काम पर पूरा ध्यान दिया जाए, तो आसानी विषय समझ में आता है और याद भी हो जाता है। रोज थोड़ा अभ्यास करने से मन मजबूत होता है। एकाग्रता बढ़ाने वाला विद्यार्थी किसी भी विषय को आसानी से सीख लेता है और सफलता उसके करीब आ जाती है। परीक्षा या भविष्य की चिंता अक्सर विद्यार्थियों का आत्मविश्वास घटा देती है। स्वामी विवेकानंद ने हमेशा कहा कि खुद पर विश्वास सबसे जरूरी है। डर को छोड़कर आगे बढ़ने वाला व्यक्ति मुश्किलों में भी रास्ता ढूंढ लेता है। असफलता आ जाए, तो हार मानने के बजाय फिर से कोशिश करने का साहस रखना चाहिए। जो विद्यार्थी अपनी क्षमता पर भरोसा रखता है वह दबाव में भी शांत रहता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*- मोहन लाल यादव, रायपुर*

## ट्रेंड

### वाजपेयी को श्रद्धांजलि



अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हूँ। अद्भुत दूरदर्शिता वाले एक असाधारण राजनेता के तौर पर, उन्होंने अपना जीवन देश की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचारों ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया और उनके नेतृत्व ने हमारे देश को मजबूत बनाया।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सरकार का सामना



भारत के युवाओं ने जिस हिम्मत और मजबूती के साथ मोदी जी की हिंसक सरकार का सामना किया है और जवाबदेही की मांग की है, वह तारीफ़ के काबिल है। उन्होंने शांति, प्यार और मजाक-मजाक में अपनी आवाज उठाई।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### दिव्यास्त्र एमके3



डीजी प्रोपल्शन के स्वदेशी जेट इंजन से चलने वाले 'दिव्यास्त्र एमके3' की सफल पहली उड़ान, 100% स्वदेशी जेट-पावर्ड 'लोइटरिंग म्यूनिशन' की दिशा में एक अहम कदम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हमारे इनोवेटर्स और इंजीनियरों को बधाई।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### युवाओं की ऊर्जा



हमारी सरकार युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा देने के लिए लगातार काम कर रही है और उन्हें कौशल, स्वरोजगार और खेल-कूद से जोड़ रही है। इसी संकल्प के साथ, वर्ष 2027 को 'युवा वर्ष' घोषित किया है।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

## करंट अफेयर

# आर्कटिक रूट : चीन नई चाल से बदलने चला समुद्री कारोबार



पिछले कुछ सालों में लाल सागर, स्वेज नहर और दूसरे समुद्री रास्तों पर युद्ध और तनाव ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि अगर एक समुद्री रास्ता बंद हुआ तो हजारों जहाजों का रास्ता बदल सकता है। अब चीन ने दक्षिण के जोखिम भरे रास्ते की जगह 20 दिन में यूरोप पहुंचने वाला आर्कटिक समुद्री रास्ता इस्तेमाल करने का फैसला किया है। अभी चीन से यूरोप जाने वाले बड़े कंटेनर जहाजों को आमतौर पर दक्षिण की ओर जाना पड़ता है। हिंद महासागर, अरब सागर, लाल सागर और फिर स्वेज नहर के जरिए भूमध्य सागर पार करके यूरोप पहुंचा जाता है लेकिन उत्तरी जल मार्ग में रास्ता उल्टा है। जहाज चीन के उत्तरी हिस्से से निकलकर रूस के साइबेरियाई तट के ऊपर से आर्कटिक महासागर में जाते हैं और फिर यूरोप की तरफ नीचे आते हैं यानी दुनिया के नक्शे पर चीन से यूरोप जाने के लिए जो रास्ता नीचे की तरफ जाता है, उसकी जगह चीन अब ऊपर से जाने वाला रास्ता तलाश रहा है। चीन लंबे समय से इस बात को लेकर चिंतित रहा है कि उसके व्यापार और ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा कुछ समुद्री रास्तों पर निर्भर है। इसे चीन की मलक्का दुविधा से भी जोड़कर देखा जा सकता है। मलक्का एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है।

## ऑफ बीट

# तिरंगे के साथ 13 हजार फीट से छलांग, रचा इतिहास



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले तीन भारतीय उन 65 स्काईडाइवर्स में शामिल रहे, जिन्होंने लीबिया में 13,000 फीट की ऊंचाई से एक साथ छलांग लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। सभी स्काईडाइवर्स अपने-अपने देशों के राष्ट्रीय ध्वज लेकर विमान से कूदे थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 14 अगस्त को इस उपलब्धि की आधिकारिक पुष्टि की। रिपोर्ट के मुताबिक केरल के कन्नूर निवासी जमशीर थनालोट, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी अभिषेक रावत और बिहार के पटना की ईशा राज इस अभियान में शामिल तीन भारतीय थे। यह रिकॉर्ड सात अगस्त को बनाया गया। इस दौरान करीब 38 देशों के स्काईडाइवर्स ने सैन्य विमान इल्यूशिन इल-76टीडी से छलांग लगाई। 65 स्काईडाइवर्स का एक ही विमान से अपने-अपने राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक साथ छलांग लगाना नया विश्व रिकॉर्ड है। भारतीय प्रतिभागियों ने छलांग के दौरान तिरंगा लहराया। यह प्रयास भारत के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले किया गया, जिससे इसमें देशभक्ति का भाव भी जुड़ गया। तीनों भारतीय यूएई के स्काईडाइविंग समुदाय का हिस्सा हैं। वे पांच अगस्त को लीबिया पहुंचे थे और अंतिम प्रयास के लिए मंजूरी मिलने से पहले तीन अभ्यास छलांग लगाई थी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**कल्पमेधा**

*हम जो भी करते हैं या सृजन करते हैं, वह हमारे लिए महत्वपूर्ण नहीं। मेरी दृष्टि में हम जो सोचते हैं, जानते हैं या विश्वास करते हैं, वही सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।*

*– मैक्समूलर*

# संकल्प और संदेश

इसमें कोई दोराय नहीं कि देश को आजादी मिलने के बाद बीते करीब आठ दशक का सफर जहां बहुस्तरीय विकास का जीवंत उदाहरण है, वहीं इस दौरान लोगों ने बहुत सारे उतार-चढ़ाव भी देखे। मगर इस सबके बीच एक संकल्प कायम रहा कि जिन तूफानों और मुश्किलों का सामना करके देश ने स्वतंत्रता हासिल की थी, उसकी गरिमा को कायम रखना और भविष्य को ज्यादा बेहतर बनाना सभी का दायित्व है। इसमें आमतौर पर सभी नागरिकों ने अपने स्तर पर अपनी सीमा में हर संभव योगदान दिया है और इसे कर्तव्य की तरह निभाया है। यही वजह है कि हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के आंदोलन को याद करते हुए देश के पास संतोष और उल्लास के साथ न केवल एक सुनहरे भविष्य का सपना होता है, बल्कि उसे जमीन पर उतारने का हौसला भी दिखता है। आबादी के ज्यादातर हिस्से के पास विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए अलग-अलग दौर की सरकारों ने जिस स्तर पर काम किया, उसे बहुत जटिल संघर्षों के बाद मिली स्वतंत्रता की गरिमा और सपने को नया आयाम देने के प्रयासों के तौर पर देखा जा सकता है।

यों देश की उपलब्धियों को आजादी की लड़ाई के नायकों की भूमिका के आईने में देखना स्वाभाविक ही है, लेकिन हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संघर्ष की संवेदना को महसूस करने की अपनी अहमियत है। इस वर्ष भी यह उत्साह देश के अलग-अलग राज्यों में हर जगह दिखा। जाहिर है, इस अवसर पर जहां अतीत की उपलब्धियों को याद करना एक औपचारिक, लेकिन संवेदना से जुड़ा अध्याय है, वहीं भविष्य की बेहतरी के संकल्प भी जरूरी हिस्सा हैं। इसी संदर्भ में दिल्ली में लालकिले से प्रधानमंत्री ने भी एक बार फिर वक्त के सुनहरे अध्यायों को याद करते हुए देश को एक बेहतर भविष्य की दिशा में आगे ले जाने का संकल्प दोहराया। उनकी इस बात का अपना महत्त्व है कि देश के विकास के लिए बड़े सपने सोच का विस्तार करते हैं और दृढ़ संकल्प होने पर कठिनाइयों और आपदाओं के बीच से रास्ते निकालने की सामर्थ्य अपने आप सामने आती है। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीब और मध्यवर्ग के परिवारों को साथ लेकर 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को दोहराया। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए तैंतीस फीसद आरक्षण लागू करने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आह्वान करने के साथ-साथ उन्होंने विकसित भारत बनाने के लिए 'शक्ति की सप्तधारा' का दृष्टिकोण भी साझा किया।

दरअसल, यह देश की आत्मा में बसे उस जीवट का संकेत है, जिसका उदाहरण समय-समय पर दुनिया ने देखा है। यह सही है कि आज भी देश के सामने विकास की कसौटियों के समांतर अनेक जटिलताएं और चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, लेकिन इन सबके बीच सामान्य स्थितियों से लेकर बेहद संवेदनशील और संकट जैसे हालात में भी लोगों ने धीरज के साथ देश की गति को बनाए रखने में अपना योगदान दिया है, जो वक्त के दस्तावेज में दर्ज होता रहा है। हालांकि आज भी सीमा पार और कई बार आंतरिक मोर्चों से मिलती चुनौतियां नई रणनीति के तकाजे की जरूरत को रेखांकित करती रही हैं, लेकिन देश ने अपना सफर जारी रखा है। यह बेवजह नहीं है कि आधुनिक तकनीक और दुर्लभ खनिजों के मामले में आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। इसलिए यह उम्मीद स्वाभाविक है कि आजादी के बाद अब तक देश में जो मजबूत नींव तैयार हुई है, उस पर विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।

# तंग नजर

किसी व्यक्ति का पहनावा कैसा होना चाहिए, यह उसकी निजी पसंद पर निर्भर करता है। इसके बावजूद लड़कियों और महिलाओं के परिधान को लेकर अक्सर विवादित टिप्पणियां की जाती हैं, जो सामाजिक विमर्श का हिस्सा बन जाती हैं। सवाल है कि क्या कोई किसी के पहनावे को नियंत्रित करने का अधिकार रखता है या फिर यह समाज की पुरुष प्रधान सोच को जिंदा रखने के प्रयास को दर्शाता है? किसी लड़के या पुरुष के वस्त्र को लेकर तो कभी कोई सवाल नहीं उठाया जाता है, तो फिर लैंगिक आधार पर यह भेदभाव क्यों किया जाता है? ऐसे ही एक मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में अपने फैसले में कहा कि लड़की के कपड़े पहनने का निर्णय उसकी निजी पसंद है और यह कहा जाना कि जींस पहनने से वह युवा लड़कों को बिगाड़ सकती है, यह ऐसी मानसिकता को दर्शाता है जो बेहद चिंताजनक और अस्वीकार्य है। जाहिर है कि इस धारणा को सामाजिक स्तर पर खत्म करने की जरूरत है।

ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, जहां समाज के एक वर्ग की ओर से यौन अपराधों के लिए लड़कियों और महिलाओं के पहनावे को भी जिम्मेदार ठहराने की कोशिश की जाती है। जबकि किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह महिला हो या पुरुष, यह तय करने का अधिकार नहीं है कि कोई क्या पहने और क्या नहीं। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं निजी पसंद से जुड़ा विषय है और इसमें अनावश्यक दखल देने को निजता के उल्लंघन एवं गरिमा को ठेस पहुंचाने के रूप में ही देखा जाएगा। अदालत ने भी स्पष्ट कहा है कि कोई लड़की या महिला क्या पहनना चाहती है, यह उसका व्यक्तिगत निर्णय है। न तो पड़ोसियों, न समाज को और न ही किसी मामले में आरोपी या उसके वकील को सवाल उठाने का अधिकार है। ऐसे में इस बात पर गौर करना बेहद जरूरी है कि यौन अपराधों की बढ़ती समस्या का समाधान लड़कियों या महिलाओं के पहनावे को नियंत्रित करने में नहीं है। इसके बजाय माता-पिता और समाज को लड़कों के आचरण पर ध्यान देना चाहिए और उन्हें व्यक्तिगत सीमाओं का सम्मान करने की सीख देनी चाहिए।

# शिक्षा की राह में मातृभाषा की सहजता



**शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बच्चे को स्वतंत्र रूप से सोचने, समझने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने योग्य बनाना है। मातृभाषा इस उद्देश्य तक पहुंचने का सबसे सहज मार्ग हो सकती है।**

**हिमांशु सिंह**

किसी बच्चे के जीवन में भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह उसके सोचने, समझने और संसार को पहचानने की पहली खिड़की भी होती है। जन्म के बाद बच्चा जिस भाषा में अपने माता-पिता से स्नेह पाता है, अपने आसपास की वस्तुओं को पहचानता है और अपने विचार व्यक्त करना सीखता है, वही उसकी मातृभाषा होती है। इसलिए जब शिक्षा की शुरुआत उसी परिचित भाषा में होती है, तो सीखना बच्चे के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक सहज और उत्साहजनक प्रक्रिया बन जाती है। मातृभाषा की यह शक्ति अद्‌भुत है। भारत भाषाई विविधता से समृद्ध देश है। यहां अलग-अलग क्षेत्रों में अनेक भाषाएं और बोलियां प्रचलित हैं। प्रत्येक भाषा अपने भीतर उस क्षेत्र का इतिहास, संस्कृति, लोक ज्ञान और जीवन-अनुभव समेटे हुए है। ऐसे में मातृभाषा में शिक्षा का महत्त्व केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, यह बच्चों को उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का भी माध्यम है।

प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चे के सामने दोहरी चुनौती होती है। उसे एक ओर नए विषय और नई अवधारणाएं समझनी होती है, दूसरी ओर यदि पढ़ाई किसी अपरिचित भाषा में हो रही हो, तो पहले उस भाषा को समझने का प्रयास करना पड़ता है। इससे कई बार बच्चे की वास्तविक बौद्धिक क्षमता सामने नहीं आ पाती। वह विषय को समझने के बजाय शब्दों और उनके अर्थ याद करने में उलझ जाता है। इसके विपरीत, परिचित भाषा में पढ़ाए जाने पर वह प्रश्न पूछने, उदाहरण देने और अनुभवों को पाठ से जोड़ने में अधिक सहज महसूस करता है। सरकारी नीतियों में इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। मातृभाषा में शिक्षा का सबसे बड़ा लाभ अवधारणाओं की स्पष्ट समझ है। यदि किसी बच्चे को गणित, विज्ञान या पर्यावरण से जुड़ी बात उसके घर एवं परिवेश की भाषा में समझाई जाए, तो वह उसे अपने दैनिक जीवन से आसानी से जोड़ सकता है। जल संरक्षण, खेती, मौसम या स्थानीय वनस्पतियों से जुड़े विषयों को परिचित शब्दों और स्थानीय उदाहरणों के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझाया जा सकता है। ऐसी शिक्षा केवल परीक्षा के लिए याद की गई जानकारी नहीं होती, बल्कि लंबे समय तक स्मृति में रहने वाला ज्ञान बन जाती है।

भाषा का आत्मविश्वास से भी गहरा संबंध है। यह चिंता की बात है कि कई बच्चे केवल इसलिए कक्षा में प्रश्न नहीं पूछते, क्योंकि वे शिक्षण की भाषा में स्वयं को सहजता से व्यक्त नहीं कर पाते। यह झिझक उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करने लगती है। कभी-कभी भाषा की कमजोरी को ज्ञान की कमी समझ लिया जाता है, जबकि दोनों अलग बातें हैं। मातृभाषा में अपनी बात रखने का अवसर मिलने पर बच्चा अधिक सक्रिय होकर कक्षा की गतिविधियों में भाग लेता है। उसे यह अनुभव होता है कि उसकी भाषा और उसके विचारों का भी सम्मान है। ऐसे में मातृभाषा में शिक्षा की पहल महत्त्वपूर्ण है।

इसी व्यापक सोच के बीच विद्यालयी शिक्षा में तीन भाषाओं को पाठ्यक्रम से जोड़ने की व्यवस्था चर्चा का विषय बनी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने



त्रि-भाषा व्यवस्था लागू करने की दिशा में नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को तीन भाषाओं का अध्ययन करना होगा और उनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने भी विभिन्न भारतीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री और

> **मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए केवल नीतिगत घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। इसके लिए अच्छी पाठ्य पुस्तकों, प्रशिक्षित शिक्षकों, वैज्ञानिक शब्दावली, डिजिटल सामग्री और स्थानीय भाषाओं में उपयोगी शैक्षणिक संसाधनों का विकास आवश्यक है। साथ ही अभिभावकों को भी समझना होगा कि किसी बच्चे की प्रतिभा का मूल्यांकन केवल उसके अंग्रेजी बोलने की क्षमता से नहीं किया जा सकता। यदि विद्यालय बच्चों की अपनी भाषा को सम्मान देते हुए उन्हें अन्य भाषाओं से भी परिचित कराएं, तो शिक्षा अधिक समावेशी, प्रभावी व जीवन से जुड़ी बन सकती है। भाषा सीखने की बाधा नहीं, बल्कि ज्ञान तक पहुंचने का पुल बनती है, तभी शिक्षा अपने वास्तविक अर्थ को हासिल करती है।**

पुस्तकों की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए हैं। यह एक सार्थक पहल है। इस व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी भाषा से जोड़े रखते हुए उन्हें अन्य भाषाओं को सीखने का अवसर प्रदान करना है। निश्चित रूप से इसके सार्थक नतीजे निकलेंगे। इस निर्णय पर समाज में अलग-अलग वर्ग से प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। अनेक शिक्षाविदों और अभिभावकों का मानना है कि एक से अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान बच्चों की संवाद क्षमता को बढ़ाएगा और उन्हें देश की भाषाई विविधता को समझने में सहायता करेगा। नई भाषा सीखने से स्मरण शक्ति, रचनात्मकता और विभिन्न संस्कृतियों के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी।

वहीं, कुछ अभिभावकों, विद्यार्थियों व विद्यालयों ने व्यावहारिक चुनौतियों की ओर भी ध्यान दिलाया है। उनकी चिंता है कि माध्यमिक कक्षाओं में अचानक नई भाषा जोड़ने से विद्यार्थियों पर अतिरिक्त शैक्षणिक दबाव पड़ सकता है। कुछ विद्यालयों में अलग-अलग भाषाओं के प्रशिक्षित शिक्षकों और पर्याप्त पाठ्य सामग्री की उपलब्धता भी चुनौती हो सकती है। पहले से विदेशी भाषा पढ़ रहे विद्यार्थियों के सामने विषय बदलने व नई भाषा के साथ तालमेल बैठाने की कठिनाई भी सामने आ सकती है। हालांकि इन चिंताओं को देखते हुए कुछ लचीले प्रावधान किए गए हैं। यह दर्शाता है कि किसी भी शैक्षणिक सुधार की सफलता केवल उसके उद्देश्य पर नहीं, बल्कि उसके संवेदनशील और व्यवस्थित क्रियान्वयन पर निर्भर करती है और यह जरूरी भी है।

तीन भाषाएं सीखना तभी लाभकारी होगा, जब इसे अंकों व परीक्षाओं के अतिरिक्त बोझ के रूप में न देखा जाए। भाषा को कहानियों, कविताओं, संवाद, नाटक, लोकगीत और दैनिक जीवन के अनुभवों से सिखाया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को भाषा चुनने में पर्याप्त विकल्प मिलें तथा किसी क्षेत्र की भाषाई परिस्थितियों और विद्यालयों के उपलब्ध संसाधनों का भी ध्यान रखा जाए। भाषा सीखने का उद्देश्य संवाद व समझ का विस्तार होना चाहिए, केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं। यह भी समझना जरूरी है कि मातृभाषा को महत्त्व देने का अर्थ अंग्रेजी या किसी अन्य भाषा के महत्त्व को कम करना नहीं है। आज उच्च शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और वैश्विक रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी सहित अनेक भाषाओं का ज्ञान उपयोगी है। आवश्यकता किसी एक भाषा को दूसरी भाषा का प्रतिस्पर्धी बनाने की नहीं, बल्कि उनके बीच संतुलन स्थापित करने की है। बच्चे की बुनियादी शिक्षा उस भाषा में मजबूत होनी चाहिए, जिसे वह सहजता से समझता है ।

मातृभाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए केवल नीतिगत घोषणाएं पर्याप्त नहीं होंगी। इसके लिए अच्छी पाठ्यपुस्तकों, प्रशिक्षित शिक्षकों, वैज्ञानिक शब्दावली, डिजिटल सामग्री और स्थानीय भाषाओं में उपयोगी शैक्षणिक संसाधनों का विकास आवश्यक है। साथ ही अभिभावकों को भी यह समझना होगा कि किसी बच्चे की प्रतिभा का मूल्यांकन केवल उसके अंग्रेजी बोलने की क्षमता से नहीं किया जा सकता। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बच्चे को केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उसे स्वतंत्र रूप से सोचने, प्रश्न पूछने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने योग्य बनाना है। मातृभाषा इस उद्देश्य तक पहुंचने का सबसे सहज मार्ग हो सकती है। अगर विद्यालय बच्चों की अपनी भाषा को सम्मान देते हुए उन्हें अन्य भाषाओं से भी परिचित कराएं, तो शिक्षा अधिक समावेशी, प्रभावी और जीवन से जुड़ी बन सकती है। भाषा जब सीखने की बाधा नहीं, बल्कि ज्ञान तक पहुंचने का पुल बनती है, तभी शिक्षा अपने वास्तविक अर्थ को हासिल करती है।

## दुनिया मेरे आगे

# साधारण ही सुंदर

**अविनाश जोशी**

हम अक्सर सुंदरता की परिभाषा बड़ी चीजों, असाधारण चिह्नों और भव्य दृश्यों से जोड़ लेते हैं। चमकीली रोशनी से सजी इमारतें, महंगे पोशाक-परिधान और सोशल मीडिया पर खूब प्रचारित होने वाली तस्वीरें- ये सभी मन में सुंदरता का एक विशेष और ऊंचा मानक स्थापित कर देते हैं। मगर हम ध्यान से देखें तो जीवन की सबसे ठोस, स्थायी और दिल को छू लेने वाली सुंदरता अक्सर साधारण, सामान्य और रोजमर्रा की चीजों में छिपी होती है। साधारण के भीतर छिपा यह सौंदर्य न सिर्फ दिखता है, बल्कि महसूस भी होता है। यह हमें ज्यों का त्यों रहने और सरलता में आनंद लेने की प्रेरणा देता है।

यह समझना जरूरी है कि 'साधारण' का अर्थ दुर्बल या निम्न नहीं होता। साधारण का तात्पर्य है सरलता, अप्रतिष्ठा और स्वाभाविकता- ऐसी चीजें जो बेझिझक, बिना सजावट के और वास्तविक रूप में मौजूद रहती हैं। एक खेत में खड़ी सरसों की पीली लहर, आम के बाग में मौसम का मीठा फल या एक बरसाती सड़क पर चलती साइकिल- ये तमाम दृश्य किसी भी समय हमें सहजता से आनंद दे सकते हैं। इनके सामने चमक-दमक की आभा अस्थायी और सतही लगती है, क्योंकि साधारण चीजों का आकर्षण सच्चाई और अनुराग से जुड़ा होता है, न कि दिखावे से।

साधारणता की सुंदरता का एक बड़ा कारण उसकी प्रामाणिकता है। जब कोई वस्तु या अनुभव सजावट, दिखावे या बनावटीपन से मुक्त होता है, तब वह अपनी असली पहचान प्रकट करता है। प्रामाणिकता का अर्थ है कि चीजें जैसे हैं, वैसी ही स्वीकार की जाएं। यह स्वीकार्यता हमें गहरा संतोष देती है। साधारण रिश्ते, जो दिखावे के बजाय समझदारी, भरोसे और साधारण सहायक भावों पर टिकी हों, वे अक्सर सबसे मजबूत व टिकाऊ होते हैं। हर सफल दोस्ती या पारिवारिक संबंध के पीछे रोजमर्रा की छोटी-छोटी परवाह व साझा किए गए अनुभव होते हैं, जो दिखने में साधारण पर व्यवहार में गहरे होते हैं।

सदियों से भारतीय संस्कृति में साधारणता की महत्ता पर जोर दिया गया है। हमारे ऋषि-मुनि, संत और साधु साधारण जीवन को अहम मानते रहे हैं, क्योंकि वे जानते थे कि कम चीजों के साथ जीना मन के लिए शांति का मार्ग खोलता है। अधिक की लालसा मन को बेचैन कर देती है, जबकि साधारणता में संतोष और आत्मसंतुष्टि होती है। लोक जीवन की कला, हस्तशिल्प और ग्रामीण संस्कृति में भी यही सौंदर्य निहित है। हाथों से बनी मिट्टी के बर्तन, बुनकरों के कपड़े, गांव की सादगी- ये सब हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और अस्तित्व के अर्थ की याद दिलाते हैं।

जब हम सरल जीवन अपनाते हैं, कम वस्तुओं का उपभोग, स्थायी और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करते हैं, तो हम पर्यावरण पर दबाव कम करते हैं। बड़े पैमाने पर उत्पादन और भोग-विलास ने न केवल प्राकृतिक संसाधनों को खत्म किया है, बल्कि मानसिक असंतोष और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाई है। साधारण जीवनशैली अपनाने से हम संसाधनों का सम्मान करते हुए संतुलन बनाए रख सकते हैं। इसके अलावा, साधारणता का अर्थ सामाजिक समानता को भी बढ़ावा देना हो सकता है। जब हम दिखावे के बजाय गुणवत्ता और संबंधों को महत्त्व दें, तो समाज में दिखावे के कारण बनने वाले विभाजन कम होते हैं।

व्यक्तिगत जीवन में साधारणता अपनाने का अर्थ केवल भौतिक वस्तुओं की कटौती नहीं है, बल्कि मानसिक सरलीकरण भी है। आज हम अनेक अपेक्षाओं, योजनाओं व तनावों से घिरे रहते हैं। साधारण जीवन का अभ्यास दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव, अनावश्यक शोर को कम करना, प्राथमिकताओं का फिर से मूल्यांकन हमें मन की स्पष्टता देता है। सुबह की थोड़ी सैर, मोबाइल का समय सीमित करना और भोजन के समय पूरी तरह उपस्थित रहना- ये कदम भी जीवन की गुणवत्ता बदल देते हैं। जब मन शांत होता है, तब हम आसपास की साधारण सुंदरताओं को भी अधिक गहराई से देख पाते हैं।

फिर भी, साधारणता का अर्थ आत्म-परित्याग नहीं है। यह तर्कसंगत ढंग से चुनने और उन चीजों को बनाए रखने का तरीका है, जो खुशी और अर्थ देती हैं। हर दिन कुछ मिनट निकालकर उन चीजों के लिए धन्यवाद करना, जैसे निरोग होना, परिवार की हंसी और प्रकृति की उपस्थिति हमें यह याद दिलाती है कि जीवन की असल खुशियां दिखावे से नहीं, बल्कि अनुभवों और रिश्तों से आती हैं। आभार का अभ्यास दृष्टिकोण को बदल देता है। वही दिन, जो पहले बेमायने थे, साधारणता की दृष्टि से समृद्ध और सुंदर लगने लगता है। हमारे समाज में आधुनिकता और पारंपरिकता के बीच एक संतुलन बनाना आवश्यक है। आधुनिक सुविधाएं और विज्ञान हमारी जिंदगी को सरल और सुविधाजनक बना सकते हैं, मगर उन सुविधाओं का उपयोग तभी सार्थक है, जब हम उन्हें साधारण जीवन के सिद्धांतों के साथ जोड़ते हैं।

> **आधुनिक सुविधाएं और विज्ञान हमारी जिंदगी को सरल और सुविधाजनक बना सकते हैं, मगर उन सुविधाओं का उपयोग तभी सार्थक है, जब हम उन्हें साधारण जीवन के सिद्धांतों से जोड़ते हैं। तकनीक व साधारणता बेहतर जीवन का आधार बन सकते हैं। 'जो साधारण है वही सुंदर है'- यह विचार हमें सच्चाई की ओर ले जाता है।**

तकनीक और साधारणता विरोधी नहीं हैं। वे मिलकर बेहतर जीवन का आधार बन सकते हैं। 'जो साधारण है वही सुंदर है'- यह विचार हमें एक गहरी मानवीय सच्चाई की ओर ले जाता है कि वास्तविक खुशी और सुंदरता बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि अंदरूनी शांति, ईमानदारी और संबंधों की सरलता में है। साधारण होना हमें जीवन की असली परतों से जुड़ने का अवसर देता है। रिश्तों की गर्माहट, प्रकृति की सहजता, और स्वयं के प्रति सच्चाई। जब हम साधारण को अपनाते हैं, तब हमारे देखने का ढंग बदल जाता है। छोटे-छोटे पल भी उत्सव बन जाते हैं और जीवन का हर क्षण पूर्णता से भरपूर दिखता है। यही साधारणता की परम स्वतः स्फूर्त सुंदरता है- स्थायी, सहज और सबके लिए सुलभ।

## व्यवस्था की विफलता

'जल प्रबंधन की कमी से उपजा संकट' (आलेख, 13 अगस्त) पढ़ा। भारत में हर मानसून में एक साथ उभरने वाली दो तस्वीरें- एक ओर उफनती नदियां और बाढ़ का तांडव, तो दूसरी ओर बूंद-बूंद तरसते क्षेत्र, यह स्पष्ट करती हैं कि हमारी असल चुनौती प्रकृति की कृपणता नहीं, बल्कि हमारी व्यवस्था और प्रबंधन की विफलता है। स्वच्छ पेयजल केवल बुनियादी सुविधा या उपभोग की वस्तु नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि सक्षम वर्ग शुद्ध जल खरीदेगा और वंचित वर्ग दूषित पानी पीने को विवश होगा, तो सामाजिक न्याय और समानता का संवैधानिक आदर्श अधूरा ही रह जाएगा। जोहड़, बावड़ी और कुएं केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वे सामुदायिक सहभागिता और जल संरक्षण की उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रणालियां हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान को फिर से जीवित किया जाए और जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जाए।

*– मनोज वशिष्ठ, रेवाड़ी*

## नागरिकों का दायित्व

स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, वह सिर्फ राजनीतिक रूप से आजाद नहीं, बल्कि ऐसा राष्ट्र था जहां हर नागरिक को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने का अधिकार मिले। आज भारत समय के साथ तेजी से तरक्की कर रहा है। विज्ञान, तकनीक, डिजिटल क्षेत्र, अंतरिक्ष और उद्योगों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। दुनिया भारत को एक उभरती हुई शक्ति के रूप में देख रही है, लेकिन किसी भी देश की वास्तविक प्रगति केवल बड़ी इमारतों और आधुनिक तकनीक से नहीं होती। असली विकास तब होता है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सम्मान पहुंचता है। सोशल मीडिया के दौर में गलत सूचना, नफरत व अफवाहें समाज को कमजोर कर सकती हैं। इसलिए युवाओं को जागरूक नागरिक बन कर सत्य का साथ देना होगा। हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि देश को बेहतर बनाने में हमारा योगदान क्या है।

*– रागिनी कुशवाहा, सिंगरौली*

## बंटवारे का दर्द

देश के बंटवारे के समय में बहुत से लोगों की जान चली गई। उसकी याद में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाने का फैसला किया गया था। 2021 में प्रधानमंत्री के इस फैसले पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। हालांकि पाकिस्तान ने इसका विरोध किया। बंटवारे के समय पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ जो बर्बरता हुई थी, उसके बारे जब भी फिल्मों में दिखाया जाता है, किताबों में पढ़ा जाता है या फिर मीडिया में इसके बारे बताया जाता है, तो यह पढ़-सुन कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दुनिया के हर धर्म के लोगों को याद रखना चाहिए कि मजहब आपस में बैर रखना नहीं सिखाता। अगर नफरत करनी है, तो गलत कामों व विचारों से करें। समाज के बुद्धिजीवियों, धर्म गुरुओं को हर समाज-समुदाय की छवि को सुधारने के लिए आगे आना चाहिए। सभी नागरिकों को धर्म की कट्टरता का असली मतलब इंसानियत और परोपकार बताना चाहिए।

*– राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

## उपेक्षित बुजुर्ग

मुंबई के एक कपड़ा व्यापारी की हरियाणा के सोनीपत में वृद्ध आश्रम में मौत हो गई। दो साल पहले यहीं पर उनकी पत्नी ने भी अंतिम सांसें ली थीं। पिछले दिनों आश्रम कर्मियों ने बुजुर्ग कारोबारी की मौत की जानकारी उनकी तीनों बेटियों को दी। मगर सभी ने दूरी और और समय का बहाना बना कर अंतिम संस्कार में आने से मना कर दिया। हद तो तब हो गई, जब चिता को अग्नि दी जा रही थी और फोन पर बेटी पूछ रही थी कि अभी और कितना समय लगेगा? बताया गया कि अग्नि दे दी गई है, दस-पंद्रह मिनट में प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस पर बेटी ने कहा, सारा काम अच्छे से हो गया न, मुझे सारी वीडियो भेज देना। फिर अंतिम संस्कार के लिए रुपए भेज कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। औलाद को पालने में माता-पिता अपना पूरा जीवन झोंक देते हैं। उनकी इस कदर उपेक्षा के लिए समाज भी जिम्मेदार है।

*– अरविंद जैन 'बीमा', उज्जैन*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

# धर्म दीक्षा



जनसत्ता | 17 अगस्त 2026


**व्रत त्योहार**

*17 अगस्त : नाग पंचमी और सिंह संक्रांति*
*23 अगस्त : श्रावण पुत्रदा एकादशी व्रत*
*25 अगस्त : भौम प्रदोष व्रत*
*26 अगस्त : ओणम (दक्षिण भारतीय त्योहार)*
*28 अगस्त : रक्षाबंधन (श्रावण पूर्णिमा), वरलक्ष्मी व्रत*
*31 अगस्त : कजरी तीज (कज्जली तृतीया)*





# उन्नति के लिए सकारात्मक नजरिया रखना आवश्यक

जनसत्ता धर्म दीक्षा

गीता के अध्याय दस का नाम 'विभूतियोग' है। इस अध्याय में कृष्ण कर्म योग और ज्ञान योग के बीच संबंध को और स्पष्ट करते हैं। कृष्ण कहते हैं जो लोग सच्ची लगन से कर्म करते हैं, वे ज्ञान योग की ओर बढ़ते हैं। यह अध्याय कहता है कि सृष्टि की हर सुंदर, शक्तिशाली, पवित्र और श्रेष्ठ वस्तु में दिव्य ऊर्जा (विभूति) वास करती है। आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ व्यक्ति ज्ञानशील कर्म से साधारण चीजों में भी, जैसे फूल या पत्ती में, दिव्यता को देखने की संवेदनशीलता प्राप्त करता है। आज के हमारे दैनंदिन जीवन को बेहतर बनाने के लिए इस अध्याय में कई सूत्र छिपे हैं। मानसिक शांति व आत्मिक उन्नति के लिए सकारात्मक नजरिया आवश्यक है।

आज हम अक्सर नकारात्मक चीजों, ईर्ष्या और तनाव से घिरे रहते हैं। कृष्ण सीख देते हैं कि हम अपने जीवन और समाज में बुराइयों को ढूंढने के बजाय अच्छाइयों, सुंदरता और सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित करें। आज की दुनिया में लोग बाहरी सुख-सुविधाओं के बाद भी अंदर से अकेले और तनावग्रस्त हैं। सोशल मीडिया पर सतही और नकारात्मक चीजों को देखने के बजाय, जब हम परिवार या दोस्तों के साथ किसी गहरे, आध्यात्मिक या सकारात्मक विषय पर बात करते हैं, तो मानसिक शांति मिलती है। अहंकार से मुक्ति पाने का प्रयास करें। लोगों को पैसा, पद, प्रसिद्धि के मद में बहुत जल्दी अहंकार आ जाता है। अहंकार जीवन में विनाश लेकर आता है। हमारी सफलता, ताकत या संपत्ति स्थाई नहीं है और न ही वह पूरी तरह हमारी है। यह समझ हमें जमीन से जुड़े रहने और विनम्र बने में मदद करती है, जिससे असफलता मिलने पर इंसान टूटता नहीं है। इस अध्याय में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश है। कृष्ण ने खुद को वृक्षों में पीपल, पर्वतों में हिमालय, जल स्रोतों में महासागर कहा है। जब हम प्रकृति के हर कण (पेड़, पहाड़, नदी, जानवरों) में ईश्वर का वास देखेंगे, तो हम प्रकृति का शोषण बंद करेंगे और पर्यावरण की रक्षा करेंगे। जलवायु परिवर्तन के चलते पर्यावरण संकट के इस दौर में यह संदेश हमें याद दिलाता है कि प्रकृति का शोषण करना ईश्वर का अपमान करने जैसा है। प्रकृति की रक्षा करना हमारा आध्यात्मिक कर्तव्य है।

हर मनुष्य के प्रति समानता का भाव रखना इस अध्याय का खास संदेश है। आज भी समाज में जाति, धर्म, रंग और लिंग के नाम पर बहुत भेदभाव है। यह संदेश हमें सिखाता है कि हर व्यक्ति के भीतर एक दिव्य ऊर्जा है। इसलिए, हमें हर इंसान के साथ सम्मान और समानता का व्यवहार करना चाहिए, जो आज की वैश्विक एकता के लिए जरूरी है। हर व्यक्ति और कला में प्रतिभा का सम्मान जरूरी है। आज की डिजिटल दुनिया में हमारा ध्यान बहुत जल्दी भटक जाता है। सोशल मीडिया और सूचनाओं की बाढ़ ने इंसान को भ्रमित कर दिया है। इसलिए जब इस अध्याय में कृष्ण कहते हैं कि पूरी सृष्टि मेरे एक छोटे से अंश में टिकी है। यानी बहुत सारी चीजों के पीछे भागने के बजाय, अपने भीतर छिपे मुख्य लक्ष्य पर ध्यान लगाएं। जब आप केंद्र से जुड़ जाते हैं, तो बाहरी भटकाव खत्म हो जाता है। चाहे कोई बेहतरीन कोडिंग कर रहा हो, कोई शानदार पेंटिंग बना रहा हो, या कोई बेहतरीन नेतृत्व दिखा रहा हो, उस विशेष हुनर को ईश्वर का उपहार मानकर उसका सम्मान करना चाहिए, न कि उससे ईर्ष्या करनी चाहिए। विभूति योग हमें सकारात्मक दृष्टिकोण सिखाता है।

यह हमें सिखाता है कि हम दुनिया की बुराइयों को देखने के बजाय, हर अच्छी चीज अच्छे इंसान और प्रकृति की सुंदरता में ईश्वर की सकारात्मक ऊर्जा को देखें और खुश रहें। कृष्ण कहते हैं कि ब्रह्म, ईश्वर, संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त है और अपनी निर्मल महिमा में उससे परे भी विद्यमान है। संपूर्ण ब्रह्मांड ब्रह्म के असीम विस्तार का एक निष्कपट, महत्वहीन अंश मात्र है। तुम वही ब्रह्म हो। ब्रह्मांड से ऊपर उठो और अपनी परम महानता को जानो।

## गीता सार : अध्याय 10 का संदेश



*आज* हम अक्सर नकारात्मक चीजों, ईर्ष्या और तनाव से घिरे रहते हैं। कृष्ण सीख देते हैं कि हम अपने जीवन और समाज में बुराइयों को ढूंढने के बजाय अच्छाइयों, सुंदरता और सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित करें। आज की दुनिया में लोग बाहरी सुख-सुविधाओं के बाद भी अंदर से अकेले और तनावग्रस्त हैं। सोशल मीडिया पर सतही और नकारात्मक चीजों को देखने के बजाय, जब हम परिवार या दोस्तों के साथ किसी गहरे, आध्यात्मिक या सकारात्मक विषय पर बात करते हैं, तो मानसिक शांति मिलती है।

# मंडी के बाबा भूतनाथ मंदिर का ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व

प्रत्यूष शर्मा

राजा अजबर सेन ने 1527 में मंडी कस्बे की स्थापना की और बाबा भूतनाथ के विशालकाय मंदिर का निर्माण वास्तुकला की शिखर शैली में करवाया और इसके साथ-साथ शिवोत्सव भी मनाया। मंडी शिवरात्रि में शैव मत का प्रतिनिधित्व शहर के अधिष्ठदाता बाबा भूतनाथ करते हैं। मंडी शहर के मध्य बनाए गए इस मंदिर की समूची संरचना में गर्भगृह, सभा मंडप और अर्द्ध मंडप देखे जा सकते हैं। सभा मंडप के बीच एक हवनकुंड है। यहां पहाड़ी शैली के देव मंदिरों की भांति बड़ा ढोल लटका हुआ है। मंडप से आगे गर्भगृह है। शिखर पर मध्य में ब्रह्मा, विष्णु, महेश की प्रतिमा है। मंदिर के प्रांगण में लगभग आधा मीटर ऊंचे अधिष्ठान पर नंदी गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग की ओर उन्मुख हैं।

जब भी हम कहीं भी महादेव के मंदिर में जाते हैं, तो हमारी नजर शिवलिंग से पहले नंदी पर पड़ती है। यानी भोलेनाथ से पहले भक्त नंदी के दर्शन करते हैं। ये भी मान्यता है अगर हम नंदी बैल के कानों में अपनी मन्नत बोलते हैं, तो वो मनोकामना जल्दी ही पूरी हो जाती है। हिंदू धर्म में, नंदी या नंदीश्वर भगवान शिव के निवास कैलाश के द्वारपाल हैं। पुराणों के अनुसार वे शिव के वाहन तथा अवतार भी हैं जिन्हें नंदी बैल के रूप में शिवमंदिरों में प्रतिष्ठित किया जाता है। नंदी को शक्ति-संपन्नता और कर्मठता का प्रतीक माना जाता है। पिछले सप्ताह छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ के दर्शन करने गया था और वहां पर पंडित से मेरा मिलना हुआ, तो मैंने उनसे पूछा कि यह जो नंदी महाराज की पूंछ पर लटकी हुई एक आकृति बनी है, वह क्या बताती है ? तो उन्होंने बताया कि यह एक जीव है जो यह बताता है कि हम सब सदमार्ग पर चल के अच्छे कर्म करके ही भगवान तक पहुंच सकते हैं। यह पूंछ पकड़कर खड़े हैं ताकि नंदी महाराज के दिखाए रास्ते पर चल सकें, क्योंकि नंदी महाराज भगवान शिव के द्वारपालक होते हैं, अर्थात नंदी महाराज बाहर खड़े होते हैं और भगवान शिव अंदर मंदिर में विराजमान हैं। भगवान तक पहुंचने का रास्ता नंदी महाराज से होकर जाता है। अच्छे कर्म से ही भगवान तक पहुंचा जा सकता है। नंदी महाराज की पूंछ पर लटका हुआ जीव हमें यही प्रेरणा देता है।

मान्यता है कि प्राचीन समय में पुरानी मंडी के एक ग्वाले की गाय हर दिन नदी पार करके जंगल में घास चरने आती थी और शाम को वापस घर लौटती थी। यह गाय भूतनाथ मंदिर के पास खड़ी हो जाती थी। उसके थनों से अपने आप ही दूध की धारा निकलने लगती थी। धीरे-धीरे यह खबर लोगों के बीच फैल गई। इस दौरान राजा अजबर सेन को सपने में भगवान शिव ने दर्शन दिए और बताया कि जिस स्थान पर गाय के थनों से दूध बहता है, वहां एक शिवलिंग है। भगवान शिव ने सपने में राजा अजबर सेन से उस स्थान पर मंदिर बनाकर उसे भूतनाथ का नाम देने के लिए कहा। इसके बाद राजा अजबर सेन ने जाकर देखा तो वहां सचमुच एक शिवलिंग स्थापित मिला। इसके बाद राजा अजबर सेन ने इस स्थान पर शिखर शैली से इस भूतनाथ मंदिर का निर्माण करवाया। हिंदू धर्म में सावन महीने का बहुत ज्यादा महत्व होता है। सावन हिंदू पंचांग का पांचवां महीना होता है। ये महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। यह महीना शिव भक्तों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। शास्त्रों के अनुसार, इस महीने में जो लोग भगवान शिव की श्रद्धा- भक्ति के साथ पूजा करते हैं उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। इस महीने में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा होती है। शिवभक्त सावन के महीने में भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए सोमवार का व्रत रखते हैं।

सावन के व्रत रखने से सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं और जीवन में सुख समृद्धि आ जाती है। इस बार सावन महीने का पहला सोमवार 3 अगस्त , दूसरा 10 अगस्त, तीसरा 17 अगस्त और चौथा 24 अगस्त 2026 होना है। सावन सोमवार के दिन सवेरे तड़के नहाई और घर के नजदीक मंदिरों में जाकर दीप प्रज्ज्वलित करना चाहिए, उसके बाद शिव मंदिर में शिवलिंग पर गंगा जल और दूध और धतूरा, बेलपत्र, पुष्प, गन्ना आदि अर्पित करना चाहिए, इसके साथ ही भगवान की प्रिय चीजों को भोग लगाना चाहिए। शिव आरती और शिव चालीसा, शिवजी भगवान जी के 108 नामों के और ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करना चाहिए।

## आस्था



## परंपरा



कोच्चि के त्रिपुनिथुरा में रविवार को पारंपरिक वेशभूषा पहने कलाकार अथाचमयम जुलूस के दौरान प्रस्तुति देते हुए। यह जुलूस ओणम त्योहार के शुरुआत का प्रतीक है।

# क्यों होती है असुरक्षा की भावना

रोहित कौशिक

हमारी जिंदगी हमेशा सीधी नहीं चलती। जिंदगी में कई तरह के मोड़ आते हैं। जिंदगी हमेशा समतल रास्ते पर चलती रहे, यह संभव भी नहीं है। इसलिए जिंदगी के सफर में कभी-कभी ऊबड़-खाबड़ रास्ते भी आते हैं। जब तक हमारी जिंदगी समतल रास्ते पर चलती रहती है, तब तक हमारे अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास रहता है और हम स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। लेकिन ज्यों ही जिंदगी में ऊबड़-खाबड़ रास्ते आते हैं, हमारा आत्मविश्वास डगमगाने लगाते हैं और हम असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। यह भावना कई बार हमारे जीवन को हिला कर रख देती है। दरअसल हमारे अंदर असुरक्षा की भावना जन्मजात होती है। इंसान ही नहीं बल्कि अन्य जीव-जंतुओं में भी प्रबल रूप से असुरक्षा की भावना होती है।

दरअसल, सुरक्षा और असुरक्षा की भावना हमारे मन में ज्यादा होती है। जब मन में इस तरह के विचार चलते हैं तो कई किन्तु-परंतु जन्म लेते हैं। कई बार इस तरह के किन्तु-परंतु व्यावहारिकता से बहुत दूर होते हैं। मन में जब विचारों की शृंखला चलती है तो असुरक्षा की भावना और प्रबल होती जाती है। हम इस शृंखला को जितना रोकने की कोशिश करते हैं, यह उतनी ही ज्यादा आगे बढ़ती रहती है। यही कारण है कि हम ताउम्र असुरक्षा महसूस करते रहते हैं। जब तक परिस्थितियां ठीक रहती हैं, हमें अपना सुरक्षा कवच मजबूत नजर आता है लेकिन विपरीत परिस्थितियों में हमारा सुरक्षा कवच टूटता हुआ नजर आता है। क्या हमारा सुरक्षा कवच इतना कमजोर होता है कि वह विपरीत हवा का झोंका भी न सह सके? सवाल यह है कि क्या वास्तव में कोई सुरक्षा कवच होता भी है या फिर हम अपने मन से ही यह मान लेते हैं कि हमारे चारों तरफ एक सुरक्षा कवच है। अगर व्यावहारिक रूप से देखें तो सुरक्षा कवच नाम की कोई चीज नहीं होती है।

हालांकि हमारा अवचेतन मस्तिष्क स्वयं ही सुरक्षा कवच नाम की चीज गढ़ लेता है। अगर हमारी जिंदगी में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा होता है तो अवचेतन मस्तिष्क को महसूस होता है कि हमारे चारों तरफ एक सुरक्षा कवच है। इसके विपरीत यदि हमारी जिंदगी में किसी तरह की कोई समस्या होती है तो अवचेतन मस्तिष्क को महसूस होता है कि हमारा सुरक्षा कवच टूट गया है। इस प्रक्रिया का वास्तविक जिंदगी से कोई संबंध नहीं है। यह सब अवचेतन मस्तिष्क की उपज होती है। जब हमारे दिमाग में इस तरह के विचार आते हैं तो हम इन्हें ही जिंदगी की वास्तविकता मान लेते हैं। हालांकि सुरक्षा कवच को लेकर हर इंसान की अपनी अलग मानसिकता और समझ होती है। इसके बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि हमारे अंदर एक असुरक्षा की भावना तो हर समय मौजूद रहती ही है। जब हमारे सितारे बुलंद होते हैं तो यह असुरक्षा की भावना दब जाती है लेकिन जब हमारे सितारे गर्दिश में होते हैं तो असुरक्षा की भावना उभर आती है।

क्या इंसान के अंदर असुरक्षा की भावना होना गलत है? इस भावना को गलत तो नहीं कहा जा सकता। हमारे अंदर दो विपरीत भाव कुछ अंतराल पर पैदा होते ही रहते हैं। यह एक सामान्य बात है। कभी हमारे अंदर आशा का भाव रहता है तो कभी निराशा का भाव। कभी हम बहुत खुश रहते हैं तो कभी दुखी भी रहते हैं। इसी तरह हमारे अंदर कभी सुरक्षा की भावना रहती है तो कभी असुरक्षा की भावना रहती है। जिंदगी में दो विपरीत भाव पैदा होना प्राकृतिक ही है। समस्या तब होती है जब हम किसी एक भाव के चक्रव्यूह में इतना फंस जाते हैं कि कुछ सोच ही नहीं पाते हैं। इसका अर्थ यह है कि यदि हमारे दिमाग पर सुरक्षा की भावना हावी हो जाती है तो एक अहंकार पैदा होता है। यह अहंकार हमें वास्तविक जीवन से दूर कर देता है। इसी तरह यदि हमारे दिमाग पर असुरक्षा की भावना हावी हो जाती है तो हमारा मनोबल इतना गिर जाता है कि हम अवसाद की स्थिति तक पहुंच जाते हैं। दरअसल हमारे अंदर सुरक्षा या फिर असुरक्षा की भावना पैदा होना कोई समस्या नहीं है। समस्या है ऐसी किसी भी भावना का हमारे दिमाग पर हावी होना। हमें यह समझना चाहिए कि हमारी जिंदगी में कोई भी एक भाव हमेशा नहीं रहता है। इन भावों को हम जितना सहज रूप से लेंगे, हमारी जिंदगी उतनी ही आसान हो जाएगी।

## जीवन-जगत



*हमारे* अंदर असुरक्षा की भावना जन्मजात होती है। इंसान ही नहीं बल्कि अन्य जीव-जंतुओं में भी प्रबल रूप से असुरक्षा की भावना होती है।

# सृष्टि का मूल आधार है विचार, लेकिन इसमें हो शुद्धता

योगेंद्र माथुर

हमारे मनोमस्तिष्क में विचारों की एक शृंखला सतत चलती रहती है। किसी भी व्यक्ति के लिए ऐसा कोई समय न होता होगा जब उसके मस्तिष्क में कोई विचार जन्म न ले। यह विचार अच्छा भी हो सकता है और बुरा भी। दरअसल, विचार ब्रह्मतत्व है। किसी व्यक्ति के मस्तिष्क में जब कोई विचार जन्म लेता है तब वही विचार दुनिया में कई अन्य के मस्तिष्क में भी जन्म लेता है। विचारों का यह प्रवाह यहां से वहां सतत तब तक चलता रहता है जब तक कि वह कार्य रूप में परिणित नहीं हो जाता या उसका निष्पादन नहीं हो जाता। आत्मा की तरह ही विचार भी अमर है। हमारा पंचतत्व से बना यह नश्वर शरीर भले ही दोबारा पंचतत्व में विलीन हो जाए लेकिन हमारे विचार सदैव जीवित रहते हैं। विचारों में जीवन होता है, चेतना होती है, ऊर्जा होती है और स्पंदन होता है।

हमारे ऋषि मुनियों, योगी तपस्वियों और महापुरुषों के विचार अब भी जीवित हैं। हम उनकी ऊर्जा व स्पंदन को अनुभव कर सकते हैं। उन्हें हम ग्रहण कर सकते हैं, आत्मसात कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए हमारे विचारों में शुद्धता, पवित्रता व उत्कृष्टता होना अत्यंत आवश्यक है। अंतःकरण हमारा शुद्ध है, पवित्र है तो उनके विचार स्वयमेव हमारी ओर आकर्षित हो सकते हैं। विचारों की शुद्धता से तात्पर्य है, प्रेम, दया, करुणा, संयम व शील से ओतप्रोत विचार। पवित्र विचार से तात्पर्य वासना व विकारों से मुक्त विचार है।

सृष्टि का मूल आधार विचार है। दुनिया के सभी आविष्कारों का मूल कोई विचार ही रहा है। दुनिया की तमाम क्रांतियों का जन्म भी विचारों से ही हुआ है। विचारों में चमत्कार करने की शक्ति और सामर्थ्य होता है। सृजन-विसर्जन, निर्माण-विध्वंस, उत्थान-पतन, जय-पराजय, उद्भव-पराभव, सब कुछ विचारों में ही निहित है। हमारे मस्तिष्क में किसी प्रकार का कोई विचार आया और हमने उसे आकार नहीं दिया या कार्य रूप में परिणित नहीं किया तो निश्चित मानिए वही विचार किसी अन्य के मस्तिष्क का दरवाजा खटखटाएगा, अपने निष्पादन के लिए। हमारे मस्तिष्क में अच्छे-बुरे दोनों प्रकार के विचार जन्म लेते हैं। हमें किस विचार को आकार देना है और किस विचार का विखंडन करना है या उसे बगैर कार्य रूप में परिणित किए त्याग देना है, यह तय करने के लिए हमें अपनी बुद्धि व विवेक का आश्रय लेना होता है। इनके द्वारा ही हम अच्छे-बुरे का निर्णय कर सकते हैं।

सनातन धर्म में मस्तिष्क में सद विचारों का प्रवाह बढ़ाने और बुरे विचारों से बचने या उनके विखंडन के लिए कई मार्ग बताए गए हैं। ध्यान, योग, प्रार्थना, सत्संग आदि के द्वारा बुरे विचारों का विखंडन किया जा सकता है। आहार-विहार भी हमारे विचारों को प्रभावित करते हैं। आहार की शुद्धता, सात्विकता और पवित्रता पर इसीलिए जोर दिया गया है। धर्म यात्रा, तीर्थाटन या देवालयों की यात्रा भी विचारों की पुष्टि के लिए ही की जाती है। मंदिरों में या घरों में आरती-पूजन के समय घंटी इसीलिए बजाई जाती है कि उसकी मधुर ध्वनि के कंपन या तरंग के द्वारा हमारे मस्तिष्क के बुरे विचारों का विखंडन हो जाए और हम अपना ध्यान केंद्रित कर सकें, ईश्वर से तादात्म्य स्थापित कर सकें। शंख, झांझ-मंजीरे, करताल आदि के पीछे भी यही ध्वनि विज्ञान काम करता है। ध्यान योग के द्वारा हम विचार शून्य हो सकते हैं।

## विचार



*दुनिया* के सभी आविष्कारों का मूल कोई विचार ही रहा है। दुनिया की तमाम क्रांतियों का जन्म भी विचारों से ही हुआ है। विचारों में चमत्कार करने की शक्ति और सामर्थ्य होता है। हमारे ऋषि मुनियों, योगी तपस्वियों और महापुरुषों के विचार अब भी जीवित हैं। हम उनकी ऊर्जा व स्पंदन को अनुभव कर सकते हैं। उन्हें हम ग्रहण कर सकते हैं, आत्मसात कर सकते हैं।

*आत्मा* की तरह ही विचार भी अमर है। हमारा पंचतत्व से बना यह नश्वर शरीर भले ही दोबारा पंचतत्व में विलीन हो जाए लेकिन हमारे विचार सदैव जीवित रहते हैं। विचारों में जीवन होता है, चेतना होती है, ऊर्जा होती है और स्पंदन होता है। विचारों की शुद्धता से तात्पर्य है, प्रेम, दया, करुणा, संयम व शील से ओतप्रोत विचार। पवित्र विचार से तात्पर्य वासना व विकारों से मुक्त विचार है।

# Lifetime Free Newspapers Access

## Editorials PDF

📍EnglishEditorialsPDF with International Newspapers Editorials [35-40pages]

📍 Hindi Editorials PDF

📍 Daily Vocabulary PDF

## Magazine Channel

National & International [Genaral & Exam related]

## International Newspapers

Newspapers around world. Asian, Europian & American

## Hindi Newspapers

1) दैनिक जागरण
2) जनसत्ता
3) हरिभूमि
4) हिंदुस्तान

## Indian Newspapers Channel

1. The Indian Express
2. The Hindu
3. Business Line
4. Financial Express
5. Times of India
6. Hindustan Times
7. Economic Times
8. Live Mint
9. Business Standard

